* ओड़िशा संस्करण
20 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 03

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,800 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 20 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in

रघुवर दास को राज्यपाल बनाने के पीछे हैं कई सियासी मायने

■ झारखंड के अपने गढ़ को दोबारा हासिल करना चाहती है भाजपा

■ ओबीसी समुदाय को दिया संदेश, पार्टी के भीतर उसका सम्मान है बरकरार

■ फ्री हैंड मिलने के बाद बाबूलाल मरांडी भी कर सकेंगे अपने तरीके से काम

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को ओड़िशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी इस अधिसूचना के बाद से झारखंड की सियासत में और विशेष कर भाजपा में नये किस्म की हलचल मची है। रघुवर दास को संवैधानिक पद पर नियुक्त करने के फैसले का अलग-अलग तरीके से विश्लेषण किया जा रहा है, लेकिन इस फैसले ने एक बात साफ कर दी है कि भाजपा झारखंड के अपने गढ़ को दोबारा हासिल करने के लिए बेहद गंभीर है। दो दिन पहले पार्टी ने अमर कुमार बाउरी के रूप में अनुसूचित जाति के एक नेता को विधायक दल का नेता नियुक्त किया था और जयप्रकाश भाई पटेल को पार्टी का सचेतक। इसके बाद से ही कयास लगाये जाने लगे थे कि आनेवाले दिनों में झारखंड को लेकर भाजपा कुछ और निर्णायक कदम उठा सकती है। रघुवर दास की राज्यपाल के रूप में नियुक्ति को भी ऐसे ही एक कदम के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, भाजपा आलाकमान ने रघुवर दास को राजभवन भेज कर एक साथ कई सियासी समीकरण साधने की कोशिश की है। उसने झारखंड भाजपा में व्याप्त गुटबाजी पर भी एक तरह से विराम लगा दिया है और बाबूलाल मरांडी को अपने तरीके से संगठन चलाने के लिए फ्री हैंड भी दे दिया है। पार्टी ने झारखंड के कद्दावर नेता अर्जुन मुंडा को केंद्र में मंत्री बना कर पहले भी उनकी भूमिका राज्य में सीमित कर दी थी। इस निर्णय से पार्टी ने रघुवर दास के ऊपर लगाये जा रहे तमाम आरोपों पर भी विराम लगा दिया है। रघुवर दास के खिलाफ हेमंत सरकार ने कुछ मामले भी दर्ज किये थे। उसकी जांच भी शुरू हो गयी थी। झामुमो बार-बार यह आरोप लगा रही थी कि इडी की कार्रवाई 2019 से पहले क्यों नहीं बढ़ रही है। सरयू राय भी बार-बार बयान दे रहे थे कि इडी की एक आंख में काजल और एक में सूरमा नहीं चलेगा। अब संवैधानिक पद पर नियुक्त हो जाने के बाद इन आरोपों से भी एक तरह से मुक्ति मिल गयी है। चूंकि रघुवर दास झारखंड में ओबीसी समुदाय का बड़ा चेहरा हैं और वह अपने आक्रामक रुख के कारण भी जाने जाते हैं। इस निर्णय से पार्टी आलाकमान ने ओबीसी समुदाय को एक बड़ा संदेश दिया है कि रघुवर दास का सम्मान उसकी नजर में बरकरार है। उसने कार्यकर्ताओं को भी एक बड़ा संदेश दिया है कि उसके यहां मामूली कार्यकर्ता को भी बराबर का सम्मान और अवसर मिलता है। रघुवर दास की नियुक्ति के पीछे के इन सकारात्मक मायनों के बावजूद एक बात यह भी है कि सक्रिय चुनावी राजनीति से उनकी इतनी जल्दी विदाई का अंदाजा किसी को नहीं था, शायद रघुवर दास को भी नहीं। इसीलिए कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। क्या हैं रघुवर दास की नियुक्ति के सियासी मायने और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

राकेश सिंह

कहा जाता है कि राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं होता और न ही कुछ पहले से निर्धारित होता है। कहने का आशय यह है कि राजनीति संयोगों और प्रयोगों का मिला-जुला स्वरूप ही है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में इस वक्त राजनीति का जो दौर चल रहा है, उसमें तो यह कथन पूरी तरह फिट बैठता है। खास कर उस पार्टी के लिए, जो 365 दिन और 24 घंटे चुनावी मोड में रहती है। वैसे तो सभी पार्टियां इसी मोड में रहती हैं, लेकिन भाजपा के लिए चुनावी मोड का मतलब जीतने की राजनीति है। इसलिए उसके हर फैसले के पीछे कुछ न कुछ सियासी मायने छिपे होते हैं।

अब रघुवर दास की ओड़िशा के राज्यपाल के रूप में नियुक्ति को ही देखा जाये। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री, आक्रामक तेवरवाले, अपनी खास कार्यशैली से अपनी एक अलग पहचान बनानेवाले, झारखंड में ओबीसी समुदाय का बड़ा चेहरा और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को ओड़िशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। पहली नजर में यह फैसला उनके समर्थकों को चौंकानेवाला है, क्योंकि रघुवर दास राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर रहते हुए भी झारखंड में राजनीतिक रूप से काफी सक्रिय थे और उनके समर्थकों की भी संख्या कम नहीं थी। इस निर्णय को पहली नजर में रघुवर दास के संवैधानिक कद को बढ़ानेवाला ही कहा जा सकता है, लेकिन यह सवाल महत्वपूर्ण है कि क्या वाकई ऐसा है। इसका उत्तर एकदम आसान है। एक सामान्य परिवार में पैदा होकर सबसे निचले स्तर से नौकरी और फिर राजनीति शुरू कर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और फिर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तक का सफर तय करनेवाले रघुवर दास को संवैधानिक प्रमुख का पद दिया जाना सम्मानजनक तो है, लेकिन सियासी नजरिये से यह फैसला कितना असरकारी है, यह देखना अभी बाकी है। इसके बावजूद इतना तय है कि रघुवर दास की राज्यपाल के रूप में नियुक्ति से भाजपा ने कई समीकरण साधे हैं।

झारखंड में खत्म हो गयी गुटबाजी

रघुवर दास को राजभवन भेज कर भाजपा आलाकमान ने झारखंड में पार्टी के भीतर व्याप्त गुटबाजी को भी एक तरह से खत्म कर दिया है। यह सर्वविदित है कि झारखंड भाजपा में तीन गुट सक्रिय थे। इन तीनों का नेतृत्व तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों के पास था। इनमें वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और रघुवर दास शामिल हैं। 2019 में अर्जुन मुंडा को केंद्र की राजनीति में लाकर पार्टी आलाकमान ने उनकी भूमिका केंद्र में समाहित कर एक गुट को शांत कर दिया था, लेकिन बाकी दो गुट अक्सर आमने-सामने हो जा रहे थे। अब रघुवर दास को झारखंड की सक्रिय चुनावी राजनीति से दूर कर दिया गया है, तो इसका सीधा मतलब यही है कि झारखंड की राजनीति में उनकी भूमिका खत्म हो गयी है। इससे भाजपा के भीतर की गुटबाजी भी खत्म हो गयी है।

बाबूलाल मरांडी को मिल गया फ्री हैंड

रघुवर दास की नियुक्ति के साथ अब प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को झारखंड में फ्री हैंड मिल गया है। करीब तीन महीने पहले जब बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था, तब रघुवर दास खेमे अंदर ही अंदर खुश नहीं था। इसके बाद भी यह खेमा लगातार सक्रिय दिख रहा था, जिसका असर बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के दौरान जमशेदपुर में दिख भी गया था। इससे बाबूलाल मरांडी को काम करने में दिक्कत हो रही थी। बातें सार्वजनिक भी होने लगीं। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को शायद यह समझ में आ गया कि झारखंड के गढ़ को दोबारा हासिल करने के लिए बाबूलाल मरांडी को फ्री हैंड देना जरूरी है। इसके लिए सबसे जरूरी रघुवर दास को उनके रास्ते से दूर करना होगा। इसका सबसे सरल उपाय उन्हें राजभवन भेजना ही हो सकता था। इससे रघुवर दास का सम्मान भी कम नहीं हुआ और वह सक्रिय राजनीति से अलग भी हो गये। केंद्रीय नेतृत्व ने बाबूलाल मरांडी को फ्री हैंड देकर बता दिया है कि अब पार्टी की वापसी की पूरी जिम्मेदारी उन पर ही है।

जमशेदपुर की राजनीति को नया मोड़

रघुवर दास की नियुक्ति के साथ भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व में जमशेदपुर की राजनीति को भी नया मोड़ दे दिया है। 2019 के विधानसभा चुनाव में जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय सरयू राय के हाथों पराजित होने के बाद रघुवर दास को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तो बनाया गया, लेकिन वह अपने इस चुनाव क्षेत्र में पूरी तरह सक्रिय थे। इसका असर जमशेदपुर की राजनीति पर भी खूब पड़ रहा था। सरयू राय के निशाने पर तो रघुवर दास थे ही, वह बार-बार रघुवर दास को लपेटे में ले रहे थे। उनके आरोपों के कारण भाजपा भी घिरती रहती थी। झामुमो भी रघुवर दास पर बार-बार आरोप लगा रहा था। हेमंत सरकार ने तो उनके खिलाफ कई मामलों में जांच भी शुरू कर दी थी। अब, जबकि रघुवर दास सीन से हट गये हैं, संवैधानिक पद पर चले गये हैं, इसलिए अब इस जांच का कोई अर्थ नहीं रह जायेगा। सरयू राय के हमले भी बंद होंगे और पार्टी में उनकी वापसी की संभावना भी बढ़ जायेगी। अगर सरयू राय की भाजपा में वापसी होती है, तो उसका असर जमशेदपुर पूर्वी सीट ही नहीं, जमशेदपुर पश्चिमी सीट पर भी पड़ेगा, जहां से अभी बन्ना गुप्ता विधायक हैं और हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री भी। सरयू राय की सवर्णों में पैठ है और बाहरी मतदाताओं पर भी वह असर रखते हैं, इसलिए कई और सीटों पर भी सकारात्मक असर पड़ सकता है। चूंकि अगला चुनाव काफी कांटेवाला होगा, इसमें एक-एक सीट की मारामारी होगी।

लेकिन ऐसी राजनीतिक विदाई की उम्मीद नहीं थी

रघुवर दास को राज्यपाल नियुक्त कर भाजपा ने तात्कालिक सियासी समीकरण तो साध लिया है, लेकिन झारखंड के लोगों को इस कद्दावर नेता की इस तरह एकाएक राजनीतिक विदाई की उम्मीद नहीं थी। रघुवर दास अभी सक्रिय चुनावी राजनीति से रिटायर होने के लायक नहीं हुए थे। उनकी राजनीतिक सक्रियता किसी से छिपी नहीं है। आक्रामक तेवर के कारण संगठन के भीतर भी रघुवर दास की अपनी अलग पहचान है। जातीय राजनीति में भी उनका कद बड़ा है और आज की तारीख में वह झारखंड ही नहीं, पूरे पूर्वी भारत में बड़े ओबीसी नेताओं में शुमार हैं। सक्रिय चुनावी राजनीति से उनकी इतनी जल्दी विदाई हो जायेगी, इसकी कल्पना शायद खुद रघुवर दास ने भी नहीं की होगी। उन्होंने आलाकमान के इस निर्णय को सहर्ष स्वीकार किया है और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति आभार जताया है। बहरहाल, रघुवर दास का संवैधानिक कद तो बहुत बढ़ा ही है, भाजपा ने एक अदना से कार्यकर्ता को राज्यपाल बना कर एक बार फिर साबित कर दिया है कि उसकी नजर में पार्टी के प्रति किसी भी कार्यकर्ता का योगदान व्यर्थ नहीं जायेगा।

राजनीतिक हलचल

कांफिडेंस या ओवर कांफिडेंस

मैं सीएम पद छोड़ना चाहता हूं, लेकिन यह पद मुझे नहीं छोड़ रहा और छोड़ेगा भी नहीं : गहलोत

'कांग्रेस में कभी मुख्यमंत्री का उम्मीदवार नहीं बनना चाहिए, जो बनता है, वह कभी सीएम नहीं बनता'

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि सचिन पायलट और वह टिकट के सभी फैसलों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हम सारे मतभेद भुला चुके हैं, हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है। सचिन पायलट के समर्थकों के सारे टिकट क्लीयर हो रहे हैं, मैंने एक भी सीट को लेकर ऑब्जेक्शन नहीं किया। जब गहलोत से पूछा गया कि राजस्थान में फिर से कांग्रेस सरकार बनने की स्थिति में क्या वापस आप ही सीएम होंगे? इस सवाल पर गहलोत ने कहा कि कांग्रेस में कभी मुख्यमंत्री का उम्मीदवार नहीं बनना चाहिए। जो उम्मीदवार बनता है, वो कभी सीएम नहीं बनता है। मैं जब सीएम बना तो उस समय मैं उम्मीदवार नहीं था। मुझे सोनिया गांधी ने चुना। मैं पहले भी कह चुका हूं कि सीएम पद छोड़ना चाहता हूं, लेकिन यह पद मुझे नहीं छोड़ रहा और यह छोड़ेगा भी नहीं। कुछ तो कारण होंगे कि हाइकमान और गांधी परिवार मुझ पर इतना विश्वास जता रहे हैं।

आचार सहिंता का गजब उल्लंघन

वाहन चेकिंग के दौरान कमलनाथ और कांग्रेस प्रत्याशी की फोटो लगी गंगाजल की बोतल जब्त

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश की पुलिस अलर्ट मोड पर है। इसी को देखते हुए पटेरा थाना अंतर्गत बुधवार की रात को जारी जांच अभियान के दौरान पवई क्षेत्र से लौट रही एक कार की डिक्की में रखी गंगा जल की बोतलों को चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए जब्त किया गया है।

दरअसल, गंगाजल की प्लास्टिक की बोतल के ऊपर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पवई से कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश नायक की तस्वीर छपी हुई पायी गयी। इसके साथ ही बोतल पर कांग्रेस का चुनाव चिह्न भी बना हुआ है। बता दें कि जिस गाड़ी से यह सामग्री जब्त की गयी है, वह कांग्रेस नेता की बतायी गयी है। यह भी बात सामने आ रही है कि यह वाहन पवई से वापस दमोह लौट रहा था। इसी दौरान चेकिंग के समय गंगाजल की इन बोतलों को पकड़ा गया। जांच कार्रवाई में पटेरा एफएसटी टीम के प्रशांत विश्वकर्मा, पटेरा थाना प्रभारी आरएस बागरी और पुलिस टीम सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

नेताओं के लिए सीख: कांग्रेस-भाजपा प्रत्याशियों ने गले मिल कर लगाये 'भारत माता की जय' के नारे

आरोप-प्रत्यारोप के बजाय आपस में गले मिल कर शुभकामनाएं दी

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 17 नवंबर को होना है। इसके लिए चुनाव प्रचार शुरू हो गया है। प्रचार के दौरान खारगौन से अनोखी तस्तीर सामने आयी। यहां जब कांग्रेस और भाजपा की महिला प्रत्याशियों का आमना-सामना हुआ तो दोनों ने गले मिल कर एक-दूसरे को बधाई दी। दोनों ने अपने समर्थकों के साथ 'भारत माता की जय' के नारे भी लगाये। खारगौन जिले की भीकनगांव विधानसभ क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान बुधवार को खारवी गांव में यह अनोखा नजारा देखने को मिला। जब भाजपा प्रत्याशी नंदा ब्राह्मणे और कांग्रेस प्रत्याशी और वर्तमान विधायक झूमा सोलंकी जनसंपर्क के दौरान आमने-सामने टकरायीं। दोनों ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने की बजाय आपस में गले मिल कर शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने कुछ देर तक मुलाकात की और विक्ट्री साइन भी बनाया। महत्वपूर्ण पार्टियों की महिला उम्मीदवारों ने वर्तमान समय में चल रही राजनीति में शिष्टाचार का एक अच्छा उदाहरण पेश किया। चुनावी सीजन में परस्पर विरोधी दलों के दो उम्मीदवारों विशेषकर महिलाओं की यह तस्वीर महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वरना इस दौर में कई राजनीतिक दलों में घमासान मचा हुआ है। वहीं, आपस में भी कपड़ा-फाड़ राजनीति हो रही है। एक-दूसरे की पोल खोली जा रही है। विरोध प्रदर्शन और चुनावी लड़ाई में एक-दूसरे दल को नीचा दिखाया जा रहा है।

20 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 03

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC./M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

PARADISE FURNITURES
EXCLUSIVE FURNITURE DISCOUNT 15%OFF
World Class Furniture....
7 DAYS OPEN
BIGGEST SHOWROOM SUNDAY OPEN
A HOUSE OF INNOVATIVE (INDIAN) IMPORTED INDOOR & OUTDOOR FURNITURE
Buy Sofa set & get Centre Table FREE
Buy Bed set & get Mattress FREE
Buy Dinning Table & get Cabinet FREE
Buy Mattress & get Bedsheet + Pillow FREE
.... and many more
Exchange Your old furniture Get Flat 30% *off on new furniture! Enjoy Flat 15% off without exchange
0% FINANCE FACILITY
BAJAJ FINSERV
Argora By Pass Road, Harmu, Ranchi
Phone : 0651-2244167, 7781014100
7781014101, 7781014102

KUNWAR SINGH PHARMACY COLLEGE OF EDUCATION
PHARMACY COUNCIL OF INDIA
(PCI CODE-5806)
JHARKHAND STATE PHARMACY COUNCIL
D. Pharma
Total fee of Two Years- 147000/-
(No Any Extra Fee)
ADDMISSION OPEN
AT- NAWADIH, POST- ORKHAR, DHANWAR, GIRIDIH, JH-825412
6201100402
9155140177

सीएम पहुंचे मां के दरबार

सीएम हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना सोरेन संग आरआर स्पोर्टिंग क्लब पूजा पंडाल, रातू रोड का किया अनावरण। देवी दुर्गा के दरबार में शीश नवा कर राज्य की उन्नति, सुख- समृद्धि और शांति की कामना की। साथ हैं सांसद महुआ माजी और क्लब के अध्यक्ष विक्की यादव।

शराब घोटाला में इडी की पहली बड़ी कार्रवाई

कारोबारी योगेंद्र तिवारी को पूछताछ के बाद किया गिरफ्तार

अगस्त में तिवारी के 34 ठिकानों पर हुई थी छापामारी

आजाद सिपाही संवाददता

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने गुरुवार को शराब घोटाले और मनी लांड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई की। शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को इडी ने गुरुवार को दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया था। पूछताछ के बाद शाम को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। शराब घोटाला मामले में झारखंड में इडी की यह पहली कार्रवाई है।

गौरतलब है कि इस वर्ष 23 अगस्त को इडी ने योगेंद्र तिवारी के देवघर सहित 34 ठिकानों पर छापा मारा था। सूत्रों के मुताबिक छापेमारी के दौरान इडी को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज हाथ लगे थे।

इसके बाद इडी ने तिवारी से पूछताछ भी की थी। तिवारी से उनकी संपत्ति का ब्योरा भी लिया गया था। तिवारी के बयानों और दस्तावेजों की जांच के बाद उन्हें गुरुवार को पूछताछ के लिए फिर बुलाया गया था। पूछताछ में तिवारी संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं दे पाये, जिसके बाद इडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

महज 15 साल में बने 'लिकर किंग'

योगेंद्र तिवारी मूल रूप से बिहार के सीवान जिले के निवासी हैं। उनके पिता रामेश्वर तिवारी चित्तरंजन रेल कारखाना के क्लर्क थे। रिटायर होने के बाद वह मिहिजाम में ही बस गये। फिर वर्ष 1998 में जामताड़ा के दुमका रोड में शराब की दुकान खोली। यहां से तिवारी के कारोबार की शुरुआत हुई थी। इसके बाद उन्होंने जिले के विभिन्न हिस्सों में शराब दुकान खोली। यह व्यवसाय धीरे-धीरे पूरे राज्य में फैलाया और वह राज्य के सबसे बड़े शराब कारोबारी बन गये।

नेताओं और राजनीतिक दलों से करीबी संबंध

सूत्रों के मुताबिक सरकार कोई भी हो झारखंड में शराब के कारोबार में सबसे प्रभावी शख्सियत योगेंद्र तिवारी ही रहा है। उनका हर राजनीतिक दलों के कई बड़े नेताओं के साथ करीबी संबंध रहा है। अपने राजनीतिक और नौकरशाही में अच्छे संबंधों की बदौलत राज्य में शराब के थोक कारोबार में वर्चस्व स्थापित किया था।

2020 में भी पुलिस ने कसा था शिकंजा

बता दें कि योगेंद्र तिवारी से जुड़े संथाल परगना के करीब 70 शराब के दुकानों और गोदामों में एक साथ पहली बार वर्ष 2020 में पुलिस ने छापेमारी की थी। पुलिस द्वारा योगेंद्र तिवारी को हिरासत में लिया गया, लेकिन साक्ष्य के अभाव में उस समय उन्हें छोड़ दिया गया।

मुख्यमंत्री की बेहतर स्वास्थ्य सेवा में एक और पहल

स्मार्ट सिटी में खुलेगा 250 बेड वाला अपोलो अस्पताल

- हेमंत सोरेन के समक्ष रांची नगर निगम और अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड, चेन्नई के बीच सब लीज डीड पर हुआ हस्ताक्षर
- मुख्यमंत्री ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर भूमि पूजन करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है, ताकि आम जनता को बेहतर और आधुनिक चिकित्सीय सुविधाएं मिल सके। इसी कड़ी में गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में रांची स्मार्ट सिटी के एरिया बेस्ड डेवलपमेंट क्षेत्र में अपोलो मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निर्माण के लिए रांची नगर निगम और अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड, चेन्नई के बीच सब लीज डीड पर हस्ताक्षर किया गया।

स्वास्थ्य सेवा में लगातार हो रहा काम : इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था बहुत बेहतर नहीं रही है। ऐसे में वर्ष 2019 में सरकार के गठन के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में लगातार काम हो रहा है। इस कड़ी में सरकारी अस्पतालों में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। जांच और इलाज की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्तियां हो रही हैं। वहीं, निजी क्षेत्र के अस्पताल यहां स्थापित हों, इसके लिए भी लगातार प्रयास हो रहे हैं, जिससे लोगों को बेहतर इलाज के लिए राज्य के बाहर और बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़े।

रोजगार के नये अवसर भी बनेंगे : मुख्यमंत्री ने उम्मीद जतायी कि अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड के साथ यह समझौता विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इसके लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दे सकेंगे।

राज्यवासियों को बेहतर और आधुनिक चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए राज्य में सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था मजबूत करने के साथ निजी अस्पताल खोलने के लिए सरकार कई रियायतें दे रही है। -हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री

डेढ़ लाख लोग सीधे तौर पर होंगे लाभान्वित

रांची स्मार्ट सिटी परिसर में कई संस्थान, स्कूल, कॉलेज, पांच सितारा होटल समेत कई होटल मॉल, ऑफिस तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निर्माण होना है। साथ ही एक मेडिकल कॉलेज का भी निर्माण निर्धारित है। इसके अलावा यहां लगभग 16 हजार आवासीय इकाई होंगे और अनुमानित है कि लगभग डेढ़ लाख की जनसंख्या इस विकसित क्षेत्र में निवास करेगी, जो इस परियोजना से सीधे रूप से लाभान्वित होगी।

पहले चरण में ओपीडी की होगी शुरुआत

मुख्यमंत्री ने अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड, चेन्नई प्रबंधन से कहा कि वह इस अपोलो मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल को जल्द से जल्द शुरू करे। इस मौके पर उन्होंने अस्पताल का भूमि पूजन 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के मौके पर करने का निर्देश दिया। वहीं, अस्पताल प्रबंधन ने मुख्यमंत्री को बताया कि जल्द ही 250 बेड के अस्पताल निर्माण का कार्य शुरू हो जायेगा। पहले चरण में यहां ओपीडी की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा । सामान्य चिकित्सक और पारा मेडिकल कर्मी भी झारखंड के होंगे, जबकि विभिन्न विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की जायेगी।

45 वर्षों की सब लीज पर दी जा रही जमीन

ज्ञात हो कि रांची के घाघरा में अपोलो हॉस्पिटल के निर्माण के लिए रांची नगर निगम के द्वारा अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज के साथ चार सितंबर 2014 को एकरारनामा किया गया था, लेकिन उक्त भूमि के विषय पर विवाद के वजह से स्थल परिवर्तन करते हुए रांची स्मार्ट सिटी क्षेत्र में अपोलो अस्पताल के लिए भूमि उपलब्ध करने का निर्णय लिया गया। यहां लगभग 2.75 एकड़ भूमि पर हॉस्पिटल निर्माण होगा। इसके लिए जमीन की सब लीज फिलहाल 45 वर्षों के लिए की जा रही है, जिसे भविष्य में कार्य की गुणवत्ता को देखते हुए विस्तारित किया जा सकेगा।

मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनेगा

अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज के द्वारा रांची स्मार्ट सिटी परिसर में लगभग 2.75 एकड़ जमीन में 250 बेड वाले मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का निर्माण किया जायेगा। यहां विशेष रूप से कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक, गायनोकॉलोजी, जेनरल सर्जरी, जेनरल मेडिसिन, पीडियाट्रिक्स, इएनटी सेवा प्रदान की जायेगी। इसके अलावा इमरजेंसी सेवा, रेडियोलोजी, पैथोलॉजी, डाइटरी सर्विसेस की भी व्यस्था यहां होगी। अपोलो हॉस्पिटल के द्वारा 24 घंटे एंबुलेंस सेवा उपलब्ध रहेगी। हॉस्पिटल के अंदर पार्किंग, फार्मेसी, एटीएम, कैंटीन इत्यादि की व्यवस्था भी रहेगी।

रांची में अपराधी बेलगाम: इटकी में तीन लोगों को मारी गोली

आजाद सिपाही संवाददाता

इटकी । राजधानी रांची में दुर्गा पूजा की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए अपराधियों ने इटकी थाना क्षेत्र के गड़गांव में गुरुवार की देर शाम तीन लोगों को गोली मार दी। जानकारी के अनुसार, दीपक सिंह, भोमा सिंह और नरेश साहू नामक युवकों को अपराधियों ने सरेशाम गोली मारी है। बताया जा रहा है कि तीनों जमीन कारोबारी हैं। तीनों को घायल अवस्था में इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां तीनों की हालत गंभीर बनी हुई है।

तीन बाइक पर सवार होकर आये थे अपराधी : इटकी के गड़गांव के रहनेवाले दीपक सिंह और भोमा सिंह इटकी के भंडरा निवासी नरेश साहू के साथ गड़गांव चौक के पास गुरुवार की शाम एक दुकान के बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान तीन बाइक पर सवार छह अपराधी मौके पर पहुंचे और दीपक , भोमा और नरेश को निशाना बना कर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। अपराधियों ने छह राउंड से ज्यादा फायरिंग की, जिसमें दीपक को पेट के पास, भोमा को कान के पास और नरेश को पेट में गोली लगी है। फायरिंग के बाद स्थानीय लोगों को अपनी ओर आते देख सभी अपराधी मौके से फरार हो गये। लोगों ने अपराधियों को कुछ दूर दौड़ाया, लेकिन वे फरार होने में कामयाब हो गये। दीपक शिव सेना के नेता हैं। स्थानीय लोगों ने तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

न्यूज रील्स

दुनिया में भारत के स्किल्ड युवाओं की मांग बढ़ी: पीएम

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत के स्किल्ड युवाओं की मांग बढ़ रही है। बहुत से देश ऐसे हैं जहां वरिष्ठ नागरिकों की संख्या बहुत ज्यादा है। वहां ट्रेंड युवा बहुत मुश्किल से मिल रहे हैं। दुनिया के 16 देश करीब 40 लाख स्किल्ड युवाओं को अपने देश में नौकरी देना चाहते हैं। इन देशों में स्किल्ड प्रोफेशनल्स की कमी है। पीएम वीडियो कांफ्रेंसिंग से महाराष्ट्र में बनाये गये ग्रामीण स्किल डेवलपमेंट सेंटर लांच करने के मौके पर बोल रहे थे।

जातिगत जनगणना बेहद जरूरी: राहुल

तेलंगाना। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आगामी विधानसभा चुनाव के चलते तीन दिन के तेलंगाना दौरे पर हैं। यहां एक एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार आते ही हम जातिगत आधारित गणना करवाएंगे। दुकानदारों की जेब से जीएसटी निकलती है और अडानी जी की जेब में चली जाती है। ऐसा हिंदुस्तान हमें नहीं चाहिए। इसलिए जातिगत जनगणना जरूरी है, उससे पता लगेगा कि किसकी कितनी आबादी है और किसके पास हिंदुस्तान का कितना धन है।

कोडरमा में एक लाख के ढिबरा लदे दो टेंपो जब्त

कोडरमा (आजाद सिपाही)। वन विभाग की टीम ने गुरुवार सुबह गुप्त सूचना के आधार पर बजरंगबली मंदिर के समीप दो टन ढिबरा लदे दो टेम्पो को जब्त किया है। इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। डोमचांच जंगल से तिलैया की दोनों टेम्पो ढिबरा लोड करके जा रहा था, गश्ती दल को देखते हुए टेम्पो स्पीड में भागने लगा। जिसे बाद में बजरंगबली मंदिर के समीप टेम्पो को जब्त कर लिया गया। इस दोनों टेम्पो में दो टन ढिबरा लोड है। इसकी कीमत लगभग एक लाख है। इस छापामारी के दौरान उस्मान अंसारी, दुर्गा प्रसाद महतो, छत्रपति शिवाजी, कुंदन कुमार, गोपाल यादव आदि मौजूद थे।

शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा की साज-सज्जा चढ़ायी

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के दुर्गा मंदिर जयनगर में मां दुर्गा का साज सज्जा चढाया जा रहा है। इसी निमित्त दुर्गा मंदिर प्रांगण में देवनी देवी पति सुरेश स्वर्णकार, विजय कुमार सोनी पिता सुभाष कुमार, सुबेदार सिंह पिता यमुना सिंह, दिवाकर पांडेय पिता महेश पांडेय, बिरेंद्र कुमार पिता जगन्नाथ स्वर्णकार सपरिवार के द्वारा गीत संगीत, ढोल बाजा, बैंजु बाजा के साथ शारदीय नवरात्र पर्व के त्योहार में मां दुर्गा का साज सज्जा और ब्राह्मण भोजन कराया गया। वहीं पूजा प्रबंध समिति के अध्यक्ष राज नारायण सिंह ने कहा कि मां दुर्गा के द्वारा मनवांछित फल प्राप्त होने के पश्चात सपरिवार के द्वारा मां का साज-सज्जा चढ़ाया जाता है। मौके पर पूजा प्रबंध समिति के महासचिव सतीश पांडेय, उपाध्यक्ष शशिकांत प्रसाद, कोषाध्यक्ष चंदन कुमार, संतोष साव, सच्चिदानंद प्रसाद, रामविलास स्वर्णकार, सूरज सोनी सहित दर्जनों महिला पुरुष मौजूद थे।

राज इंटरनेशनल स्कूल में डांडिया महोत्सव का आयोजन

कोडरमा (आजाद सिपाही)। गुरुवार को राज इंटरनेशनल स्कूल में दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ की गयी। दीप प्रज्जवलन स्कूल की निदेशिका संपा सिंह, स्कूल के प्राचार्य निखर कुमार और स्कूल के सीइओ एके लाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कक्षा दो से सप्तम तक के छात्रों ने वह चल कर हिस्सा लिया कार्यक्रम के सफल संचालन में श्रुति, शिवानी, अनीता, सुष्मिता प्रीति इकबाल अशेष, उजाला और अन्य शिक्षकों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा कार्यक्रम को सफल बनाया।

जल शक्ति अभियान को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

कोडरमा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जल शक्ति अभियान को लेकर समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला स्तरीय और प्रखंड स्तरीय जल शक्ति केंद्र की जानकारी ली। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रखंड स्तरीय जल शक्ति केंद्र को सही तरीके से संचालित करने को कहा। उन्होंने कहा कि जल शक्ति केंद्र में जल संरक्षण की दिशा में किये जा रहे कार्यों का रिपोर्ट रखेंगे, साथ ही सभी पूर्ण अमृत सरोवर का जियो टैगिंग करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि जल शक्ति केंद्र में डाटा सीट, चार्ट, रजिस्टर को अपडेट करते हुए रजिस्टर संधारण करेंगे। जल शक्ति केंद्र में आने वाले लोगों को जल संरक्षण हेतु दिये आवेदन, योजना की मांग, योजना से संबंधित फीडबैक का रजिस्टर संधारण करेंगे। जलापूर्ति योजना को पूरा करने का निर्देश दिये। सभी संबंधित पदाधिकारीयों को निर्देश दिए कि सभी तरह के भवन में रैन हार्वेस्टिंग सिस्टम सक्रिय रहे, सुनिश्चित करेंगे। पेयजल और स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को समय समय पर पानी की गुणवत्ता की जांच करते हुए उसका रिपोर्ट जल शक्ति केंद्र में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। शहरी क्षेत्रों में नक्शा पास करने के लिए के दौरान उसमें वाटर हार्वेस्टिंग प्राथमिकता से रहे, ख्याल रखेंगे। उन्होंने जल शक्ति केंद्र के पोर्टल पर अमृत सरोवर के तहत किये जा रहे कार्यों का शत-प्रतिशत डाटा संधारण करने का निर्देश दिये। ग्रे वाटर ट्रीटमेंट को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिये। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह, जिला मत्स्य पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, लघु सिंचाई विभाग, जिला परिषद समेत प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

नवरात्र के डांडिया और गरबा से झूमा डीएवी का प्रांगण

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया में विद्यालय के बच्चों ने नवरात्र के पावन अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। नवरात्र का पावन पर्व मां दुर्गा के नवों रुपों की आराधना का पर्व है। नौ दिनों तक सभी भक्तों द्वारा मां दुर्गा के विभिन्न रूपों में उनकी पूजा की जाती है और उनके दिव्य आराधना के माध्यम से शक्ति की प्राप्ति का अवसर प्राप्त होता है। विद्यालय में कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात समृद्धि सिंह और आकांक्षा कुमारी ने मां दुर्गा की स्तुति से सभी को भक्ति में सराबोर कर दिया। अंतरा मुखर्जी ने बंगला में एकल सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। नव्या और उसके साथियों के द्वारा प्रस्तुत 'माया दुर्गा' के नृत्य ने समां बांध दिया। छोटी बच्चियों द्वारा मां दुर्गा के नौ रूपों में एक सुंदर व मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों के कार्यक्रम बहुत ही मनमोहक थे। अंत में विद्यालय के शिक्षक कुमार सतीश सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका संगीता जेठवा, रिया शर्मा, लक्की पाठक, नितिका सिंह तथा श्वेता सिंह का योगदान महत्त्वपूर्ण रहा।

नवरात्र में डांडिया पर झूमे स्कूल के बच्चे

कोडरमा (आजाद सिपाही)। सहाना रोड स्थित एडुमेटा द आइ स्कूल में विद्यालय के बच्चों ने नवरात्र के पावन अवसर पर डांडिया प्रस्तुत किया। नवरात्र का पावन पर्व मां दुर्गा के नवों रुपों की आराधना का पर्व है। कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक मधु कुमारी, एडमिन श्रुति राय और बच्चों की माताओं ने संयुक्त रूप से किया। बच्चों के में सुंदर नृत्य को लोगों ने बहुत सराहा। कार्यक्रम में मयंक, परी, मिहिर, अक्षित, वीर, अदिति, सनाया, श्रद्धा, ऋषित, शिवांश, अयांश, सक्षम, आदित्य बल्लभ आदि बच्चों के अलावा उनकी माता दयवंती कुमारी, सोनी कुमारी, पूनम, मनीषा, काजल अग्रवाल, प्रतिमा सिंहा, प्रिया, निकिता बरनवाल, आरती सोनी, वर्षा बरनवाल, किरण कुमारी, अर्चना पांडेय के अलावा स्कूल की निदेशक मधु कुमारी, एडमिन श्रुति राय, टीचर्स सपना और स्वाति मौजूद थीं।

विधि व्यवस्था को लेकर उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने की ब्रीफिंग

शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में पूजा संपन्न कराने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। उपायुक्त नैंसी सहाय व पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे ने सोमवार को पुलिस लाइन परिसर में दुर्गापूजा 2023 के अवसर पर संपूर्ण पर्व के दौरान विशेष सतर्कता और निगरानी बरतने व विधि व्यवस्था संधारित कर शांतिपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कराने के लिए हजारीबाग क्षेत्र में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारीयों को संबोधित किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस आपस में बेहतर तालमेल रखें ताकि हर परिस्थिति में कार्रवाई करने में मददगार हो। उन्होंने कहा सभी दंडाधिकारी पॉजिटिव माइंडसेट और एटीट्यूड के साथ निर्धारित स्थल पर मौजूद रहे। किसी भी तरह की सूचना वरीय अधिकारियों व कंट्रोल रूम को दें। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को दुर्गापूजा त्योहार के अवसर पर विधि व्यवस्था की संवेदनशीलता को देखते हुए संवेदनशील स्थानों पर शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजा संपन्न कराने का निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस हेल्पलाइन/कंट्रोल रूम का नंबर साझा किया। सीसीआर नंबर 8002529348,8002529349. पुलिस कंट्रोल नंबर 06546-264159 उक्त नंबर पर किसी भी प्रकार की सूचना दी जा सकती है। उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, प्रशिक्षु आइएएस सुलोचना मीणा, अनुमंडल पदाधिकारी विद्या भूषण कुमार, डीएसपी महेश प्रजापति, डीएसपी राजीव कुमार व सभी जिला स्तरीय दंडाधिकारी उपस्थित रहे।



ऑन द स्पॉट कार्रवाई करने का निर्देश

उपस्थित सभी दंडाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि दुर्गापूजा त्योहार के दौरान जिला प्रशासन के द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देशों का पालन करवाना आवश्यक है, कहीं भी विधि व्यवस्था की कोई भी सूचना पर त्वरित एक्शन लेते हुए ऑन द स्पॉट कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान निर्धारित किये गये हैं रूट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी आइडी कार्ड और रंगीन जैकेट के साथ मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि आपसी सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए सभी दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी वायरलेस फोन से युक्त होंगे। पर्व वाले मार्गों की सूक्ष्म निगरानी के लिए सीसीटीवी व ड्रोन कैमरो से निगरानी रखी जायेगी। वही उपायुक्त ने भी मौके पर मौजूद सभी दंडाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सजग व मुस्तैद रहते हुए पूजा संपन्न करना है। किसी भी प्रकार की लापरवाही टॉलरेट नहीं की जायेगी। किसी प्रकार की सूचना तत्काल अपने वरीय पदाधिकारी को दे। चिन्हित जगह जहां भीड़ इकट्ठा होती है वहां अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। धैर्य, संवेदनशीलता के साथ हर परिस्थिति में विवेकपूर्ण तरीके से जुलूस संपन्न करायें, आप की मुस्तैदी, सतर्कता, तत्परता पर ही शांतिपूर्ण पर्व की सफलता निर्भर करेगी। उन्होंने विनम्र रहते हुए अपने कार्यों को संपादित करने की बात कही।

महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी का समाहरणालय में अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता

झुमरीतिलैया। बुधवार को समाहरणालय परिसर में एशियाई हॉकी ट्रॉफी का अनावरण एवं प्रदर्शनी किया गया। ट्रॉफी टूर गिरिडीह से चलकर कोडरमा पहुंचा और कोडरमा से झुमरी तिलैया के विभिन्न इलाकों में भ्रमण करते हुए शाम को सेक्रेड हार्ट स्कूल पहुंचा, जहां खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि दुर्गा कुमार, प्रशिक्षु अपर समाहर्ता, कोडरमा तथा स्कूल प्रिंसिपल प्रमोद शर्मा ने स्कूल प्रांगण में ट्रॉफी का अनावरण किया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के पीटी शिक्षक राकेश पांडेय ने किया। सभी अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि तथा साथ आये राष्ट्रीय खिलाडियों को बुक्के देकर स्वागत किया गया। मौके पर प्रशिक्षु अपर समाहर्ता दुर्गा कुमार ने कहा कि स्कूलों में खेल को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन कई कार्यक्रम चला रही है। विभिन प्रोत्साहन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तर पर विभिन्न प्रकार के खेल आयोजन , खेल को बढ़ावा देने के लिए परिशिक्षण शिविर, स्कॉलरशिप आदि का प्रावधान है। मौके पर प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि एशियाई स्तर पर रांची में महिला हॉकी खेल का आयोजन होगा, जिसमें कई देशों के खिलाड़ी शामिल होंगे। यह राज्य के लिए गौरव की बात है। आज यह ट्रॉफी स्कूल प्रांगण में स्कूल के बच्चों के सामने है, जिसको देखकर बच्चे हॉकी आदि खेल में विशेष रूचि लेंगे। बताया कि यह ट्रॉफी राज्य के सभी 24 जिलों से होते हुए 27 नवंबर को रांची पहुंचेगी। कोडरमा हॉकी संघ के सचिव आकाश सेठ को आयोजन को सफल बनाने के लिए विशेष धन्यवाद दिया। सेक्रेड हार्ट स्कूल के पीटीआई कुंदन कुमार राणा, राकेश पांडेय, आशुतोष गौतम, प्रमोद सिंह, कोडरमा हॉकी संघ के प्रतिनिधि ईशा गुप्ता, विशालसिंह गोलू यादव, ट्रॉफी लेकर आने वाले राष्ट्रीय खिलाड़ियों में मिजान अंसारी, अमरदीप कुमार, विनोद कुमार, मुरारी पासवान, सोनू कुमार, संजय यादव के अलावा कई बच्चे मौजूद थे।

रघुवर दास को ओड़िशा के राज्यपाल बनने पर भाजपाइयों दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। भाजपा के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड के सबसे सफल पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को उड़ीसा के राज्यपाल नियुक्त होने पर भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल कमिटी ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। दास के राज्यपाल मनोनयन के बाद से ही लोगों ने सोसल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, वाट्सएप, ट्विटर और अन्य के माध्यम से बधाई व शुभकामनाएं देने लगे। वहीं भाजपाइयों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य नेताओं का आभार प्रकट किया।

खुशी इजहार और बधाई देने वालों में मुख्य रूप से पुर्व विधायक लोकनाथ महतो, मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, श्रीकांत निराला, पुनम साहु, मुकुटधारी महतो, महामंत्री दिनेश करमाली, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सेवंती कुमारी, किसान मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, पुर्व मुखिया महेंद्र महतो, अशोक महतो, बिगेश्वर महतो, फुलचंद बेदिया, भागीरथ ठाकुर, नरेश साव, नंदकिशोर मेहता, हीरालाल साव, सुमित्रा देवी, रामलाल बेदिया, दुर्जन गोप, सचिदानंद पांडे, अमन गंझु, अनुज कुमार, बालेश्वर महतो, रवि कुमार दांगी, कल्याणी देवी, ऊषा देवी, विनय कुमार, सुरेंद्र मांझी, राजेन्द्र करमाली समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

उपायुक्त ने की ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा

खेल मैदान के लिए जमीन उपलब्ध कराने के कार्य में गति लाने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। मनरेगा के तहत संचालित योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), जेएसएलपीएस, पंचायती राज और रुर्बन मिशन आदि की समीक्षा की गयी। ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित भी मौजूद रहीं। बैठक में मनरेगा के तहत संचालित योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), जेएसपीएस, पंचायती राज और रुर्बन मिशन आदि की समीक्षा की गयी। मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम पोटो हो खेल योजना के लिए प्रखंड स्तर पर खेल मैदान के लिए जमीन उपलब्ध कराने के कार्य में गति लाने का निर्देश उपायुक्त ने उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया। साथ ही मानव दिवस सृजन में वृद्धि लाने, बिरसा कूप संवर्धन के लक्ष्य को पूरा करने, योजना पूर्णता में वृद्धि लाने, मनरेगा मजदूरों को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना से जोड़ने का निर्देश दिया गया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि, योजना को लेकर अन्य जिलों में कार्य हो रहे है लेकिन हजारीबाग जिला में इस क्षेत्र में कमतर काम होना प्रखंड स्तर पर कम इच्छाशक्ति को दर्शाता है। उपायुक्त ने राज्यस्तर से संचालित योजनाओं पर गंभीरता पूर्वक ध्यान देते हुए कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया।

गुरहेत में पांच दिवसीय यज्ञ का आयोजन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुरहेत में पांच दिवसीय यज्ञ का आयोजन गुरुवार को किया गया। जिसमें 251 महिलाओं ने कलश लेकर 7 किलोमीटर दूर लारा नदी पहुंचे। कलश यात्रा के दौरान ढोल और, ताशा की धुन के साथ झूमते हुए ग्रामीण लारा नदी पहुंचे। पंडित विजय पांडे ने यात्रा में शामिल सभी महिलाओं को मंत्र उच्चारण के साथ पूजा करवाया और कलश मे जल भरकर वापस देवी दुर्गा मंडप पहुंचे। विजय पंडित ने कहा पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया गया है प्रथम दिन कलश यात्रा, द्वितीय दिन पूजा और कीर्तन, तृतीय दिन जागरण, चतुर्थी दिन महिलाओं के द्वारा शिव चर्चा का आयोजन और पांचवें दिन भंडारा के साथ पूजा का समापन किया जायेगा। कलश यात्रा मे मुख्य अतिथि समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, पंचायत के मुखिया महेश तिग्गा पहुंचे थे। इस मौके पर कमेटी के सदस्य अध्यक्ष प्रदीप यादव, सचिन नरेश रजक और नरेश ठाकुर कोषाध्यक्ष ज्ञानी राम और दिलीप यादव उपसचिव कैलाश रजक और संजय यादव, उपकोषाध्यक्ष नरेश रविदास और प्रदीप ठाकुर, संयोजक महादेव राम और अशोक रविदास। मौके पर ग्रामीण दिलीप यादव, राजू राणा, संजय यादव, अनिल यादव, पप्पू यादव, निरंजन ठाकुर, करमनाथ रविदास, जगदीश यादव, शंकर यादव, प्रकाश यादव, विकास यादव, पप्पू रविदास, अमर यादव, कुलदीप ठाकुर, प्रकाश रविदास, व्यास यादव, राजा यादव, बद्री यादव, विकास यादव, वीरू यादव, अनिल राणा, सुभाष यादव और सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

चंदौल में चलाया गया नशा मुक्ति अभियान

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। आजीविका महिला समूह के द्वारा जाकरूकता अभियान चलाया गया। जिसमे पुंदौल, चंदौल, होरम के गलियों मे जाकर लोगो को नशा की बुराई को बताया। इस दौरान अभियान में आम जनों ने भी बढ़ चढ़कर सहयोग किया। इस कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे मुखिया एतवरीया देवी, पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, समाज सेवी बिनोद यादव ने कहा आज के युवा नशे में शामिल हो रहे हैं जो आने वाले समाज की लिए बहुत ही घातक है। युवा लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है तभी स्वच्छ समाज का निर्माण संभव हो सकेगा। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से उप मुखिया शमसेर अंसारी, सुरेश चौधरी, पूर्व मुखिया टुकनी देवी, बबिता देवी, सुमित्रा देवी, सुमा देवी, बबिता देवी ने भी अपनी अपनी बातों को रखा और समाज में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने पर जोर दिया।

विष्णुगढ़ में निकाली गयी नशा मुक्ति रैली

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। गुरुवार को विष्णुगढ़ के चलंगा में झारखंड सरकार के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी केंद्र के समीप से सहिया और ग्रामीण महिलाओं की उपस्थिति में मुखिया निर्मल कुमार के नेतृत्व में नशा मुक्ति रैली निकाली गयी। रैली में शामिल महिलाएं नशा मुक्ति से सम्बंधित तरह-तरह के नारों के माध्यम से ग्रामीनों को नशे की लत से होनी वाली हानि को विस्तार पूर्वक बताया गया। जागरूकता रैली आंगनबाड़ी से प्रारंभ होकर घटवार टोला, बिरहोर टोला, आठमाइल होते हुए पुनः आंगनबाड़ी केंद्र में आकर समाप्त हुई। इस मौके पर मुख्य रूप से जीसीआरपी सीमा देवी, ए डब्लू कंचन देवी, वार्ड सदस्या रीता देवी, सहिया अनिता कुमारी, अध्यक्ष सुनीता देवी, रिंकी देवी, दामोदरी देवी, गीता देवी, धनेश्वरी देवी, भगवतिया देवी, कांति देवी, चांदनी कुमारी, ललिता देवी, रीता देवी, सीमा देवी, बेबी देवी, वीणा देवी, नैना देवी, पिंकी देवी, सुलेखा देवी समेत काफी संख्या में महिलाएं शामिल थी।

बरकट्ठा में मां दुर्गा को चढ़ाया गया श्रृंगार

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। सार्वजनिक दुर्गापूजा बरकट्ठा में मां दुर्गा को गुरुवार को श्रृंगार चढ़ाया गया। जिसको लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ रामखेलावन यादव के घर से निकलते हुए डाकडीह स्थित मंदिर होते हुए बुढ़िया माता मंदिर का भ्रमण करते हुए दुर्गा मंदिर में समापन किया गया। इस बाबत पूजा समिति अध्यक्ष रामखेलावन यादव ने बताया कि पूर्वजों के द्वारा मां दुर्गा से कामना की गयी थी। जिसको पूर्ण होने पर मां दुर्गा को श्रृंगार चढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि इंसान झुठा हो सकता है। लेकिन देवी देवता झुठ नहीं होते हैं। मन से मांगी गयी हर कामना को मां दुर्गा पूर्ण करती है। शोभायात्रा में रामखेलावन यादव, सहदेव यादव, बालदेव यादव, श्यामसुंदर यादव, शंभू यादव, विजय यादव, लक्ष्मण यादव, विकास यादव, दयानंद यादव, अशोक यादव, विनोद यादव, शिवकुमार यादव, लखन यादव समेत आदि ग्रामीण शामिल थे।

एनटीपीसी ने किया सिलाई मशीन का वितरण

केरेडारी (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी के द्वारा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए 60 महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से 60 महिलाओं को सिलाई मशीन और प्रशिक्षिण पूर्ण करने का प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित परियोजना प्रमुख प्रभारी फैज तैय्यब ने कहा कि यह अभियान सिक्ल डेवल्पमेंट को ध्यान में रखते हुए आयोजित हुआ है। सिलाई मशीन प्रशिक्षण के बाद सिलाई मशीन उपलब्ध कराने से महिलाओं के जीवन में आर्थिक सरलता लाने के लिए के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है चट्टी बरियातु परियोजना प्रमुख नवीन गुप्ता ने कहा कि सिलाइ प्रशिक्षण ऐसी कला है जिससे महिलाओं को घर से बाहर निकले बिना आराम से घर बैठे पैसे कमाने की सुविधा का लाभ ले सकती हैं। इस अवसर पर संस्कृति महिला समिति की अध्यक्षा राखी गुप्ता ने महिलाओं से बातचीत कर उन्हे समाजिक तौर से जागरूक होने का हौंसला दिया। इस अवसर पर केरेडारी प्रमुख सुनिता देवी, एनटीपीसी परियोजना से अपर-महाप्रबंधक मोहम्मद वासिफ, नीलमाधव सावइन, उप महाप्रबंधक शमृत्युंज्य वर्मा और वरिष्ठ प्रबंधक बी नवीन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

सड़क दुघर्टना में बर्तन व्यवसायी की मौत

इचाक (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के एनएच 33 बोंगा पेट्रोल पंप से लगभग एक किमी आगे सड़क दुघर्टना में करियातपुर गांव निवासी बर्तन व्यवसाई ओम शंकर साव उर्फ उमाशंकर (54) पिता स्व. सीताराम साव की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। घटना बुधवार की रात लगभग 9:30 बजे घटी। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ओम शंकर साव हजारीबाग से अपना काम निबटाकर अपनी मोटर साइकिल से वापस अपने घर आ रहे थे। पीछे से आ रही तेज रफ्तार सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार (जेएच 02 बीएम 7289) ने पीछे से जोरदार ठोकर मार दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उमाशंकर फेंकाकर सर्विस रोड में जा गिरे। उनके माथे पर गंभीर चोट आयी। पुत्र राहुल कुमार ने बताया कि रात लगभग 10 बजे मैने अपने पापा के मोबाइल में फोन किया। तो फोन इचाक पुलिस ने उठाया और घटना की जानकारी दी। हमलोग आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंचे और इचाक पुलिस तथा ग्रामीणों की सहायता से इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग ले गये। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। इधर घटना की खबर मिलते ही करियातपुर गांव और इचाक बाजार में मातम छा गया। पत्नी सरिता देवी समेत पुरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। उमाशंकर एक मृदुभाषी और सरल स्वाभाव के इंसान थे। उनका इचाक बाजार में बर्तन की दूकान है। घटना की खबर सुनकर हर कोई स्तब्ध है। इधर शव का अंतिम संस्कार करियातपुर स्थित मुक्तिधाम में कर दिया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र बिट्टू कुमार ने दिया। शवयात्रा में सैंकड़ों ग्रामीण और व्यवसाई शामिल हुए।

शारदीय नवरात्र : छठा दिन

कात्यायनी दुर्गा का ध्यान

चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दुलवरवाहना ।।
कात्यायनी शुभं दद्याद देवी दानवघातिनी ।।

जिनका हाथ उज्जवल चंद्रहास (तलवार) से सुशोभित होता है तथा सिंहप्रवर जिनका वाहन है, वे दानव संहारिणी दुर्गा देवी कात्यायनी मंगल प्रदान करें।

देवि प्रपन्नार्तिहरे प्रसीद-6

ब्रह्म की महाशक्ति के रूप में श्रद्धा, प्रेम और निष्काम भाव से उपासना करने से परब्रह्म परमात्मा की प्राप्ति होती है। बहुत से विद्वान इसे भगवान की ह्लादिनी शक्ति मानते हैं। महेश्वरी, जगदीश्वरी, परमेश्वरी भी इसी को कहते हैं। लक्ष्मी, सरस्वती, दुर्गा, राधा, सीता आदि सभी इस शक्ति की ही रूप हैं। माया, महामाया, मूल प्रकृति, विद्या, अविद्या आदि भी इसी का रूप हैं। परमेश्वर शक्तिमान है और भगवती परमेश्वरी उसकी शक्ति हैं। शक्तिमान से शक्ति अलग होने पर भी अलग नहीं समझी जाती। जैसे अग्नि की दाहिका शक्ति अग्नि से भिन्न नहीं है। यह सारा संसार शक्ति और शक्तिमान से परिपूर्ण है और उसी से इसकी उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय होते हैं।

इस महाशक्तिरूपा जगज्जननी दुर्गा की उपासना लोग नाना प्रकार से करते हैं। कोई तो इस महेश्वरी को ईश्वर से भिन्न समझते हैं और कोई अभिन्न मानते हैं। श्रुति, स्मृति, पुराण, इतिहासादि शास्त्रों में इस गुणमयी विद्या-अविद्यारूपा मायाशक्ति को प्रकृति, मूल-प्रकृति, महामाया, योगमाया आदि अनेक नामोंसे कहा है। उस मायाशक्ति की व्यक्त और अव्यक्त अर्थात साम्यावस्था तथा विकृतावस्था-दो अवस्थाएं हैं। उसे कार्य, कारण और व्याकृत, अव्याकृत भी कहते हैं। 23 तत्वों के विस्तारवाला यह सारा संसार तो उसका व्यक्त स्वरूप है। जिससे सारा संसार उत्पन्न होता है और जिसमें यह लीन हो जाता है, वह उसका अव्यक्त स्वरूप है। गीता में भगवान कृष्ण ने कहा है-

अव्यक्ताद्व्यक्तयः सर्वाः प्रभवन्त्यहरागमे।
रात्र्यागमे प्रलीयन्ते तत्रैवाव्यक्तसंज्ञके।।

अर्थात-संपूर्ण दृश्यमात्र सम्पूर्ण प्राणी ब्रह्मा के दिन के प्रवेशकाल में अर्थात विद्या (दैवी संपद) के प्रवेश काल में संपूर्ण प्राणी अव्यक्त बुद्धि में जागृत हो जाते हैं और रात्रि के प्रवेशकाल में उसी अव्यक्त, अदृश्य बुद्धि में जागृति के सूक्ष्म तत्व अचेत हो जाते हैं। वे प्राणी अविद्या की रात्रि में स्वरूप को स्पष्ट देख नहीं पाते किंतु उनका अस्तित्व रहता है। (क्रमशः)

प्रस्तुति - डॉ एन.के. बेरा

एसवीएम पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना नवरात्र त्योहार

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा सुंदर नगर स्थित एसवीएम पब्लिक स्कूल में गुरूवार को धूमधाम व हर्षो उल्लास के साथ नवरात्र त्योहार मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बासल थाना के सब इंस्पेक्टर नरेन्द्र प्रसाद ने फीता काटकर और दीप प्रज्जवलित कर किया। तत्पश्चात विद्यालय के निदेशक आरके शर्मा, सचिव इंदु शर्मा और प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार पांडेय ने मुख्य अतिथि सब इंस्पेक्टर नरेंद्र प्रसाद को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मां दुर्गा की नव शक्तियों का स्वरूप धरकर अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। साथ ही अस्त्र-शस्त्र और श्रृंगार से सुसज्जित बच्चों के माता का स्वरूप ने लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस दौरान बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के गीत, नाटक मंचन और संगीत में जीवंत झांकी प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि बासल थाना के सब इंस्पेक्टर नरेन्द्र प्रसाद ने पुरस्कृत करते हुए कहा कि य हमारे पर्व-त्योहार आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के निदेशक आरके शर्मा, सचिव इंदु शर्मा, शिक्षक गुरेन्द्र बल्होत्रा, हेमंत कुमार वर्मा, सबाजिया परवीन, मधु सागर, संध्या कुमारी, लीला, नंदिनी वर्मा, अलीला देवी, आरती, मनीषा, वंशिका सहित विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा।

नव पदस्थापित सुरेंद्र उरांव ने निवर्तमान एसडीओ से लिया पदभार

चतरा (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रशासनिक सेवा 2010 के सुरेंद्र उरांव ने एसडीओ मोहम्मद मुमताज अंसारी से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद एक-दूसरे को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। निवर्तमान एसडीओ मोहम्मद मुमताज अंसारी ने 6 सितंबर 2020 ई. को चतरा एसडीओ का प्रभार संभाला था। अपने तीन साल के कार्यकाल में उन्होंने चतरा में सांप्रदायिक सौहार्द का माहौल बनाये रखा। वर्तमान एसडीओ सुरेंद्र उरांव को 2010 से लगातार प्रशासनिक सेवा में विभिन्न पदों पर कार्य करने का अनुभव है। दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पर्व को देखते हुए उन्होंने सक्रिय भूमिका निभानी शुरू कर दी है।

रघुवर दास को राज्यपाल बनने पर युवा वैश्य महासभा ने दी बधाई

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रघुवर दास को उड़ीसा के नवयुक्त राज्यपाल मनोनीत होने पर गुरुवार को युवा वैश्य महासभा ने प्रेस रिलीज जारी कर बधाई दी है। वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि यह पल वैश्य समाज के लिए ऐतिहासिक दिन है। पूरे झारखंड राज्य के वैश्य समाज अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। साहू ने कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय लेने के लिए हम लोग देश के महामहिम द्रौपदी मुर्मू का आभार व्यक्त करते हैं और हम लोग पूरे झारखंड के वैश्य समाज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का भी हृदय की गहराइयों से साधुवाद करते हैं। इन्होंने यह निर्णय लेकर पूरे भारतवर्ष के वैश्य समाज के सर को ऊंचा करने का कार्य किया है। कहा कि इस ऐतिहासिक निर्णय लेने के लिए युवा वैश्य महासभा झारखंड प्रदेश के सम्मानित पदाधिकारी उमेश राजगढ़िया, अनिल गोयल, किशोर जाजू, पंकज बरनवाल, विनोद जायसवाल,सुरेंद्र साहू, रंजीत कुमार, रूपेश गुप्ता, आशीष गुप्ता, निलेश गुप्ता, हरि रत्नम साहू, रविंद्र साहू, संतोष रंजन, अजीत गुप्ता, राकेश गुप्ता, विजय गोराई, संजय जायसवाल, पिंकू चौधरी सहित युवा वैश्य महासभा झारखंड प्रदेश के सदस्यों ने आभार व्यक्त किया है।

चितरपुर महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग में अंतिम वर्ष के छात्रों को दी गयी विदाई

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर में अर्थशास्त्र विभाग के जूनियर छात्रों के द्वारा सीनियर छात्रों को एक कार्यक्रम का आयोजन कर विदाई दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संज्ञा ने छात्रों के साथ केक काटकर किया। छात्राओं ने स्वागत गान गाकर सभी शिक्षकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ संज्ञा ने कहा कि आज का यह पल सुख और दु:ख दोनों परिवेश का समावेश है, आप इस संस्थान के विद्यार्थी रहे हैं और भविष्य में आप जहां भी रहें एक लक्ष्य के साथ रहें निश्चित आपको सफलता मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रोफेसर निरंजन महतो प्रो. ज्योति कुमारी, प्रो.जूही उपाध्याय, प्रो. कुर्रुतलेंन, प्रो. निकहत प्रवीण, प्रो. शाहनवाज खान, प्रो. रेवालाल पटेल, प्रो. ताराशंकर अग्रवाल, प्रो. उत्तम कुमार, प्रो. शबाना अंजुम, डॉ हीना कौसर, प्रो. दीपक कुमार, प्रो.मीना मुंडा, डॉ साजिया प्रवीण, सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का इनडोर स्टेडियम में हुआ स्वागत सह अनावरण कार्यक्रम

महिला हॉकी एशियन चैंपियनशिप का झारखंड में होना सम्मान की बात: डीसी

बीरू कुमार

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रांची में होने वाले महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी 2023 को लेकर गुरुवार को इंडोर स्टेडियम रामगढ़ में चैंपियंस ट्रॉफी का स्वागत और अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम डीसी चंदन कुमार, एसपी पीयूष पांडेय, डीएफओ नीतीश कुमार, एसडीओ मो जावेद हुसैन सहित जिले के अन्य वरीय अधिकारियों और कर्मियों ने हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लेते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात डीसी, एसपी, डीएफओ, डीडीसी, एसडीओ ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी का अनावरण किया।

मौके पर डीसी चंदन कुमार ने कहा कि हॉकी का इतिहास झारखंड में बहुत पुराना है और महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप का झारखंड में होना हम सभी के लिए एक सम्मान का विषय है। उन्होंने कहा कि हर तरह के खेल को बढ़ावा देने में जिला प्रशासन प्रयासरत है, जिसके लिए आने वाले समय में प्रत्येक पंचायत में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा और अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को खेल उपकरण भी उपलब्ध कराये जायेंगे जिससे कि जिले के हर क्षेत्र से हर खेल में खिलाड़ी उभरे और विश्व पटल पर रामगढ़ का नाम रौशन करें।

ऐसे आयोजन से खिलाड़ियों में देश के लिए कुछ करने की इच्छा जागृत होती है: एसपी

मौके पर एसपी पीयूष पांडे ने हॉकी खेल जगत में झारखंड की बेटियों की सराहना करते हुए कई खिलाड़ियों का उदाहरण प्रस्तुत किया और उनसे प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से न केवल खिलाड़ियों का हौसला बढ़ता है बल्कि खिलाड़ियों में अपने राज्य व देश के लिए कुछ करने की इच्छा भी जागृत होती है। उन्होंने सभी से अपिल करते हुए कहा कि जिला प्रशासन और राज्य सरकार द्वारा खेल के जगत में खिलाड़ियों के लिए कई प्लेटफार्म उपलब्ध कराये जा रहे हैं और आप सभी इस तरह के अवसर का लाभ अवश्य ही उठायें।

विभिन्न खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित: कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। जिनमे जूडो से चांदनी कुमारी और पीयूष कुमार राणा, कराटे से चंद्र प्रकाश उपाध्याय और रक्ष रानी, वॉलीबॉल से साजन करमाली और नैना कुमारी, बॉक्सिंग से तुषार कुमार, बैडमिंटन से विनीत कुमार, प्रियांशु कुमार और पवन गोपाल, फुटबॉल से प्रेम कुमार और मोहम्मद आतिफ, निशानेबाजी से सोनू प्रताप सिंह और मोहित कुमार को सम्मानित किया गया।

ये थे उपस्थित: कार्यक्रम का संचालन ओलंपिक सचिव सीडी सिंह के द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम में जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, कर्मियों और खिलाड़ियों सहित अन्य उपस्थित थे।

महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी का आयोजन 27 से

ज्ञात हो कि पहली बार महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी का आयोजन आगामी 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक रांची में किया जा रहा है। जिसमे भारत के साथ जापान, चीन, कोरिया एवं थाईलैंड की महिला खिलाड़ी शामिल होंगी। इसी संदर्भ में राज्य के युवाओं और युवतियों को खेल के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हॉकी झारखंड के तत्वावधान में एशिया ट्रॉफी का टूर राज्य के सभी 24 जिलों में आयोजित किया जा रहा है।

रामगढ़ डीसी से मिले जिला मंत्री प्रतिनिधि अनिल मुंडा, विभिन्न समस्याओं से कराया अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। खाद्य सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले रामगढ़ जिला मंत्री प्रतिनिधि अनिल मुंडा के बनने के बाद खाद्य आपूर्ति मंत्री उपभोक्ता मामले और वित्त मंत्रालय के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के दिशा निर्देश पर रामगढ़ डीसी चंदन कुमार और खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी रामगढ़ जिला से मिलकर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। वहीं, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने आश्वस्त किया कि गरीब मजदूर किसानों को सभी का राशन कार्ड बनाया जायेगा। साथ ही साथ कोई भी गरीब मजदूर राशन कार्ड से वंचित नहीं रहेगा। वहीं जिला मंत्री प्रतिनिधि बने अनिल मुंडा ने कहा कि त्योहार के बाद बहुत जल्द पूरे जिले का भ्रमण कर वैसे जरूरतमंदों को जिनका राशन कार्ड किसी कारणवश बंद हो गया है उसे पुनः चालू किया जायेगा और वैसे लोग जो परिपूर्ण होने के बावजूद राशन कार्ड बनाकर लाभ ले रहे हैं वह अपना राशन कार्ड सरेंडर कर दें, ताकि गरीबों को उनका हक मिल सके। मिलने वालों में जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, अनिल नायक, राजन करमाली, गगन करमाली, मिथुन मुंडा, अंगद साव आदि शामिल थे।

दुर्गा पाठ कार्यक्रम में शामिल हुए सीसीएल जीएम नीरज सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। नवनिर्मित दुर्गा मंदिर दिगवार में पिंडी स्थानांतरित व सप्तशक्ति दुर्गा पाठ कार्यक्रम के पांचवें दिन सीसीएल कुजू जीएम नीरज सिन्हा शामिल हुए। साथ ही, पुरोहित द्वारा जीएम को रक्षा सूत्र बांधा। वही, मंदिर प्रांगण में जीएम ने मत्था टेका। साथ ही, क्षेत्रवासियों के लिए सुखमय जीवन का कामना करते हुए आशीर्वाद मांगा। इधर, कमिटी अध्यक्ष कुलदीप कुशवाहा व सचिव मनोज गिरी के नेतृत्व में माल्यर्पण व अंगवस्त्र भेंटकर भव्य स्वागत किया। पांचवे दिन पुरोहित शंभू नाथ पंडा, यज्ञाचार्य रामप्रवेश उपाध्याय, शिवम उपाध्याय, आशुतोष पाठक, इश्वर नाथ मिश्रा ने यजमान बने वार्ड पार्षद सह समिति अध्यक्ष कुलदीप कुशवाहा, दामोदर गिरी, विजय गिरी, बलराम गिरी, राजेंद्र कुमार, भागीरथ गिरी, गुड्डू महतो, धनु महतो, रामजी महतो, शंकर गिरी, चंदन कुशवाहा सपत्नीक को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा -अर्चना कराया। इस अवसर पर सीसीएल जीएम ऑपरेशन बीपी गुप्ता, अजय कुशवाहा, अनुपम गिरी, द्वारिका प्रसाद भंडारी, जगदीश महतो, दिवाकर गिरी, रामाशंकर महतो, रवि कुशवाहा, कृष्णा कुमार, दिलीप कुमार, दशरथ महतो, पन्नालाल गिरी, बालेश्वर कुशवाहा, विशेश्वर प्रसाद, किसुन महतो, राहुल गिरी, रामचंद्र महतो, विनोद प्रसाद, अर्जुन कुशवाहा, महेंद्र राम, शशिकांत गिरी, टेकू राम, सुरेंद्र कुमार, संजय साव, रवि कुमार, मुकुल गिरी, आकाश कुमार, विनोद कुशवाहा, दिलेश्वर कुशवाहा समेत कई धर्मप्रेमी शामिल रहे।

दयानंद पब्लिक के बच्चे ने दुर्गा पूजा पर किया कला प्रदर्शन

टंडवा (आजाद सिपाही)। मां सुनैना देवी फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित दयानंद पब्लिक स्कूल गाडिलौंग टंडवा में गुरुवार को विद्यालय प्रांगण में दुर्गा पूजा के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के संस्थापक पवन कुमार चौरसिया, प्राचार्य रजनी कुमारी उपस्तिथ थे। कार्यक्रम का शुभारंभ पवन चौरसिया ने कराया। कार्यक्रम में भक्ति गीत भाषण डांडिया नृत्य गरबा नृत्य तथा नाटक आदि कार्यक्रम किया गया। सभी छात्र-छात्राएं बड़े उत्साह और जोश के साथ कार्यक्रम में भाग लिये। इस मौके पर छात्र छात्रा शिक्षक शिक्षिका उपस्तिथ थे।

मानवाधिकार संघ के जिला प्रवक्ता बने नरेश प्रजापति

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। देश में मानवीय अधिकारो की रक्षा के क्षेत्र में कार्यरत संस्था मानवाधिकार सहायता संघ के प्रदेश अध्यक्ष के देवराज हेसा ने बरकाकाना निवासी नरेश प्रजापति को जिला प्रवक्ता, रामगढ़ जिला नियुक्त किया है। उन्होंने आशा जताई है कि नरेश प्रजापति अपने पद की गरिमा बनाये रखते हुए मानवाधिकार सहायता संघ के नियमों का पालन करेंगे। पदभार संभालने के बाद नरेश प्रजापति ने वरीय पदाधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा है कि पूरी निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करेंगे और संगठन की गोपनीयता बनाये रखेंगे। नरेश प्रजापति के जिला प्रवक्ता बनने पर स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। संघ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद सलीम अंसारी, जिला सचिव रविंद्र मुंडा सहित परिजनों व मुहल्ले वालो ने शुभकामनाएं संदेश दिया है।

उरीमारी ओपी प्रभारी ने दुर्गा पूजा पंडाल का किया निरीक्षण

उरीमारी (आजाद सिपाही)। उरीमारी के हेसाबेडा स्थित दुर्गा पूजा पंडाल का उरीमारी ओपी प्रभारी बीरबल करमाली ने औचक निरीक्षण किया। साथ ही पुजा पंडाल और मेला के लिए चयनित जगह, और रावण दहन स्थल के सुरक्षा को लेकर पुजा कमेटी को दिशा निर्देश दिए। वहीं पुजा पंडाल तक आने में श्रद्धालुओं को परेशानी ना हो इसके लिए सड़क का चौड़ीकरण करने व पुजा पंडाल के आगे लाइट की उचित व्यवस्था करने की पुजा समिति को सलाह दी। वहीं इस मौके पर उरीमारी ओपी ए एस आइ रसिक किस्कू, पुजा कमेटी के सचिव सीताराम किस्कू, लालो महतो, संजय यादव, पोटंगा पंचायत मुखिया चरका करमाली, महावीर प्रसाद, राजेश सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

अनमोल बचपन स्कूल में धूमधाम से मना नवरात्र

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा पटेलनगर स्थित एसएससी कैंपस में अवस्थित अनमोल बचपन स्कूल स्कूल में गुरूवार को धूमधाम व हर्षो उल्लास के साथ नवरात्रि उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां दुर्गा की पूजा-अर्चना सहित कन्याओं और प्राथमिक विद्यालय को छात्राओं को भी देवी स्वरूप ही पूजन कर की गयी। साथ ही अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई में अपना भरपूर सहयोग देने की बात कही गयी। नवरात्रि उत्सव में कक्षा नर्सरी से 5वीं तक के विद्यार्थियों ने पारंपरिक पोशाक में उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान बच्चों ने राम-लक्ष्मण, सीता, हनुमान के वेशभूषा में आकर्षक झांकी प्रस्तुत की, जो आकर्षण का केंद्र रहा। मौके पर संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति की विश्व में विशिष्ट पहचान है। श्रद्धालु भक्ति भाव से मां दुर्गा की पूजा करते हैं। माता दुर्गा बुराई पर अच्छाई की जीत और नारी शक्ति का प्रतीक है।

पूर्व तट रेलवे

'ई' प्रॉक्योरमेंट प्रणाली

निविदा सूचना सं.PCMM/EP/2023-24/97
दिनांक : 16.10.2023

क्रम सं. 01 : निविदा सं. 03233865, सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण : स्टेप कंप्लीट (Step complete), मात्रा : 1746 संख्यक।

क्रम सं. 02 : निविदा सं. 02231004A, सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण : हाई वोल्टेज बुशिंग (Bushing), मात्रा : T.S. के अनुसार।

क्रम सं. 03 : निविदा सं. 06235269, सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण : C-I डिस्टन्स ब्रैकेट की आपूर्ति, मात्रा : T.S. के अनुसार।

क्रम सं. 04 : निविदा सं. 08231073A, सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण : WAG-9 के लिए ट्रांसफॉर्मर ऑयल, मात्रा : T.S. के अनुसार।

क्रम सं. 05 : निविदा सं. 03232041, सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण : एम्पटी लोड बॉक्स का कंप्लीट सेट, मात्रा : 2280 सेट।

क्रम सं. 06 : निविदा सं. 03231362A, सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण : 'K' टाइप ब्रेक ब्लॉक, मात्रा : 11000 संख्यक।

क्रम सं. 07 : निविदा सं. 09233607, सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण : M.S.फ्लैट साइज-4.5mm x 10mm, मात्रा : 39 मीटर।

क्रम सं. 08 : निविदा सं. 09233603, सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण : M.S.फ्लैट साइज-25mm x 6mm, मात्रा : T.S. केअनुसार।

निविदा खुलने की तिथि : क्रम सं. 01, 02, 04, 05 हेतु दिनांक : 06.11.2023, क्रम सं. 03 हेतु दिनांक : 30.10.2023, क्रम सं. 06 हेतु दिनांक : 13.11.2023, क्रम सं. 07 हेतु दिनांक : 09.11.2023 एवं क्रम सं. 08 हेतु दिनांक : 10.11.2023।

संपूर्ण सूचना, ईएमडी, क्रय प्रतिबंध और संपूर्ण निविदा शर्तावली के संबंध में कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in एवं www.eastcoastrail.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें।

प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/भुवनेश्वर

PR-678/O/23-24

एसबीआइ के मुख्य महाप्रबंधक ने आरबीओ और एसएमई ब्रांच का किया उद्घाटन

ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए एसबीआइ अपनी पहुंच और नजदीक कर रहा है: शिव ओम दीक्षित

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। जिले के व्यापारियों के लिए बेहद सुखद समाचार है। त्योहारों के इस मौसम में अगर किसी को अपने व्यापार में चार चांद लगाना है, तो उसके लिए स्टेट भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी बाहें फैला दी हैं। गुरुवार को बैंक के मुख्य महाप्रबंधक ने रामगढ़ में ही रीजनल बिजनेस ऑफिस खोल दिया है। इस ऑफिस के उद्घाटन के साथ ही मुख्य महाप्रबंधक ने एसएमई ब्रांच का भी उद्घाटन किया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक शिव ओम दीक्षित ने बताया कि एसबीआइ अब अपने हर ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए अपनी पहुंच और नजदीक कर रहा है। रीजनल बिजनेस ऑफिस रामगढ़ और चतरा जिले के 32 शाखों को सीधे तौर पर डील करेगा। इससे पहले यहां के ग्राहकों को अपने लोन के लिए रांची की दौड़ लगानी पड़ती थी। लेकिन अब उनके सारे काम रामगढ़ में ही हो जायेंगे। आज इन दोनों जिलों के बैंकों के मैनेजर यहां मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि रीजनल बिजनेस ऑफिस के साथ-साथ एसएमइ ब्रांच का भी उद्घाटन किया गया है। जितने भी छोटे से बड़े व्यापारी इस बैंक के साथ जुड़ना चाहते हैं, वे सीधे तौर पर यहां आ सकते हैं। बैंक हर उस नये विचारों का स्वागत करता है, जो जन सेवा के लिए बने हुए हैं। रामगढ़ के विकास के लिए भारतीय स्टेट बैंक पहले भी काफी काम कर चुकी है। क्षेत्रीय व्यापार कार्यालय होने की वजह से यह दायरा और भी ज्यादा बढ़ा हो जायेगा।

रामगढ़ के विकास में एसबीआई का आरबीओ मिल का पत्थर साबित होगा: उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने कहा कि विकास में बैंकों की भूमिका हमेशा माहती रही है। आज जब रामगढ़ में भारतीय स्टेट बैंक अपना बिजनेस ऑफिस खोल रहा है, तो इसका सीधा असर रामगढ़ के व्यापार जगत से पड़ेगा। व्यापारी बड़े हो या छोटे स्तर के। उन सभी को सीधा बैंकों के साथ जुड़ने का मौका मिलेगा। जो व्यापारी पहले अपने लोन के लिए रांची का चक्कर लगाते थे। अब उनके सारे काम इसी जिले में होंगे और जब दस्तावेजों का काम आसानी से होगा तो उनका व्यापार पर भी इसका असर पड़ेगा।

कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रभास बोस, उप महाप्रबंधक विजय कुमार, ब्रिगेडियर संजय खंडपाल, क्षेत्रीय प्रबंधक रंधीर मिश्रा, रामगढ़ शाखा के मुख्य प्रबंधक मीनल स्मीयर, पतरातू शाखा के मुख्य प्रबंधक राहुल कुमार, रामगढ़ शाखा के उप शाखा प्रबंधक दीपक कुमार, एसएमई ब्रांच मैनेजर गौरव कुमार सहित विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

DR. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY
Ranchi, Jharkhand.

Ref. No.: DSPMU/G/774/23 Dated: 19th October, 2023

TENDER NOTICE

Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi-834008, Jharkhand hereby invites sealed tender from the eligible bidders for "Confidential Printing of Examination Related Document", For detailed information visit University website www.dspmuranchi.ac.in.

Sd/-
Registrar
DSPMU, Ranchi

हमले से बढ़ा तनाव

इजरायल-हमास युद्ध के 11वें दिन मंगलवार को गाजा शहर के एक हॉस्पिटल पर हुए मिसाइल हमले ने इस प्रकरण के सबसे मानवीय और चिंताजनक पहलू को सामने ला दिया। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इसे अभूतपूर्व करार दिया है। उसके मुताबिक गाजा के 115 स्वास्थ्य केंद्र इस हमले की चपेट में आए हैं और शहर के ज्यादातर हॉस्पिटल इसकी वजह से ठप हो गये हैं। वैसे भी खबरें बताती हैं कि इजरायल की चेतावनी के बाद करीब 10 लाख लोग गाजा के उत्तरी हिस्से से दक्षिणी हिस्से की ओर चले गये हैं। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि गाजा पट्टी के छोटे इलाके में आबादी का बड़ा हिस्सा आ गया है और वहां जरूरी चीजों की भारी किल्लत हो गयी है। अगर मानवीय सहायता पहुंचाने की कोई टिकाऊ व्यवस्था जल्द नहीं की गयी तो हालात बेकाबू हो सकते हैं, लेकिन गाजा के बाहर स्थितियों में सुधार की बात तो दूर, तनाव और बढ़ते नजर आ रहे हैं। हॉस्पिटल पर हमले के लिए हालांकि दोनों पक्ष एक-दूसरे को दोषी बता रहे हैं, लेकिन इससे आम लोगों के बड़ी संख्या में हताहत और घायल होने की सच्चाई बदल नहीं जाती। उधर, इजरायल गाजा के भीतरी इलाकों में अपनी सेना भेज कर हमास का खात्मा करने के अपने संकल्प पर अड़ा हुआ है, उसकी फौज इस अभियान को अंजाम देने के लिए आखिरी पलों की तैयारियों में जुटी है। वहीं ईरान ने यह धमकी दे दी है कि अगर गाजा पर इजरायल के युद्ध अपराध नहीं रुके तो दुनिया भर के मुसलमान जंग में उतरेंगे और ईरान की सेना को कोई रोक नहीं पायेगा। यूं तो इजरायल और ईरान की सीमाएं साथ नहीं लगतीं, लेकिन लेबनान का बॉर्डर इजरायल से लगता है, जहां के मिलिटेंट ग्रुप हिजबुल्ला की ईरान मदद करता आया है। इन सबके बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन बुधवार को इजरायल पहुंच गये, लेकिन यह देखना बाकी है कि उनकी बातचीत से इजरायल के रुख में किसी तरह का बदलाव आता है या नहीं। हॉस्पिटल पर मिसाइल हमले के बाद जॉर्डन ने राष्ट्रपति बाइडन और इजिप्ट व फलस्तीन के नेताओं के साथ होने वाली बैठक टाल दी है। जहां तक आम लोगों के विरोध प्रदर्शन की बात है, तो अभी तो सिर्फ वेस्ट बैंक और ईरान के कुछ शहरों में यह देखने को मिला है, लेकिन हॉस्पिटल पर हमले के बाद लोगों से सड़कों पर निकलने की अपीलें शुरू हो गयी हैं। अगर यह सिलसिला शुरू होता है, तो जनमत का दबाव उन सरकारों को भी रुख कड़ा करने पर मजबूर कर सकता है, जो अभी इस मामले में कोई कदम उठाने से बचना चाहती हैं। कुल मिला कर देखा जाये तो हमास-इजरायल युद्ध की आंच फैलने की आशंका हर पल मजबूत होती जा रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध के नतीजों से जूझती दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन बुधवार को इजरायल पहुंच गये, लेकिन यह देखना बाकी है कि उनकी बातचीत से इजरायल के रुख में किसी तरह का बदलाव आता है या नहीं। हॉस्पिटल पर मिसाइल हमले के बाद जॉर्डन ने राष्ट्रपति बाइडन और इजिप्ट व फलस्तीन के नेताओं के साथ होने वाली बैठक टाल दी है।

अभिमत
आजाद सिपाही

पिछले दिनों इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 2006 के चर्चित निठारी हत्या कांड के दोनों आरोपियों को बरी कर दिया। जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा और जस्टिस एसएएच रिजवी की खंडपीठ ने कहा कि निठारी हत्याकांड की जांच करने में अभियोजन पक्ष की विफलता, जांच एजेंसियों द्वारा जनता के भरोसे के साथ विश्वासघात से कम नहीं है।

निठारी कांड : सीबीआइ पर फिर उठे सवाल

रजनीश कपूर

जब भी कभी कोई न सुलझने वाला अपराध होता है तो मामला देश की सर्वोच्च जांच एजेंसी, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) को सौंप दिया जाता है। इस उम्मीद से कि यह एजेंसी देश की सबसे काबिल और श्रेष्ठ जांच एजेंसी है, परंतु क्या सीबीआइ में कार्य करने वाले अधिकारी हर अपराध की तह तक आसानी से पहुंच पाते हैं? क्या इन जांच अधिकारियों को अपराध के सभी प्रमाण व अन्य जानकारियां आसानी से मिल जाती हैं?

क्या अपराध के सीन पर सबसे पहले पहुंची स्थानीय पुलिस अपना काम पूरी तत्परता से करती है और क्राइम सीन पर किसी भी तरह के सबूत को मिटाती नहीं है? क्या दोषी को सजा दिलवाने के लिए पुलिस और सीबीआइ एक ठोस केस बना पाते हैं जो अदालत में टिका रहे और आरोपी को सजा मिल जाये? अफसोस की बात है कि ऐसे सवालों का जवाब प्रायः हमें नहीं में मिलता है। ऐसे कई उदाहरण मिल जायेंगे जहां अपराध के कई चर्चित मामलों में सीबीआइ को कोर्ट के आगे शर्मिंदा होना पड़ा और सबूतों की कमी के कारण आरोपी आसानी से छूट गये।

ऐसे कई उदाहरण मिल जायेंगे जहां अपराध के कई चर्चित मामलों में सीबीआइ को कोर्ट के आगे शर्मिंदा होना पड़ा और सबूतों की कमी के कारण आरोपी आसानी से छूट गये।

पिछले दिनों इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 2006 के चर्चित निठारी हत्या कांड के दोनों आरोपियों को बरी कर दिया। जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा और जस्टिस एसएएच रिजवी की खंडपीठ ने कहा कि निठारी हत्याकांड की जांच करने में अभियोजन पक्ष की विफलता, जांच एजेंसियों द्वारा जनता के भरोसे के साथ विश्वासघात से कम नहीं है।



जब भी कभी ऐसे अपराधों के हर पहलू की सही जांच होती है, तो पीड़ितों के परिजनों और जनता के बीच यह संदेश जाता है कि जांच एजेंसियां अपना काम स्वायत्तता और निष्पक्ष रूप से कर रही हैं। देश की शीर्ष जांच एजेंसियों का सिद्धांत यह होना चाहिए कि जघन्य अपराधों के किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा।

परंतु इस निर्मम हत्या कांड में जिन बच्चों ने अपनी जान गंवाई उनके माता-पिता के मन में यह सवाल उठना वाजिब है कि अगर निठारी कांड के आरोपी मोनिंदर सिंह पंढेर और सुरेंद्र कोली बेकसूर हैं, तो इतनी सारी हत्याएं किसने कीं? वहीं दूसरी तरफ यह भी सवाल उठ रहे हैं कि यदि ये दोनों आरोपी निर्दोष थे तो निचली अदालत ने इन्हें किस आधार पर फांसी की सजा सुनायी? क्या निचली अदालत से कोई त्रुटि हुई या हाई कोर्ट में जांच एजेंसियों ने सभी तथ्यों को मजबूती से पेश नहीं किया?

गौरतलब है कि 2006 के इस हत्या कांड की जांच को सीबीआइ ने 11 जनवरी 2007 को अपने हाथ में लिया था। 26 जुलाई 2007 को सीबीआइ ने अदालत में चार्जशीट पेश की। इस मामले की सुनवाई सीबीआइ कोर्ट में 305 दिन तक चली। सुनवाई के दौरान कुल 38 गवाह पेश किये गये। शायद निचली अदालत को इस मामले में पर्याप्त सबूत और गवाह मिले होंगे, तभी इन आरोपियों को फांसी की सजा सुनायी गयी, परंतु जैसा अधिकतर मामलों में होता आया है, जैसे ही यह मामला हाइकोर्ट पहुंचा, सीबआइ की जांच संतोषजनक नहीं पायी गयी। पाठकों को याद होगा कि जांच के दौरान दोनों आरोपियों ने अपने-अपने जुर्म कबूले भी थे। तमाम सबूतों के आधार पर आरोपियों को फांसी की सजा सुनायी गयी थी, परंतु हाइकोर्ट ने इन सब तथ्यों को काफी नहीं माना और आरोपियों की रिहाई के आदेश दे दिए।

हाइकोर्ट के फैसले के विरुद्ध सीबीआइ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा कब खटखटायेगी, यह तो आने वाला समय ही बतायेगा। परंतु यदि हाई कोर्ट ने सीबीआइ की जांच में कमियां पायी हैं, तो इसका मतलब स्पष्ट है कि सीबीआइ जैसी श्रेष्ठ जांच एजेंसी ने अपना काम पूरी तत्परता से नहीं किया। यदि किया होता तो आज ऐसी नौबत नहीं आती। क्या सीबीआइ ने जान बूझकर अपनी जांच में कुछ ऐसी कमियां छोड़ीं जिससे कि आरोपियों की रिहाई का रास्ता साफ हो सके? यदि कोई ऐसा सोचे कि क्या निचली अदालत ने जनता व मीडिया के दबाव में आरोपियों को सजा सुनायी, तो यह सही नहीं होगा। यदि आरोपी मोनिंदर सिंह पंढेर और सुरेंद्र कोली निर्दोष थे, तो उनके नोएडा स्थित मकान में इस अपराध के कई अहम सबूत कैसे मिले? जब दोनों आरोपी अपने इकबालिया बयान में इस निर्मम हत्या कांड को अंजाम देने की बात स्वीकार चुके हैं, तो फिर निचली अदालत का फैसला गलत कैसे हुआ? यह सवाल उठता है कि क्या सीबीआइ को इस जांच में ढुलमुल रवैया अपनाने को 'ऊपर से आदेश' मिले थे?

मामला किसी बड़े घोटाले की जांच का हो, निठारी, आरुषि या मधुमिता शुक्ला जैसे चर्चित हत्याकांड की जांच का हो, इन मामलों की जांच कर रही सीबीआइ का ढीला और सुस्त रवैया ही अपराधियों को रिहा होने का मौका देता है। अगर सही वक्त पर पुलिस, सीबीआइ व अन्य एजेंसियों द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाती है, तो ऐसा नहीं होता।

जब भी कभी ऐसे अपराधों के हर पहलू की सही जांच होती है, तो पीड़ितों के परिजनों और जनता के बीच यह संदेश जाता है कि जांच एजेंसियां अपना काम स्वायत्तता और निष्पक्ष रूप से कर रही हैं। देश की शीर्ष जांच एजेंसियों का सिद्धांत यह होना चाहिए कि जघन्य अपराधों के किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा। फिर वो चाहे किसी भी विचारधारा या राजनीतिक पार्टी का समर्थक ही क्यों न हो, परंतु हमारे देश में ऐसा कब और कैसे होगा यह तो देखने वाली बात है।

जमशेदपुर की खबरें

आदिवासी जमीन पर अवैध कब्जे की होगी जांच : चंपई सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

चाइबासा। कोल्हान भूमि बचाओ समिति का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को रांची में आदिवासी कल्याण मंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात की। मंत्री के आवास पर हुई इस मुलाकात में प्रतिनिधिमंडल में शामिल रैयतों ने चाईबासा के आसपास हो रहे आदिवासी जमीन पर अवैध कब्जे व फजीर्वाड़े की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। मंत्री चंपई सोरेन ने सारी शिकायतें सुनने के बाद नियमानुसार मामले की जांचकर कार्रवाई की बात कही। ये भी कहा कि सरकार को भी इसकी सूचना दें। समिति के उपाध्यक्ष डीबर देवगम ने मंत्री से कहा कि चाईबासा के मतकमहातू में दस आदिवासियों की जमीन पर बनवारी लाल नेवटिया का करीब तीस वर्षों से अवैध कब्जा है। इसमें मेरी भी पुश्तैनी जमीन है। नेवटिया दावा करता है कि उन्होंने सीएनटी एक्ट की धारा-49(6) के तहत यह जमीन खरीद ली है. इस पर चंपई सोरेन ने कहा कि इस मामले में नियमानुसार जांच करवायी जायेगी और सबों को जमीन वापस मिल सकेगी. एलियास बोदरा ने कहा कि बिरुवा पथ चाईबासा में उनकी जमीन पर भागीरथी लाल तोसावड़ नामक व्यक्ति का अवैध कब्जा है।

1964 सैटलमेंट अभिलेख में फजीर्वाड़ा करके ऐसा किया गया है। मतकमहातू के रैयत मानकी देवगम ने कहा कि मेरे गांव में रतिलाल तांती नामक व्यक्ति का मेरी 0.41 डिसमिल जमीन पर अवैध कब्जा है. इसका खाता संख्या- 07, प्लॉट संख्या- 646 तथा 0.41 डिसमिल है. वो इसे फजीर्वाड़े से बेचने की फिराक में है. जिले के अभिलेखागार से 1913-14 सेटलमेंट खतियान भी गायब हो रहे हैं। इसमें जिले के अधिकारियों की ही मिलीभगत है। ऐसे मामलों में कार्रवाई होनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में समिति के उपाध्यक्ष डीबर देवगम, सचिव चाहत देवगम, एलियास बोदरा, मानकी देवगम शामिल थे।

विधायक ने कई दुर्गापूजा पंडाल का किया उद्घाटन, क्षेत्र और राज्य में सुख शांति के लिए की कामना

मां दुर्गा का आशीर्वाद सदैव बना रहे, तेजी से हो क्षेत्र का विकास : मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। लौहनगरी जमशेदपुर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में हर्ष उल्लास के साथ मां दुर्गा की पूजा का आयोजन किया गया। गुरुवार को जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के अलग अलग जगह में विधायक मंगल कालिंदी ने पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। विधायक ने परसुडीह दुर्गा बाड़ी के सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिति,नेताजी मिलन संघ विद्या सागर पल्ली, हलुदबनी नेताजी सुभाष चंद्र बोस मिलन संघ क्लब,साउथ ईस्टर्न रेल्वे दुर्गा पूजा व काली पूजा कमिति और श्री श्री दुर्गा पूजा कमिति जोजोबेड़ा के दुगार्पूजा पंडाल का फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर स्थानीय लोगों के साथ पूजा अर्चना कर क्षेत्र में खुशहाली का कामना की। वही विधायक ने उपस्थित आयोजकों के साथ क्षेत्र के लोगों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी। विधायक ने कहा दुगार्पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है।माँ दुर्गा का आशीर्वाद सदैव जुगसलाई विधानसभा व झारखंड वासियों को मिला रहे यही कामना करते है। मौके पर पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, जिला परिषद सदस्य पूर्णिमा मल्लिक, मुखिया अरुणा एक्का, मानिक मल्लिक, महेश सिंह, तरुण पाल, मनोज सरकार, कृष्णा कालिन्दी, मुनमुन चक्रवर्ती, संजय सिंह, बापी शंकर कालिन्दी, शिबू ओझा, सौरव मित्रा नियोगी सहित सैकड़ो श्रद्धालु शामिल रहे।

आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग को एआइसीटीई का मिला अनुमोदन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। शिक्षा के क्षेत्र में आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का पहचान लगातार बढ़ रही है। कॉलेज प्रबंधन के बेहतर प्रयास से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के साथ प्रतिवर्ष प्लेसमेंट भी मिल रही है। विगत कई वर्षों से कॉलेज प्रबंधन ने एआईसीटीई से विर्किंग प्रोफेशनल के डिग्री और डिप्लोमा स्तर के अध्ययन का अनुमोदन की प्रतीक्षा की जा रही थी। सत्र 2023 से विर्किंग प्रोफेशनल के डिग्री व डिप्लोमा स्तर के अध्ययन के लिए एआईसीटीई दिल्ली से अनुमति मिल गयी। अब सरकारी या गैर सरकारी महकमें, उद्योगों में कार्यरत लोगों को बिना किसी रूकावट के आगे अध्ययन करने का अवसर प्राप्त होगा। एआईसीटीई कार्यालय से निर्गत पत्र के अनुसार डिग्री स्तर पर मकैकेनिकल इंजीनियरिंग में 30, इल्केट्रीकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में 30, कम्प्यूटर साईंस एण्ड इंजीनियरिंग में 30, डिप्लोमा स्तर पर मकैकेनिकल इंजीनियरिंग में 30, इल्केट्रीकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में 30 और कम्प्यूटर साईंस एण्ड इंजीनियरिंग में 30 सिटों का आवंटन किया गया। गुरुवार को प्राचार्य डॉ राजेश कुमार तिवारी ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा जमशेदपुर एक औद्योगिक शहर है। एआईसीटीई के द्वारा आवंटित सीटो का उपयोग औद्योगिक संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारीगण आगे की पढ़ाई पूरी कर सकेंगें। उन्होंने कहा शहर के कई कंपनियों में कार्यरत अनगिनत कर्मचारियों के लिए एक अवसर प्रदान करेगा। इस अनुमोदन से कॉलेज के सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कार्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। मौके पर आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के अध्यक्ष बिन्दा सिंह, सचिव भरत सिंह व कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने आरवीएस परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी।

नवरात्र के पांचवें दिन भी बंद रही टाटा कांड्रा मुख्य मार्ग की स्ट्रीट लाइट

जेआरडीसीएल पर कार्रवाई करे राज्य सरकार : पुरेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। टाटा- कांड्रा मुख्य मार्ग व सर्विस रोड में बीते लगभग एक साल से कई खम्बे में बल्ब खराब होने से शाम होते ही आम लोगों को अंधेरे में गुजरना पड़ता है। जिसके कारण कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। बीते एक माह से आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह ने जेआरडीसीएल के जीएम राजीव सिंहा से दुगार्पूजा के पूर्व लाइट चालू कराने की मांग की थी। पुरेंद्र ने सभी बंद पड़ी सोडियम वेपर लाइटों को चालू करने व दुर्गा पूजा के दौरान सप्तमी से लेकर दशमी तक स्ट्रीट लाइट के लिए डीजी की व्यवस्था करने के लिए मांग की। वही जेआरडीसीएल के जीएम राजीव सिंहा ने आश्वासन देते हुए रांची से सोडियम बल्ब मंगाकर दुर्गा पूजा से पूर्व हाइड्रा की मदद से मुख्य मार्ग के बंद लाइट चालू करने की बात कही थी। उन्होंने चार दिन के लिए डीजी की व्यवस्था के लिए भी आश्वासन दिए थे। पुरेंद्र ने बताया आदित्यपुर गम्हरिया में कुल 6 डीजी जनरेटर लगाने का आश्वासन मिला था। लेकिन लेकिन तीन दिन बीत गई बंद पड़े मरमती का काम अभी तक शुरू नही हुआ। जबकि सर्विस रोड के स्ट्रीट लाइट बीते एक साल से भी ज्यादा समय से बंद पड़ी है। पुरेंद्र ने कहा जेआरडीसीएल के मनमानी से सड़क दुर्घटना व अन्य समस्या उत्पन्न होने की संभावना बनी हुई है। उन्होंने कहा आम जनता की मांग को जेआरडीसीएल के उच्च अधिकारी अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार से सघन जांच कर जेआरडीसीएल पर उचित कार्रवाई के लिए मांग की। मौके पर पुरेंद्र नारायण सिंह, देव प्रकाश, कुमार विपिन बिहारी प्रसाद, शिक्षाविद एस डी प्रसाद, प्रमोद गुप्ता सहित अन्य शामिल रहे।

कलश स्थापना से ही महिलाएं व्रत रखकर कर रहीं देवी की आराधना

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। आशियाना अनंतारा सोसाइटी में कलश स्थापना के दिन से ही 21 महिलाओं के द्वारा व्रत रखकर मां दुर्गा का सामूहिक पाठ किया जा रहा है। गुरुवार को सोसाईटी के अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया 2016 से आशियाना अंनतारा सोसाइटी में दुर्गा पूजा का आयोजन की जारही है। प्रत्येक वर्ष कलश स्थापना के दिन से ही 21 महिलाओं के द्वारा सामूहिक व्रत रखकर मां दुर्गा की पूजा की जाती है। महालय के दिन स्वर्णरेखा नदी से कलश में जल लाकर महिलाओं के ने पुजा स्थल में स्थापित किया। उसके बाद प्रतिदिन सुबह व शाम सामूहिक पाठ कर मां की आरती और पुष्पांजलि की जाती है। विकास सिंह ने बताया पूरे पंडाल को प्लास्टिक मुक्त रखा जायेगा। महा सप्तमी से लेकर विजयदशमी तक समिति के सभी लोगों को सामूहिक प्रसाद व भोजन की व्यवस्था सम्मिलित रूप से एक स्थान में की जाती है। प्रत्येक दिन बच्चे , युवाओं, महिलाएं व बुजुर्गों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जाती है। महानवमी के दिन महिलाओं के द्वारा ओपन डांडिया का आयोजन होता है। जिसकी तैयारी महिलाएं दो माह पूर्व से करती है। इस अवसर पर पूजा कमेटी के विकास सिंह,रंजन शरण, विकास शर्मा,ए के मैथी, बी के शरण, हरेंद्र सिंह,विद्या शरण, गीता महंथी, नीलम प्रसाद, कुसुम मिश्रा, शांति झा, आरुषि, कमला, सुजाता, कालिन्दी देवी, रंजिता, सुधार झा, रतन झा, शिवपुजन प्रसाद, राजन शर्मा शामिल रहे।

सभी धर्मों के धार्मिक कार्यों के लिए पूरी तरह समर्पित हूं : मंत्री मिथिलेश

गढ़देवी मंदिर का बनेगा भव्य तोरण द्वार, शौचालय व स्नानागार की भी होगी व्यवस्था, मंत्री ने किया भूमि पूजन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा स्थित मां गढ़देवी मंदिर का भव्य तोरण द्वार का पुनर्निर्माण किया जायेगा। साथ ही शौचालय और स्नानागार का भी निर्माण किया जायेगा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गुरूवार को विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन और शिलान्यास किया। तत्पश्चात मंत्री श्री ठाकुर ने टंडवा में नवनिर्मित गोरेया स्थान मंदिर व आयोजित भंडारा का फीता काटकर और पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां गढ़देवी गढ़वा वासियों सहित संपूर्ण झारखंड वासियों को हमेशा खुशहाल रखें। आज मां गढ़देवी के आशीर्वाद से ही गढ़वा का नवनिर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोग आपसी भेदभाव भूलकर एकता के सूत्र में बंधे, तभी पूरे समाज का बेहतर तरीके से विकास होगा। दशहरा बुराई पर अच्छाई की, असत्य पर सत्य की जीत तथा आसुरी शक्तियां के नाश का प्रतीक त्यौहार है। हम सभी को मिलकर समाज से आसुरी शक्तियों को समाप्त करना होगा। उन्होंने कहा कि वे सभी धर्मों के धार्मिक कार्यों के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। हम सभी गढ़वा वासियों ने गढ़वा को बदलने का संकल्प लिया है। इसे पूरा करने के लिए वे पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि हम सभी को मूल उद्देश्य से भटकना नहीं चाहिए। सभी को मिलकर समाज से जाति, धर्म, उंच नींच के भेदभाव, समाज के फैली बुराईयों को मिटाना होगा, तभी माता रानी प्रसन्न होंगी। मौके पर मुख्य रूप से गढ़देवी मंदिर के पुजारी राजन पांडेय, चिंटू पांडेय, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, सीओ मयंक भूषण, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, अराधना सिंह, रेखा पाठक, कंचन साहु, कुलदीप गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

गढ़वा में जहां भी कदम रखेंगे वहां विकास की नयी किरण दिखेगी : मंत्री मिथिलेश ठाकुर

मंत्री ने किया दो करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से निर्मित पुल का उद्घाटन

टंडवा में दानरो नदी पर भी होगा नया पुल का निर्माण

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। शहर के मझिआंव मोड़ स्थित सरस्वती नदी पर नवनिर्मित उच्च स्तरीय पुल का गुरूवार को उद्घाटन किया गया। दो करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से निर्मित इस पुल का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर और फीता काटकर किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इस पुल के निर्माण से गढ़वा शहर को जाम से काफी हद तक मुक्ति मिलेगी। किसी को भी कार्य को करने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति की जरूरत होती है। सिर्फ झूठ और फरेब के बल पर जनता को ठगने से कोई काम नहीं होता है। मंत्री ने कहा कि वर्षों से यह पुल, बस स्टैंड, टाउन हॉल काफी जर्जर हो चुका था। परंतु पूर्व के जनप्रतिनिधि ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। चुनाव जीतने के बाद जब उन्होंने सर्वे कराया तब गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में 2400 किलोमीटर कच्ची सड़क थी। आज पूरे गढ़वा में एक हजार किलोमीटर पक्की सड़क बन रही है। इनमें कुछ का कार्य पूर्ण हो चुका है, कुछ का निर्माण कार्य चल रहा है, कुछ का टेंडर हो चुका है। गढ़वा बस स्टैंड, सरस्वती नदी पर पुल, रंका मोड़ पर घंटा घर, टाउन हॉल, नया समाहरणालय, बिरसा मुंडा पार्क आदि सहित गढ़वा में इतनी संख्या में सड़क और पुल आदि का निर्माण किया जा रहा है कि सबकी गिनती करना संभव नहीं है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा में जहां भी कदम रखेंगे, हर कदम पर विकास की नई किरण दिखेगी। उन्होंने कहा कि टंडवा में दानरो नदी पर स्थित पुल काफी जर्जर हो चुका है। वहां भी इसी वितीय वर्ष में नये पुल का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता अगर उन्हें अपना प्रतिनिधि नहीं बनाती तो आज गढ़वा में बाईपास भी देखने को नहीं मिलता। उनके अथक प्रयास से ही काफी तेज गति से बाईपास का निर्माण हो रहा है। पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारियों ने एनएचएआई को पत्र प्रेषित कर शंखा से खजुरी तक सड़क का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण करने का प्रस्ताव भेजा है। इसके हो जाने से गढ़वा में भी डिवाईडर के साथ सड़क चौड़ी हो जायेगी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि 2024 के अंत तक गढ़वा इस स्थिति में पहुंच जायेगा कि बाहर के लोग यहां विकास कार्य देखने आयेंगे। मौके पर बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार आदि ने विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से सीओ मयंक भूषण, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, चंदन केशरी, सुशील केशरी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

वन कर्मियों की लापरवाही से तोड़ा जा रहा पहाड़ों से अवैध पत्थर

सगमा (आजाद सिपाही)। अपने खूबसूरती के लिए मशहूर झारखंड के पहाड़ों का मौजूद पत्थरों के अवैध उत्खनन की वजह से खतरे में पड़ रहा है। ऐसा ही एक मामला देखने को गढ़वा जिले के रमना प्रखंड से आया है। जहां वन कर्मियों की लापरवाही से आये दिन पहाड़ों से पत्थर तोड़ा जा रहा है। भागोडीह बिजली सब स्टेशन ग्रिड के पास तल्याराज पहाड़ी से पत्थर तस्कर आये दिन पत्थर तोड़ रहे है। वन विभाग के द्वारा कोई कार्यवाही पत्थर तस्करों पर नहीं किया गया है। जिससे पत्थर तस्करों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। तस्करों पर करवाई नहीं किये जाने से वन कर्मियों पर सवाल उठना लाजमी है। रमना प्रखंड के खूबसूरतो पहाड़ों में से तल्याराज भी एक सुंदर व आकर्षक पहाड़ है। जिसकी खूब सुंदरती को देखने व घुमने पर्यटक आते हैं। परंतु अब पत्थर तस्करों की वजह से यह पहाड़ खतरे में है।

एक दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

रमना (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत विकास सुचांक का प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण अयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन अंचला अधिकारी वासुदेव राय, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी, मुखिया संघ के अध्यक्ष अजीत कुमार पांडे, विधायक प्रतिनिधि रूप नारायण यादव, 20 सूत्री सदस्य अनुज चंद्रवंशी, पंचायती राज्य के विक्रांत कुमार, नीति आयोग से पूजा यादव, ज्याश्री देशमुख ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सीओ सह बीडीओ वासुदेव राय ने कहा कि विभिन्न विभागों के द्वारा सही अंक प्रस्तुत नहीं करने के कारण रमना प्रखंड को आंशिक क्षेत्र बनाया गया है। जिसको लेकर एक पंचायत में किये गये कार्यों का मूल्यांकन किया जा रहा है। वहीं नीति आयोग के अधिकारी पूजा यादव ने बताया कि रमना प्रखंड के कर्णपुरा, टंडवा, बहियार कला, बहियार खूर्द, मड़वानिया व सिलीदग पंचायत में प्रथम चरण सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को सही तरीके से धरातल पर उतारने और जागरुक करते हुये सूचांक को उपर उठाना है जिससे प्रखंड का स्वर्गीन विकास हो सके।

दुर्गा पूजा को लेकर भवनाथपुर में प्रशासन ने फ्लैग मार्च किया

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकस है। सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर गुरुवार की शाम को भवनाथपुर थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर अरसली उतरी, अरसली दजशिनी, मकरी, चपरी, कोन मंडरा, धनी मंडरा, सिंदुरिया, टाउनशिप और बाजार क्षेत्र के मुख्य मार्ग से ब्लॉक गेट होते हुए कपूरी चौक तक निकली। इस मौके पर थाना प्रभारी द्वारा सभी लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में शारदीय नवरात्रि का त्योहार मनाने की अपील की गयी।

बीडीओ ने यथाशीघ्र आवास बनाने के लिए धुरकी के लाभुकों से किया आग्रह

धुरकी (आजाद सिपाही)। बीडीओ जुल्फिकार अंसारी ने धुरकी पंचायत के शक्ति गांव मे प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुको के घर पहुंचकर पहला और दुसरा किश्त का पैसा लेकर आवास को नही बनाने वाले लाभुको के घर पहुंचकर गुरुवार को यथाशीघ्र आवास को बनाने के लिए आग्रह किया है। बीडीओ ने शक्ति गांव में आवास के लाभुको के घर पहुंचकर पैसा लेने के बाद भी आवास नही बनाने वाले लाभुको से कहा की जो लाभूक पहला और दुसरा किश्त का पैसा लेकर आवास नही बना रहे हैं वह शीघ्र आवास का काम पुरा करें, उन्होने यह भी कहा कि जो आवास बनाने मे असमर्थ हो गये हैं वैसे लाभूक आवास का पैसा वापस करें। बीडीओ ने लाभुको के घर पहुंचकर निमार्णाधीन आवास का निरीक्षण भी किया। उन्होने कहा की लाभुक अगर आग्रह करने के बाद भी आवास नही बनायेंगे और पैसा वापस नही करेंगे तो उनके विरुद्ध कानुनी कायार्वाई भी की जायेगी। बीडीओ ने कहा की गरीब वंचित लोगो को दो लाख रुपये का अबुआ आवास का लाभ दिया जायेगा।

सरस्वती विद्या मंदिर में अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल वितरित

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में वंदना सभा में प्रधानाचार्य रविकांत पाठक द्वारा अर्धवार्षिक परीक्षा का परीक्षाफल वितरित किया गया। वंदना सभा में कक्षा में आये प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान वाले भैया-बहनों को प्रधानाचार्य द्वारा रिपोर्ट कार्ड दिया गया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि परीक्षाफल और ज्यादा उत्कृष्ट हो इसके लिए भैया-बहनों को कठिन व लगातार परिश्रम करनी चाहिए। मध्यावकाश के बाद खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें एलकेजी से दशम तक के भैया-बहन भाग लिए प्रतियोगिता में मुख्य रूप से कबड्डी, बाधा दौड़, चम्मच गोली रेस, गुब्बारा फुलाव प्रतियोगिता हुई।

डीलर की मनमानी से तंग आकर ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय कांडी में जमकर हंगामा किया

आजाद सिपाही संवादाता

कांडी। प्रखंड क्षेत्र के मझिगावां पंचायत और गांव के जन वितरण प्रणाली लाभुकों ने डीलर की मनमानी से तंग आकर प्रखंड कार्यालय कांडी में गुरुवार को जमकर हंगामा किया। उन्होंने कहा कि भीषण अकाल में वे भुखमरी के शिकार हैं और सरकार द्वारा भेजे गये अनाज की डीलर के द्वारा कालाबाजारी कर दी जा रही है। और प्रशासन इस पर मौन है। आखिर हम लोग कहां जाएं किस से दो मुट्ठी अनाज की मांग करें। जिससे भूख से अकुलाती अंतड़ियों को शांत किया जा सके। कांडी प्रखंड क्षेत्र के पंचायत एवं गांव माझिगांवां के आजाद नगर टोला निवासी जन वितरण प्रणाली विक्रेता रामनरेश राम लाइसेंस नंबर 03/11 के द्वारा कार्ड धारी लाभुकों के साथ काफी मनमानी की जा रही है। लाभुकों ने कहा कि डीलर के द्वारा अगस्त और सितंबर 2 महीना के राशन का उठाव कर लिया गया है। इसके साथ ही लाभुकों से बायोमेट्रिक मशीन पर दोनों महीना का अंगूठा लगवा लिया गया है। लेकिन डीलर ने केवल एक महीना अगस्त का ही राशन दिया। कहा कि उसे ब्लॉक से एक महीना का ही राशन मिला है। प्रखंड प्रशासन से अपने हक के अनाज की मांग करने वालों में मीना देवी, चिंता देवी, मुनिता देवी, मंजू देवी, सुनीता, संकरी, मुनिया, जीरा, कृष्णा सिंह, पिंटू पासवान, धनंजय, श्रवण पासवान, सहित सैकड़ो लोगों का नाम शामिल है। लाभुकों की परेशानी को सत्य बताते हुए इनके लिए मझिगावां पंचायत की मुखिया रीता देवी, पंचायत समिति सदस्य पवित्री देवी, वार्ड सदस्य चंचला देवी और वार्ड सदस्य लालती देवी ने भी इंसाफ की गुहार लगाते हुए इन्हें नियमित रूप से राशन दिलाये जाने की मांग की है। मालूम हो कि लगभग पूरे प्रखंड क्षेत्र की एक समान स्थिति है। इसी तरह के मामले को लेकर स्थानांतरित प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने रतनगढ़ गांव के पीडीएस दुकान से जुड़े हुए स्वयं सहायता समूह के सभी 10 सदस्यों के खिलाफ कांडी थाना में एफआईआर दर्ज कराया है।

रामलीला के दौरान मंच पर ही कलाकार की मौत

परशुराम की भूमिका निभा रहे कलाकार की हार्ट अटैक से चली गयी जान

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। 10 साल से रामलीला में भगवान परशुराम की भूमिका निभानेवाले विनोद प्रजापति की अभिनय करने के दौरान ही मौत हो गयी। पहले तो मंच पर मौजूद साथी कलाकारों को लगा कि यह अभिनय का हिस्सा है, लेकिन जब आवाज लगाने के बाद भी वह मंच पर बेसुध पड़े रहे, तो मंच का पर्दा लगा दिया गया।

मंच पर ही हुई मौत

रामलीला देख रहे दर्शकों को भी यह आभास नहीं हुआ कि विनोद की मौत हो गयी है। अब इस घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उनको अभिनय करते और मंच पर गिरते देखा जा सकता है। घटना झारखंड के गढ़वा जिले के डंडई प्रखंड क्षेत्र की है। मृतक का नाम विनोद प्रजापति (40 वर्ष) था। घटना के बाद रामलीला के आयोजन को बंद कर दिया गया। त्योहार के मौके पर हर साल रामलीला में निभायी गयी अपनी भूमिका के लिए इलाके में उनकी अलग पहचान होती थी। अभिनय का शौक था, तो 10 साल से इसी मंच पर अपने शौक को जिंदा रख रहे थे।

पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने विधायक भानु प्रताप का आभार जताया

आजाद सिपाही संवाददाता

सगमा। विशेष प्रमंडल गढ़वा के द्वारा सोनडीहा गांव में पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने विधायक भानु प्रताप के प्रति आभार व्यक्त किया है ।

गौरतलब है कि प्रखंड के दक्षिण सोनडीहा में पुल के अभाव में सोनडीहा गांव दो भागों में विभक्त था। पुल नहीं होने से वर्षात के दिनों में ग्रामीणों को भारी परेशानी से दो चार होना पड़ता था स्थिति यह था कि एक भाग में रहने वाले किसानों का अधिकतर खेती की जमीन दूसरे भाग में पड़ता है इस कारण बारिस के दिनों में नदी में पानी भरे होने से किसानों का आवागमन बंद हो जाता था। इसे लेकर ग्रामीणों के द्वारा लंबे समय से पुल निर्माण की मांग जनप्रतिनिधियों से करते करते थक चुके थे मगर विधायक भानु प्रताप के अथक प्रयास के बाद विषेस प्रमंडल गढ़वा के द्वारा पुल निर्माण की स्वीकृति दिए जाने पर गांव के लोगों में उत्सव का माहौल देखा जा रहा है। पुल स्वीकृति के बाद सगमा मंडल के मंडल अध्यक्ष दिलीप यादव विधायक प्रतिनिधि राजेश बैठा बबलू ठाकुर धर्मजीत यादव, सखिचंद प्रजापति, रविरंजन, धर्मेंद्र यादव, राजु गुप्ता अरुण, प्रताप, रामसिस ने विधायक भानु प्रताप के प्रति आभार व्यक्त किया है ।

मुखिया के विरोध में वार्ड सदस्यों ने डीसी से कार्रवाई करने की मांग की

गढ़वा। सदर प्रखंड के रंका पंचायत के मुखिया ,मुखिया पति एवं पुत्र के विरोध में वार्ड सदस्यों ने अभद्र भाषा और धमकाने के संबंध में लिखित आवेदन उपयुक्त गढ़वा और प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौप कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। मौके पर ब्रह्मदेव साहू ने कहा कि सदर प्रखंड पंचायत के मुखिया मुखिया पति और मुखिया पुत्र के द्वारा 16 अक्टूबर को व्हाट्सएप के माध्यम से यह सूचना दिया गया कि पंचायत भवन में ग्राम सभा की बैठक 17 अक्टूबर को रखा गया है। बैठक में सभी वार्ड सदस्य उपस्थित हुए उसके बाद पंचायत भवन में चर्चा शुरू हुई कि किस विषय पर ग्राम सभा बुलाया गया है। पंचायत सचिव बोले कि हमें इस संदर्भ में किसी तरह की कोई जानकारी नहीं है। मुखिया से पूछताछ करने के बाद भी उनके द्वारा भी साफ इनकार किया गया कि इसके बारे में किसी तरह की जानकारी नहीं है। इसी विषय को लेकर जब सभी वार्ड सदस्यों ने मुखिया पति और उनके पुत्र से पूछा तो लोगों ने बोला की कार्यकारिणी के लिए बुलाया गया है। वार्ड सदस्य द्वारा कहा गया कि कार्यकारिणी की बैठक करनी थी तो ग्रामीणों को बुलाने की क्या आवश्यकता थी। इसी बात को लेकर मुखिया पति एवं उनके पुत्र वार्ड सदस्यों पर भड़क गये और गाली गलौज और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट पर उतारू हो गये हम सभी वार्ड सदस्य यह मांग करते हैं। कि किसी इन सरी बातों को घंटा से जांच कर उनके ऊपर उचित कार्रवाई कार्रवाई करें और पंचायत में हो रहे योजनाओं का बंदर बांट ना हो स्वयं मनरेगा के ठेकेदारी मुखिया ना करें इसकी जांच कर सही से लोगों को लाभ दिलाये मौके पर संतोष पांडे सबा खातून, मीना देवी, तेतरी, सहया, कांति, सैयद राजा उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी

ई-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अल्पकालीन निविदा संख्याः– 07/2023-24/RWD/KHUNTI दिनांक– 19.10.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नामः–

क्र० सं०	आईडेन्टीफिकेशन सख्या/पैकेज संख्या	पथ का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि	टेण्डर कॉल नं०
1	RWD/KHUNTI/01/ST PKG/08/2023-24	गनालोया से गुरमी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–4.350 कि०मी०)।	12,13,41,500.00	बारह करोड़ तेरह लाख इकतालीस हजार पाँच सौ रू० मात्र।	9 माह।	प्रथम।
		खूँटी चाईबासा मेन रोड से तापिंगसरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.350 कि०मी०)।				
		अनीगड़ा से चालम पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–5.500 कि०मी०)।				
		हेसाहातु से तेरम भाया कानकी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.160 कि०मी०)।				
		हुटार से चामड़ी भाया हड़ाम बड़ाम तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.900 कि०मी०)।				
		बिचागुटु से रांगरोम भाया बानेयाडीह बीरडीह तारोडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–4.850 कि०मी०)।				

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 01.11.2023।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 14.11.2023 अपराहन 5:00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 16.11.2023 अपराह्न 3:30 बजे
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष संः– 9431170803

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, खूँटी

PR 309614 Rural Work Department (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी

ई-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अल्पकालीन निविदा संख्याः– 08/2023-24/RWD/KHUNTI दिनांक– 19.10.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.कार्य का नामः–

क्र० सं०	आईडेन्टीफिकेशन सख्या/पैकेज संख्या	पथ का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि	टेण्डर कॉल नं०
1	RWD/KHUNTI/23/ST PKG/09/2023-24	गुयू से सरमबेल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.800 कि०मी०)।	11,07,34,100.00	ग्यारह करोड़ सात लाख चौंतीस हजार एक सौ रू० मात्र।	9 माह।	प्रथम।
		घुनसुली से डाड़ी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.350 कि०मी०)।				
		छोटा जलडान्डु से चेरवादाग तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०– 3.000 कि०मी०)।				
		L021 से घुनसुली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–0.700 कि०मी०)।				
		सिलमा से हिसरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–0.850 कि०मी०)।				
		मालगो से तर्पीगसेरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य(लं०–2.250 कि०मी०)।				
		कर्रा बालामोड़ मुख्य पथ से जवरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०– 5.500 कि०मी०)।				
		जेरगा मोड़ से विरदा भाया साहीलौंग सेताहुरू तक पथ की का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–5.000 कि०मी०)।				

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 01.11.2023।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 14.11.2023 अपराहन 5:00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 16.11.2023 अपराह्न 3:30 बजे
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष संः– 9431170803

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, खूँटी

PR 309613 Rural Work Department (23-24)_D

एमएल अग्रवाल एवीएम इंटर कॉलेज के सात एथलीट्स ने जीते 2 स्वर्ण और 7 रजत पदक

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मां छिन्नमस्तिका शक्तिपीठ की पुण्य भूमि रजरप्पा में 17 से 19 अक्टूबर को संपन्न विद्या भारती बिहार झारखंड (उत्तर-पूर्व) क्षेत्र के क्षेत्रीय खेलकूद समारोह एथलेटिक्स में एमएल अग्रवाल एवीएम इंटर कॉलेज के 7 एथलीट्स ने कुल 9 पदक जीते। जिसमें 2 स्वर्ण और 7 रजत पदक शामिल है। विद्या विकास समिति झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए कॉलेज की ओर से तरुण वर्ग में सुजल बाखला ने ऊंची कूद में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अल्पना शैली उरांव ने भाला फेंक में स्वर्ण पदक लिया। इनके अलावा रजत पदक प्राप्त करने वालों में गोला फेक में आकांक्षा पांडे एवं नैतिक राज, त्रिकूद और 200 मीटर दौड़ में नीलिमा लकड़ा, 6 किलोमीटर क्रॉस कंट्री रेस और 3000 मीटर दौड़ में रोहित उरांव तथा 3000 मीटर तेज चाल में पूनम कुमारी शामिल हैं। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले सुजल बाखला और अल्पना शैली उरांव तथा 6 किलोमीटर क्रॉस कंट्री रेस में रजत पदक प्राप्त करने वाले रोहित उरांव का चयन राष्ट्रीय एथलेटिक्स में भाग लेने के लिए हुआ है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता बिहार के बेतिया में 30 अक्टूबर से आयोजित है।

दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस अलर्ट, डीसी, एसपी सहित कई अधिकारियों ने किया मॉक ड्रिल

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। झारखंड के अतिसंवेदनशील लातेहार अंतर्गत बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय में दुगार्पूजा को लेकर वृहस्पतिवार को बालूमाथ शहर में पुलिस ने मॉक ड्रिल किया। उपायुक्त हिमांशु मोहन और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए यह किया गया। एसपी ने कहा कि बालूमाथ में शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है। बालूमाथ सहित कुछ क्षेत्रो में असामाजिक तत्वों के द्वारा त्योहारों में माहौल को बिगाड़ने का प्रयास किया जाता रहा है। ऐसे असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए इस बार पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। एसपी अंजनी अंजन, लातेहार डीसी हिमांशु मोहन ने बताया कि दुगार्पूजा शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हो, इसे लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सजग है। बालूमाथ सहित सभी थाना क्षेत्रों के संवेदनशील इलाकों को चिह्नित कर वहां विशेष रूप से सुरक्षा दी गयी है।

बक्सीडीपा में लगने वाले मेले को लेकर केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति ने किया स्थल निरीक्षण

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति जिले में इस वर्ष दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर लगातार प्रयासरत है। इस क्रम में शारदीय नवरात्र के दशमी के अवसर पर बक्सीडीपा में लगने वाले मेले को लेकर 19 अक्टूबर को केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक और पदाधिकारी ने मेला स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान मेला स्थल में लोगों के पहुंचने, रावण दहन स्थल, मुख्य स्टेज, पार्किंग सहित अन्य कार्यक्रम को सफलता पूर्वक करने के लिए स्थल का निरीक्षण किया। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष लकड़ा ने लोगों को दुर्गा पूजा की बधाई देते हुए कहा कि पूर्व में लगने वाला मेला स्थल के आस पास घर निर्माण हो रहा है। जिस कारण मेला आयोजन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। वहीं मेला में भव्यता प्रदान करने के लिए मेला स्थल को थोड़ा आगे बढ़ा दिया गया है। जहां भव्य मेले का आयोजन किया जायेगा। जिसमें लोगों को मेले का आनंद लेने के लिए भरपूर स्थान मिलेगा।

रघुवर राज में विकास योजनाओं को मिली थी गति, ओड़िशा सरकार को मिलेगा अनुभवों का लाभ: सूरज मोहन

कैरो (लोहरदगा)। प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 19 अक्टूबर गुरुवार को पुर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को केंद्र के द्वारा उड़ीसा राज्य का राज्यपाल बनाये जाने पर भाजपाईयों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए एक दुसरे को लड्डु खिलाकर लोगों के बीच बांटी मीठाईयां और पुर्व मुख्यमंत्री को बधाई दी। मौके पर उपस्थित भाजपा जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू ने कहा कि पुर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के शासनकाल मे झारखंड मे बह रही थी विकास की गंगा, लूट, हत्या, बलात्कार जैसी घटनाओं पर रघुवर सरकार ने कसा था शिकंजा, युवाओं को रोजगार की तलाश मे अन्य राज्यो में नही पड़ता था भटकना, वही अन्नदाता किसानो मे खुशहाली थी।

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 21 लाभुकों के बीच बतख चूजा का वितरण

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुपालन अस्पताल के समीप मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत वर्ष 2022 - 23 के 21 लाभुकों को विधायक प्रतिनिधि द्वारा बतख चूजा का वितरण किया गया। वही मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत प्रत्येक लाभुकों को 15 -15 बतख चूजा दिया गया। मौके पर मौजूद विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उरांव ने लाभुकों से कहा कि बतख चूजा का देख भाल अच्छा से करें और पालन पोषण करें जिसे आप सभी लोग बतख पालन कर आत्मनिर्भर बने और लाभ हो।

उपप्रमुख ने किया रुद्र इलेक्ट्रिक शॉप का उद्घाटन

कैरो (आजाद सिपाही)। लोहरदगा कैरो प्रखंड के उतका मेन रोड स्थित रुद्र इलेक्ट्रिकल्स का उद्घाटन उपप्रमुख मधुलिका रानी ने किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के बड़े दुकान खुलने से स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगीं। प्रोपराइटर रंजन कुमार ने बताया कि लोगों को उचित मूल्य पर इलेक्ट्रिक के बेहतर समान उपलब्ध कराना लक्ष्य है। मौके पर उपप्रमुख मधुलिका रानी, उपमुखिया रवि प्रजापति, भोला प्रसाद, गंगा साहू, रामसहाय साहू, बजरंग, राजेश, अशोक सोनी आदि लोग उपस्थित थे।

जूठा भोजन देते थे, मारपीट के डर से खाना पड़ता था

दिल्ली से रेस्क्यू कर आयीं बच्चियों की आंखों में दिखा खौफ

पुलिस ने 17 बच्चियों का देश की राजधानी दिल्ली से रेस्क्यू किया, इस मामले में आरोपी गोपीचंद महतो को गिरफ्तार करके जेल भी भेज दिया है

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने न सिर्फ 17 बच्चियों को देश की राजधानी दिल्ली से रेस्क्यू कर लिया है, बल्कि इस मामले में आरोपी गोपीचंद महतो को गिरफ्तार करके जेल भी भेज दिया है। वहीं, दिल्ली से रेस्क्यू कर लायी गयी बच्चियों को उनके परिजनों के हवाले भी कर दिया है।

क्या है मामला

गौरतलब है कि लातेहार जिला आदिवासियों बाहुल्य क्षेत्र है। इसका फायदा बिचौलिया बखूबी उठाते हैं। वे लड़कियों को रोजगार और अच्छा पैसा दिलाने का लालच देकर दिल्ली समेत अन्य बड़े शहरों में लेकर चले जाते हैं, लेकिन ज्यादातर बच्चियों के लौटने की उम्मीद नहीं होती है। ऐसे में लातेहार एसपी अंजनी अंजन का प्रयास रंग लाया और दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों से 16 बच्चियों को सालों बाद अपने घर लौटने की खुशी मिली है। वहीं बच्चियों की वापसी से उनके परिजन भी काफी खुश हैं और पुलिस का आभार जता रहे हैं। परिजनों का कहना है कि हम लोगों ने तो उम्मीद ही छोड़ दी थी कि हमारी बच्ची कभी घर भी आ पायेगी। लेकिन पुलिस ने आज हमें अपनी बच्चियों से मिलवा दिया। इसके लिए पुलिस को बधाई देता हूं।

वहीं, बच्ची की बात मानें तो हम लोगों से घर में मारपीट की जाती थी। जूठा भोजन देते थे, डर से खाना पड़ता था।

क्या कहते हैं एसपी

वहीं, लातेहार एसपी अंजनी अंजान ने कहा कि लातेहार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से बच्चियों को दूसरे राज्य में नौकरी देने का प्रलोभन देकर दूसरे राज्य में ले जाकर बड़ी रकम लोगों से लेते थे। सूचना के बाद पुलिस ने दिल्ली के अलग-अलग ठिकानों में छापेमारी कर 17(16 लड़कियां और 1 लड़का) बच्चियों को बरामद किया है। इसको लेकर पुलिस लगातार दिल्ली और दूसरे राज्यों में छापेमारी की जा रही है।

डीलर पर ग्रामीणों ने राशन में कटौती का लगाया आरोप, बीडीओ से कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

भंडरा/लोहरदगा। जन वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को मिलने वाला अनाज लाभुकों तक नहीं पहुंच रहा है। अनाज वितरण में धांधली हो रही है तभी तो लाभुक अक्सर शिकायत लेकर अधिकारियों के पास पहुंचते हैं। कभी सरकारी मूल्य से अधिक राशि लिए जाने तो कभी कई महीनों तक राशन नहीं दिये जाने की शिकायत करते हैं। इसी तरह की शिकायत प्रखंड के जमगाई पंचायत के कोटा गांव से आया है। गांव के दर्जनों लाभुकों ने गुरुवार इसकी शिकायत बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा से की है ग्रामीणों बताया कि गांव की सरई फुल महिला मंडल द्वारा पिछले छः माह से राशन मे प्रति कार्ड धारी 5 से 10 केजी कटौती की जा रही है । ग्रामीण सोमा उरांव, प्रेमचंद उरांव, रमेश, बुधवा, रंजीत साहित अन्य लाभुकों ने बताया कि पीडीएस दुकानदार सरई महिला मंडल द्वारा उन्हें अनाज मे कटौती की जा रही है। आवेदन में बताया है कि उन्हें अब तक अक्टूबर माह का राशन नहीं दिया गया है। जनवरी 2023 से लगातार राशन वितरण में धांधली की जा रही है। राशन मांगने पर डीलर द्वारा यह कहा जाता है कि जहां जाना है वहां जाओ हम तुम्हें अनाज ऊपर से कट कर आ रहा है। शिकायत करने पर जांच के नाम पर खानापूर्ति होती है। बीडीओ ने आवेदन के आलोक में जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया साथ ही। लाभुकों ने जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी से मिलकर उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने बताया कि सरकार द्वारा निशुल्क और निर्धारित मूल्य पर गरीब लोगों को राशन उपलब्ध कराया जाना है, इसमें लापरवाही ठीक नहीं है। भंडरा प्रखंड में कई डीलरों की शिकायत मिल रही है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग और पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना की समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय-सह-मॉनिटरिंग समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के सफल संचालन, इस वर्ष माह जुलाई से सितंबर माह तक विद्यालयों में नामांकन की स्थिति, मध्याह्न भोजन से संबंधित खाद्यान्न का उठाव व वितरण, अक्टूबर से दिसंबर तक खाद्यान्न के आवंटन की मांग, विद्यालयों द्वारा शत-प्रतिशत एसएमएस किये जाने, विद्यालयों के किचन-सह-स्टोर की मरम्मती, विद्यालयों में चलाये जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रम, विद्यालयों के बच्चों की उंचाई व वजन रिकॉर्डर मशीन का क्रय कर विद्यालयों में वितरण संबंधी, समेत अन्य बिंदुओं और विस्तृत चर्चा की गयी व आवश्यक निदेश जिला शिक्षा अधीक्षक को दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा समेत सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनांतर्गत मनरेगा के अभिसरण से चिन्हित कुल 69 विद्यालयों में पोषण वाटिका का निर्माण की अद्यतन संबंधित बैठक हुई। इस संबंध में अद्यतन स्थिति की जानकारी जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा दी गयी। साथ ही, उपायुक्त द्वारा विभिन्न निदेश दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा समेत सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उपस्थित थे।

दुर्गा पूजा को लेकर जागरण का आयोजन

मनिका (लातेहार) (आजाद सिपाही)। मनिका प्रखंड के शिंजो शिव मंदिर में दुर्गा पूजा को लेकर दिन शुक्रवार 20 अक्टूबर को भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उत्त कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए अमर पूजा समिति के अध्यक्ष वचन कुमार यादव ने दिया। उन्होंने बताया कि संध्या आरती पूजन के पश्चात पूजा पंडाल स्थित परिसर में जागरण का कार्यक्रम किया गया है। उत्त जागरण कार्यक्रम में भोजपुरी कलाकार पायल बनारसी रीमा वर्मा विकास पांडे विनय मिश्रा साहित्य अन्य कलाकार के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा।

जीवन अनमोल है सड़क पर सावधानी बरतें: पीडीजे

15 छात्र-छात्राओं को प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश के हाथों प्रमाण पत्र प्रदान किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। झालसा रांची के निर्देशानुसार चलाये जा रहे 100 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम सह आउटरीच कार्यक्रम के तहत लिवेंस एकेडमी, लोहरदगा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा, राजेंद्र बहादुर पाल भी उपस्थित रहे। इसके साथ-साथ डालसा सचिव राजेश कुमार पैनल अधिवक्ता इंद्राणी कुजूर, गौतम लेनिन भी उपस्थित रहे। विधिक जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए डालसा सचिव ने विधिक सेवा प्राधिकार के विभिन्न कार्यों से बच्चों को अवगत कराया। अधिवक्ता इंद्राणी कुजूर ने पोक्सो एक्ट, बाल विवाह अधिनियम, दहेज प्रथा प्रतिषेध अधिनियम, साइबर क्राइम जैसे विषयों पर बच्चों को विधिक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों को बतलाते हुए सचेत किया कि जीवन अनमोल है इसकी हिफाजत करना आपके हाथ में है। बिना लाइसेंस के वाहन न चलाएं। आज के कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सवाल पूछे जिनका उपस्थित अतिथियों ने जवाब दिया। साथ ही साथ आज भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले 15 छात्र-छात्राओं को प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश के हाथों प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। और उनके सुनहरे भविष्य की कामना की। आज के कार्यक्रम में 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया जबकि विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा फादर थॉमस स्वयं भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

सरकार की विकास योजनाओं का राज्य स्तरीय टीम ने निरीक्षण किया

कैरो लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कैरो प्रखंड क्षेत्र में सरकार द्वारा चलायी जा रही विकास योजनाओं का निरीक्षण राज्य स्तरीय टीम के द्वारा 19 अक्टूबर गुरुवार को नरौली, गजनी और कैरो पंचायत में किया गया। मनरेगा अंतर्गत संचालित बिरसा हरित ग्राम बागवानी योजना, सिंचाई कूप, डोभा, पोषण वाटिका योजनाओ का स्थलीय निरीक्षण के क्रम में राज्य स्तरीय टीम एसपीओ राजीव रंजन और दीपक कुमार मनरेगा सेल के साथ लोहरदगा जिला परियोजना पदाधिकारी सुधीर मुर्मू कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रघुनाथ मुंडा सहायक अभियंता राजीव कुमार कनीय अभियंता रौशन उरांव कैरो मुखिया बिरेंद्र महली गजनी मुखिया सुमन उरांव पंचायत सचिव गुहा उरांव इत्यादि उपस्थित थे।

राजस्व कर्मचारियों के साथ सीओ ने की बैठक

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखण्ड कार्यालय परिसर के अंचल कक्ष मे गुरुवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी राकेश सहाय ने राजस्व कर्मियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक की। बैठक में सीओ ने बताया की सभी राजस्व कर्मचारियों दाखिल खारिज से संबंधित मामलों को त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में सभी राजस्व कर्मियों को उपायुक्त कार्यालय के जनता दरबार में भूदान से संबंधित मामले मे त्वरित कार्य का निर्देश दिया। साथ ही जिला से प्राप्त विभिन्न प्रकार के जांच प्रतिवेदन समय पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जमा करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं बैठक में संदेहास्पद जमाबंदी से संबंधित अभिलेख का निष्पादन प्रत्येक सप्ताह अद्यतन कर कार्यालय में प्रतिवेदन जमा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही फसल राहत किसान से संबंधित जांच प्रतिवेदन स्थलीय जांच उपरांत साप्ताहिक बैठक में जमा करने का निर्देश दिया गया।

लोहरदगा में 12 हजार घन फीट बालू की नीलामी हुई

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल तथा जिला खनन पदाधिकारी राजा राम उपायुक्त लोहरदगा के निर्देशानुसार बारह हजार घन फिट बालू की नीलामी किया गया। बालू घाट की नीलामी में अधिकतम बोली एक लाख चालीस हजार दो रुपैया में लाल विकास नाथ शहदेव टाटी कुडू को प्रदान किया गया। बालू की नीलामी में कुडू के संजय चौधरी ने भी बोली लगायी थी। इस अवसर पर जिला खनन पदाधिकारी राजा राम ने कहा है की 15 दिनों के अंदर जब्त 12हजार घन फिट बालू का उठाव करना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा उसके बाद बालू का उठाव नहीं कर सकेंगे।

गरबा की रात पर महिलाओं ने दिया भक्ति और शक्ति का परिचय

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लेडीज युथ सोसाइटी और अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन के द्वारा संयुक्त रूप से मुद्रिका बैंक्विट में महिलाओं के लिए गरबा डांस के प्रोग्राम गरबा दी रात का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें गरबे और डांडिया डांस की धूम मची। जिसमें महिलाओं और युवतियों ने बड़े ही उत्साह से हिस्सा लेकर अपनी भक्ति-शक्ति जागरण और सांस्कृतिक कला का परिचय दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर महिला थाना प्रभारी किरण पांडे, जय श्री राम समिति संरक्षक सुषमा सिंह, वनवासी कल्याण केंद्र सचिव सुमन रॉय थी।

अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है दुर्गा पूजा : सुरेश चंद्र पांडेय

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में दुर्गा पूजन के महत्व को बताते हुए प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय ने कहा दुर्गा पूजा अर्थात दशहरा पर्व अधर्म पर धर्म के विजय का प्रतीक है असत्य पर सत्य के विजय का प्रतीक है। आदिकाल में मां दुर्गा के द्वारा आसुरी शक्ति महिषासुर वध किया गया था। विद्यालय के सभागार में आज दुर्गा माता के नौ रूपों का धारण बहनों द्वारा किया गया। साज श्रृंगार करते हुए आकर्षक प्रस्तुति मंच पर की। दुर्गा माता के नौ रूपों का विस्तृत वर्णन अशोक सिंह द्वारा किया गया। आरती वंदन माता के नौ रूपों का प्रधानाचार्य और सभी आचार्य बंधु भगिनी द्वारा किया गया। बहन प्राची सोनी, आराध्या कुमारी, चंचल आशि, तृषा जायसवाल, पायल, अमृता, आस्था पांडे, दिव्या उरांव द्वारा माता के नौ रूपों को प्रस्तुत किया गया।

सरकार का महिलाओं को स्वावलंबी बनाना ही उद्देश्य : अनिल उंराव

कैरो (आजाद सिपाही)। कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रथम वर्गीय पशुचिकित्सालय के द्वारा 19 अक्टूबर गुरुवार को कैरो और गजनी पंचायत में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 16 यूनिट चयनित लाभुकों को बत्तख चूजा वितरण किया गया। जिसमें 90 प्रतिशत के 7 लाभुक और 75 प्रतिशत के 10 लाभुक को प्राप्त हुआ। मौके पर पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार ने बत्तख चूजा के रख-रखाव के विषय में बताते हुए कहा कि सरकार महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उददेश्य से विभिन्न प्रकार के पशुओं का वितरण गांव-गांव में कर रही है। उक्त कार्यक्रम में डॉ अनिल कुमार, डॉ सविंद्र कुमार के अलावे लाभुक उपस्थित थे।

प्रखंड स्तरीय पीडीआइ कार्यशाला आयोजित

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय पीडीआई संबंधि कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय और संचालन प्रखंड समन्वयक मनजीत कुमार ने किया। कार्यशाला में पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार पंचायत को डेवलपमेंट को लेकर पीडीआई तैयार की जा रही है। प्रशिक्षक मनजीत कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार ने सभी पंचायत का विकास के लिए इस तरह का कार्य योजना तैयार किया जा रहा है। ताकि पंचायत का बेहतर विकास हो सके। वही मौके पर सभी पंचायत के मुखिया बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमाय कनीय अभियंता सहायक अभियंता पीएम आवास कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी वनपाल सभी महिला पर्यवेक्षक जेएसएलपीएस बीपीएम अभय कुमार प्रखंड के सभी पंचायत सचिव रोजगार सेवक मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

बसिया। थाना अंतर्गत कुम्हारी जेके ढाबा के पास सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गये। प्राप्त जानकारी अनुसार बसिया थानांतर्गत सोनमेर हैयाटोली निवासी लगभग 21 वर्षीय अरुण कुल्लू पिता पीटर कुल्लू एवं उसी गांव का निवासी विनीत इंदवार पिता लुकस इंदवार कुम्हारी बाजार से बाइक अपने घर लौट रहे थे इसी दरम्यान जेके ढाबा के पास खड़ी एक बुलेट को अंधेरे में नही देख पाने के कारण टक्कर मार दिए जिससे दोनो युवक घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से दोनो को रेफरल अस्पताल लाया गया जहां गंभीर रूप से घायल अरुण कुल्लू को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया।

बीएलओ एप के प्रशिक्षण को लेकर बैठक हुई

सिसई। प्रखंड सभागार में गुरुवार को बीडीओ रमेश कुमार यादव की अध्यक्षता में बीएलओ एप के प्रशिक्षण को लेकर बैठक हुई। बैठक में उपस्थित सभी बीएलओ को एप के माध्यम से प्रपत्र 6,7,8 भरने व मतदान केन्द्र की सुविधाओं के आंनलाईन इंट्री करने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बीडीओ ने बताया की पुरे प्रखंड में कुल 5040 नये मतदाताओं का प्रपत्र 6 भरने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने सभी बीएलओ को युद्ध स्तर पर निर्वाचन से संबंधित सभी कार्यों को एक सप्ताह के अंदर पुरा करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सभी को अपने-अपने बुथ के सभी दिव्यांग मतदाता की पहचान करने,80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता का घर घर जाकर सत्यापन करने, मतदाता सूची का डोर टू डोर सर्वेक्षण व हाउस टु रोल सर्वे शत प्रतिशत करने, मतदान केन्द्र कि सत्यापन, ब्लैक एंड व्हाइट फोटो सुधार व पहचान पत्र में त्रुटि सुधार करने सहित कई निर्देश दिया। मौके पर बीपीआरओ संतोष भगत, एलिओ सुषमा तिर्की, सभी सुपरवाइजर, निर्वाचन आंपरेटर सुमित कुमार केशरी, सहित सभी बीएलओ व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

डायन कुप्रथा पर सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

घाघरा। प्रखंड कार्यालय के परिसर में गुरुवार को महिला विकास मंडल व जेएसएलपीएस के के द्वारा गरिमा परियोजना के तहत डायन कुप्रथा पर प्रखंड स्तरीय सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख सविता देवी, बीडियो दिनेश कुमार व थाना प्रभारी अमित चौधरी के अलावा अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान डायन कुप्रथा उन्मूलन को लेकर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नुक्कड़ नाटक के जरिए आम लोगों का यह जानकारी दी गई की डायन जैसी कोई चीज नहीं होती है या सिर्फ और सिर्फ अंधविश्वास है। यहां बता दे की जेएसएलपीएस व महिला विकास मंडल के द्वारा गांव-गांव में घूम कर गोपनीय तरीके से वैसे लोगों को चिह्नित किया गया था जिसे लोग संदेह की नजर से देखते थे। जिसके तहत सुनवाई किया गया जनसुनवाई में बीडियो ने कर्मियों को सख्त निर्देश दिया है कि वैसे लोगों को सरकारी लाभ से जोड़ उन्हें सम्मान दे जो उनका हक व अधिकार है। साथ ही उन्होने उपस्थित लोगों से आग्रह भी किया है कि इस तरह की कुप्रथा को समाज से खत्म करना है यह समाज को धीरे-धीरे खोखला कर रहा है। आज के आधुनिक युग में हमें इस तरह के अंधविश्वास से दूर भगाना है। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख सविता देवी, बीडिओ दिनेश कुमार, थानेदार अमित कुमार चौधरी, जितेंद्र कुमार, संतोषी कुमारी व अमरेंद्र कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

8 माह की नाबालिग गर्भवती ने गर्भपात के लिए दबाव बनाने का लगाया आरोप

बिशुनपुर। गुरदरी पुलिस ने अरकोसा डुमर टोली थाना लोहरदगा निवासी बजरंग लोहरा को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जाता है कि गुरदरी थाना क्षेत्र के एक नाबालिक लड़की उम्र 14 वर्ष ने बजरंग लोहरा पर शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने एवं गर्भवती होने पर गर्भपात करने का दबाव बनाने एवं जान से मार देने का धमकी देने का आरोप लगाते हुए बुधवार को गुरदरी थाना में प्राथमिक की दर्ज कराया था। इधर गुरदरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को लोहरदगा से गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। पीड़िता के अनुसार आरोपी से उसकी मुलाकात एक शादी समारोह में 2021 में हुई थी इसके बाद मोबाइल के माध्यम से बात हुआ करता था। 2022 में होली के 5 दिन पहले बजरंग मेरे के घर आया। मेरी मां काम करने गई थी घर में मुझे अकेला पाकर घर का दरवाजा बंद कर दिया और मेरे कपड़ों को फाड़ते हुए मेरे साथ दुष्कर्म किया। मेरे द्वारा मामले की सूचना अपने माता-पिता को देने की बात कहने पर मुझसे शादी करने का वादा किया। इस दौरान वह मेरा घर आता जाता रहा जब मैं गर्भवती हो गई तो उसने मुझसे शादी करने से इनकार कर दिया।

बिजली चोरी के मामले में 7 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। कनीय विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रशाखा गुमला के कृष्ण कुमार के नेतृत्व में जिले के विभिन्न गांव में विद्युत चोरी के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। सर्वप्रथम पतगच्छा निवासी संदीप महतो पिता अनिरुद्ध महतो के यहां विद्युत विभाग की टीम पहुंची तो पाया कि पोल के तार में टेप लगाकर नमन प्रज्ञा केंद्र में अवैध रूप से विद्युत का उपयोग किया जा रहा था जिससे विभाग को लगभग 1 किलोवाट और 11037 का क्षति हुआ इसके बाद टीम महादेव महतो पिता जगत महतो के यहां पहुंची तो वहां भी तार में टांका लगाकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग अपने दुकान में कर रहा था जिसमें निगम ने 11037 रुपया का जुमार्ना लगाया इसके बाद टीम प्रवीण कुमार प्रजापति के यहां पहुंची जहां टीम ने दुकान में बिजली उपयोग करते हुए पाया गया जहां 11037 रुपया का जुमार्ना लगाया गया इसके बाद अरविंद कुमार के यहां टीम पहुंची जहां पोल के तार में टांका लगाकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग अपनी दुकान में कर रहा था जहां विभाग ने 11037 का जुर्माना लगाया इसके बाद छापामारी दल कोटाम गांव पहुंची जहां अरुण कुमार प्रजापति पिता बलदेव प्रजापति के यहां अवैध रूप से दुकान में बिजली की चोरी कर रहा था जहां निगम द्वारा 11037 का जुमार्ना लगाया गया इसके बाद छापामारी दल संजू कुमार पिता रमेश महतो के यहां पहुंची जहां तार में टेप लगाकर अवैध रूप से अपने मकान में बिजली की चोरी कर रहा था जहां विभाग ने 100161 रुपया का जुर्माना लगाया इसके बाद गंगा महतो पिता चरण महतो के घर अवैध रूप से बिजली का उपयोग अपने मोबाइल दुकान में कर रहा था जिससे विभाग 11037 रुपए का जुर्माना लगाया वही सभी जगह से तार को जप्त किया गया और वही जब्त सूची बनायी गयी। मामले को लेकर गुमला थाना में भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिक की दर्ज की गयी।

झारखंड मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष ने जिले के विभिन्न प्रखंडों का किया दौरा

मजदूरों को कम भुगतान पर डीसी से कार्रवाई की मांग की

- दौरे के क्रम में मजदूरों को कम मजदूरी भुगतान किए जाने का मामला प्रकाश में आया है
- उन्होंने कहा कि कई विभाग द्वारा मजदूरों से काम करा कर कम मजदूरी दिया जा रहा है
- आगे कहा कि गुमला जिले के मजदूर कम मजदूरी में काम नहीं करेंगे
- बंगाली ठेकेदार स्थानीय मजदूरों के साथ शोषण कर रहे हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। झारखंड मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह ने गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों का दौरा किया। दौरे के क्रम में मजदूरों को कम मजदूरी भुगतान किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सरकारी दर पर मजदूरों को भुगतान नहीं किया जा रहा है। राजेश सिंह ने कहा कि गुमला जिले में जहां भी सरकारी काम किया जा रहा है वहां मजदूरों को 200 तथा 250 रुपया दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई विभाग द्वारा मजदूरों से काम करा कर कम मजदूरी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा ठेकेदार के खिलाफ जांच कर दोषी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई के लिए उपायुक्त से शिकायत की जायेगी। आगे कहा कि गुमला जिले के मजदूर कम मजदूरी में काम नहीं करेंगे। कहा कि सभी मजदूरों को अपना ई-श्रम कार्ड तत्काल बनवा कर दिया जायेगा। बंगाली ठेकेदार स्थानीय मजदूरों के साथ शोषण कर रहे हैं। सरकारी काम में स्थानीय मजदूरों को प्राथमिकता दी जाए।

इंसानियत की रक्षा के लिए बंद हो इजरायल और हमास युद्ध : विजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने एक बयान जारी कर कहा है कि इजरायल व हमास युद्ध में हो रही इंसानियत के खून को किसी भी तरह से न्याय उचित नहीं ठहराया जा सकता है। इसलिए अविलंब इंसानियत की रक्षा के लिए इजरायल व हमास युद्ध बंद होना चाहिए। इसके लिए पूरी दुनिया के न्याय प्रिय मुल्क संगठन व लोगों को गंभीर पहल करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा है कि खाना, पानी, दवा तथा बुनियादी सुविधा के बिना तड़प रही जिंदगी बताती है कि किस तरह इंसानियत को कुचला जा रहा है। ऐसी स्थिति में हवाई हमले में अस्पताल को निशाना बनाना बहुत ही दुखद है। समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रही खबरों के अनुसार दवा के अभाव में बच्चों का सर्जरी बगैर बेहोशी के ही किए जा रहे हैं। यह तस्वीर इजरायल व हमास युद्ध की डरावना चेहरा को दिखाने के लिए काफी है। श्री सिंह ने इस मामले पर भारत से शांति के लिए गंभीर प्रयास करने की मांग की है। वहीं श्री सिंह ने यह भी कहा है कि भारत को इजरायल व हमास युद्ध को बंद करने के लिए दुनिया के स्तर पर प्रयास भी करना चाहिए। झारखंड नवनिर्माण दल ने पूरी दुनिया के शांतिप्रिय सरकारों व संगठनों से यह अपील की है कि वे इजरायल व हमास युद्ध के मामले में जल्द से जल्द युद्ध रोकने की मांगों को लेकर दबाव बनाएं जिससे आम नागरिकों व छोटे-छोटे बच्चों की हो रही हत्या व गाजा पट्टी में बमबारी से हो रही मौत को रोका जा सके।

बस ऑनर और थाना प्रभारी के साथ बैठक हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। शहर में धीमी गति की चाल से चलने के कारण प्रतिदिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है जिसको लेकर बुधवार को थाना प्रभारी विनोद कुमार के नेतृत्व में सिसई रोड स्थित छठ तालाब के समीप बसों को रोककर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया था। इसके बाद बस एसोसिएशन ने थाना प्रभारी के साथ गुरुवार को बस स्टैंड परिसर में बैठक किया। बैठक में बस संचालकों व बस एसोसिएशन के लोगों द्वारा निर्णय लिया गया कि सभी बसें बस स्टैंड से चलकर चिन्हित स्थानों पर ही रुकेगी। बीच में कोई भी सवारी हाथ देकर रोकने कहे फिर भी बस नहीं रुकेगी। दुर्गा पूजा एवं दशहरा त्योहार में भीड़ की स्थिति को देखते हुए बस संचालित की जायेगी। वहीं थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा बसों के कारण अगर शहर में जाम की स्थिति उत्पन्न होती है तो संबंधित बस संचालक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

प्रखंड स्तरीय मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

सिसई। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन कर विभिन्न गांव से संग्रह किया गया अमृत कलश को नेहरू युवा केंद्र संगठन गुमला के सिसई प्रतिनिधि कृष्णा कुमार साहु को सौंपा गया। बीडीओ रमेश कुमार यादव ने कहा दिल्ली में शहीदों की याद में बनायी जा रही। अमृत वाटिका के लिए प्रखंड के वीर शहीद बिरसा उरांव, शहीद तेऊब बसलंगा खड़िया, शहीद लोहरा उरांव, शहीद अश्वल उरांव, शहीद परमेश्वर उरांव, शहीद अंतू टाटा भगत सहित अन्य शहीदों के गांव एवं पंचायत से पवित्र मिट्टी संग्रह किया गया है। जिसे गुरुवार को एन वाई केंद्र के प्रतिनिधि को सौप दिया गया। कृष्ण कुमार ने कहा कि 31 अक्टूबर को पवित्र अमृत कलश को दिल्ली में जमा किया जायेगा। 30 जुलाई 2023 को प्रसारित हुए मन की बात कार्यक्रम के 103 वें प्रसारण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा गया था कि आजादी के 77 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे देश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने के साथ ही देश के वीर बहादुर पुरुषों और वीर वीरांगनाओं जिन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दिया है उनके सम्मान में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा शुरू किया जाएगा। इसी के तहत अमृत कलश यात्रा 9 अगस्त को शुरू किया गया है। इस अभियान के दौरान देशभर में अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। देश के हर कोने से एकत्रित 7500 अमृत कलश में संग्रह मिट्टी और पौधा से दिल्ली के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक स्थल के पास एक भव्य एवं आकर्षक अमृत वाटिका का निर्माण किया जा रहा है।

कुआं से शव बरामद

घाघरा। प्रखंड के आरंगी बेल्हाटोली गांव के एक कुआ से घाघरा पुलिस ने गुरुवार को दिन के 10 बजे शव बरामद कर घाघरा थाना लाया। वही शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार आरंगी बेल्हाटोली निवासी सोनो उरांव महिला बीते मंगलवार को प्रातः 5:00 बजे शौच के लिए घर से निकली थी। जिसके बाद वह नहीं लौटी काफी खोजबीन किया गया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। गुरुवार को सुबह में घर से कुछ दूरी पर स्थित एक कुआं में एक महिला का शव तैरते ग्रामीणों द्वारा देखा गया। इसके बाद इसकी जानकारी दी गयी पास जाकर देखा गया तो सोनो उरांव के रूप में उसकी पहचान परिजनों द्वारा की गई। और घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। इसके बाद पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे शव को कब्जा में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया।

चुनाव की तैयारियों को लेकर उपायुक्त पहुंचे बिशुनपुर, किया मतदाता केंद्रों का दौरा

प्रखंड स्तरीय अधिकारियों और कर्मियों को दिये कई दिशा निर्देश

आजाद सिपाही सवांददाता

गुमला। आगामी चुनाव से संबंधित तैयारियों को लेकर गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह एवं ई.आर.ओ. विधानसभा क्षेत्र 68 सह एसडीओ सदर रवि जैन ने संयुक्त रूप से विशुनपुर के निरासी पंहुचे। इस पंचायत के 8 से अधिक मतदाता केंद्र का दौरा करते हुए मतदाता केंद्रों के व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने राजकीय मध्य विद्यालय कुमारी, राजकीय मध्य विद्यालय जमटी,राजकीय मध्य विद्यालय बोराग, राजकीय मध्य विद्यालय कटिया, राजकीय मध्य विद्यालय बनालत, राजकीय उच्च विद्यालय रेहलदाग एवं राजकीय उ. मध्य विद्यालय निरासी स्थित मतदाता केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उपायुक्त की अध्यक्षता में विशुनपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में एसपी गुमला, एसडीओ सदर, प्रखंड विकास पदाधिकारी विशुनपुर एवं प्रखंड स्तरीय वरीय पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में सभी प्रखंड स्तरीय चुनाव पर्यवेक्षकों के साथ आगामी चुनाव की तैयारियों के संबंध में बैठक की। उपायुक्त ने प्रखंड अंतर्गत चुनाव प्रक्रिया में सहयोग करने वाले कर्मियों / सुपरवाइजर्स को बीएलओ के सहयोग से शत प्रतिशत फार्म 6 एवं 8 भरवाने का निर्देश दिया। उन्होंने ऑनलाइन किए जाने वाले प्रक्रिया को भी ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने वैसे व्यक्ति जिनका अब तक वोटर कार्ड नहीं बना है वैसे क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चलाते हुए लोगों का वोटर आईडी कार्ड बनवाने का निर्देश दिया।

श्रमिक निबंधन कार्ड का वितरण

गुमला। जिला प्रशासन गुमला व मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के आदेशानुसार गुमला प्रखंड के ग्राम टोटो के माटी शिल्पकारों का श्रम विभाग के सहयोग से श्रमिक निबंधन कराते हुए कुल 23 माटी शिल्पकारों के बीच श्रमिक निबंधन कार्ड का वितरण किया गया साथ ही इस कार्ड के विभिन्न फायदों को भी बताते हुए हर साल रिनुअल कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ टोटो के माटी शिल्पकारों को सरकार की ओर से अनेक योजनाओ के लाभ दिलाया जा सके। इसके लिए उप विकास आयुक्त गुमला के निदेर्शानुसार कोऑपरेटिव सोसाइटी बनाने के लिए प्रेरित करते हुए इनको कोऑपरेटिव गठन में सहमति मिलने के साथ ही कोऑपरेटिव गठन से संबंधित सारी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है। प्रखंड उद्यमी समन्वयक द्वारा बताया गया जल्द ही इनका कोऑपरेटिव सोसाइटी में निबंधन करा लिया जायेगा ताकि अनेक सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

बसिया के छात्रों की शानदार उपलब्धि

बसिया। 34 वां क्षेत्रीय खेलकूद समारोह, रजरप्पा में विद्या विकास समिति झारखंड की ओर से खेलते हुए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया के छात्रों ने शानदार उपलब्धियां हासिल किया। कुल 9 छात्र इस प्रतियोगिता में शामिल हुए थे और 6 स्वर्ण, 7 रजत तथा 2 कांस्य पदक सहित कुल 25 मैडल इन्होंने जीता। अर्जुन उरांव ने 3 स्वर्ण जीतकर स्वर्ण की हैट्रिक लगायी। इस प्रतियोगिता में एकलव्य विद्यालय के छात्रों का परिणाम काफी बेहतर रहा साथ ही विद्यालय के 5 छात्रों कमलेश उरांव, सुशांत उरांव, समीर उरांव, अर्जुन उरांव तथा आलोक उरांव का चयन विद्या भारती के 34 वें राष्ट्रीय खेलकूद(एथलेटिक्स) समारोह, बेतिया, बिहार के लिए हुआ है। यह राष्ट्रीय खेलकूद समारोह 4 से 8 नवंबर 2023 तक आयोजित है। क्षेत्रीय खेलकूद में 6 स्वर्ण, 7 रजत तथा 2 कांस्य पदक प्राप्त करने पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने सभी विजयी छात्रों को बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय पहुंचने पर इन खिलाड़ी छात्रों का गाजे-बाजे के साथ फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया।

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चला

घाघरा। मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय मसरिया में गुरुवार को किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोवैज्ञानिक परामर्श दाता व मार्गदर्शक नंदलाल साहू के अलावे विद्यालय के शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मियों ने उद्घाटन किया। नंदलाल साहू ने कहा स्वस्थ तन के लिए स्वस्थ मन का होना अति आवश्यक है। शहरीकरण और भागम भाग के दौर में लोगों के बीच मानसिक समस्याएं बीकृत रूप धारण करते जा रहा है लोग कई तरह के मानसिक समस्याओं का अर्थात मानसिक रोगों का शिकार होते जा रहे है। कम समय और कम मेहनत में अधिक की अभिलाषा रखने साथ ही दमित इच्छाओं के कारण अत्यधिक तनाव में रहकर लोग फ्रस्ट्रेशन स्ट्रेस डिप्रेशन का शिकार हो रहे है। तनाव से बचने के लिए युवा वर्ग ड्रग्स और नसे का सेवन करने लगे है जो विद्यार्थी जीवन के लिए बहुत ही हानिकारक है। वर्तमान समय में मोबाइल लोगों की बहुत जरूर की चीज है लेकिन बच्चे और युवा वर्ग के लिए यह घातक है। मोबाइल बच्चों और युवाओं को युज कर रहा है और गुमराह कर रहा है। इन सभी कारणों से ब्लड प्रेशर, मधुमेह, हार्ट अटैक, पैरालिसिस व ब्रेन हेमरेज जैसे शारिरिक बीमारी होते है। इन सभी समस्याओं से बचने के लिए व तनावरहित जीवन जीने के लिए मन की हर बात को दूसरों से साझा करना चाहिए। समय - समय पर मनोवैज्ञानिक परामर्श लेना चाहिए। पानी का अधिक उपयोगी व नींद पूरा लेना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे।

जारी में नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम

जारी। राजकीय उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय के परिसर में गुरुवार को नेहरू युवा केंद्र गुमला के द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जारी वीडियो रेशमा रेखा मिंज रही। मुख्य अतिथि को स्कूली बच्चों के द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बीडीयो रेशमा रेखा मिंज ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के 75 वें साल पूर्ण होने पर पूरे भारत वर्ष मे आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा हैं। आज हम सभी लोग मिलकर प्रखंड क्षेत्र के पांचों पंचायत के शहीदों के गांव से उठाया हुआ अमृत मिट्टी को नेहरु युवा केन्द्र गुमला के लोगों को सौंप रहे है। इस मिट्टी को दिल्ली ले जाकर युद्ध स्मारक के समीप अमृत वाटिका का निर्माण किया जायेगा। जिसमें तरह तरह के पौधे लगाये जायेंगे। मौके पर जरडा पंचायत मुखिया बिनय एक्का, गोबिंदपुर पंचायत के मुखिया रजनी मिंज, सीसीकरमटोली पंचायत के मुखिया फुलमाईत देवी, सिकरी मुखिया बिनय एक्का, नेहरू युवा केन्द्र के विशेश्वर मुंडा, भालेन मिंज, मिन्सेन्ट एक्का, शिक्षक राजीव रंजन मिंज, विक्टोरिया एक्का, जोसेफा टोप्पो, कांताग्रेस जोजवार, बसंती केरकेट्टा, अन्जूरेपु खेश, अमिता तिर्की, अशोक खलखो,अमिता तिर्की सहित बच्चे एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

30 अक्टूबर को अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए होंगे बेतिया रवाना

गुमला। सरस्वती विद्या मंदिर गुमला के छात्रों ने विद्या भारती के द्वारा रजरप्पा में आयोजित क्षेत्रीय खेल कूद एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पांच स्वर्ण पदक हासिल किये। इसके अलावा विद्यालय की झोली में तीन रजत और दो कांस्य पदक भी आये हैं। बिहार झारखंड के सैकड़ों खिलाड़ी छात्र इस क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता समारोह में शामिल हैं। बता दें कि सिंदरी झारखंड प्रांतीय प्रतियोगिता हुई थी। जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर गुमला के विजेता खिलाड़ी इस स्पर्धा में शामिल हुए। सोनू कुमार यादव को दो स्वर्ण पदक रिले तथा 200 मीटर की दौड़ एवं 100 मीटर की दौड़ में रजत पदक प्राप्त हुए। अंजली कुमारी को लंबी कूद तथा रिले में स्वर्ण एवं त्रिकूद में रजत पदक प्राप्त हुए। अंशु कुमार यादव को 5000 मी की पैदल चाल में स्वर्ण पदक तथा नरेंद्र कुमार को त्रिकूद में कांस्य पदक प्राप्त हुए। सभी विजेता धावक 30 अक्टूबर को अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए बेतिया रवाना होंगे। विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने विजेताओं को शुभकामनाएं दी है तथा अखिल भारतीय प्रतियोगिता के लिए उत्साह वर्धन किया। प्रबंधन समिति की ओर से अध्यक्ष रामकिशोर रजक, सचिव विजय बहादुर सिंह, सहसचिव प्रभात कुमार दास, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिंह सहित सभी अधिकारियों ने धावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य ने खेल प्रशिक्षक संजय कुमार को विशेष रूप से धन्यवाद देते कहा कि उनके नेतृत्व में विद्यालय खेल के क्षेत्र में सफलता के ऊंचाइयों को छू रहा है।

डीएवी स्कूल में दुर्गा पूजा और नवरात्र को लेकर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

गुमला। डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला ने एक कार्यक्रम का आयोजन कर छात्रों को नवरात्र के महत्व तथा इसके शुभ संदेश से अवगत कराया। जिसमें बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। मनोहर महतो, रिषभ कुमार गुप्ता, नमन कुमार, अचित्य कुमार झा, तन्मय पांडेय, अंश कुमार विनायक द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों की सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की तथा तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर मां दुर्गा के द्वारा महिषासुरमर्दन पर आधारित एकांकी भी प्रस्तुत की गयी। वहीं जूनियर विंग के बच्चों ने नवरात्र फूड फेस्टिवल का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉक्टर रमाकांत साहू ने कहा कि जिस प्रकार मां दुर्गा ने असुरों का संहार किया उसी प्रकार हम अपने दुगुर्णों को नष्ट करें। वहीं प्रभु राम ने रावण का वध कर असत्य पर सत्य की विजय का संदेश दिया और हमें भी यह सीखना चाहिए कि जब शक्ति के साथ संस्कारों का समन्वय होता है तभी एक व्यक्ति मयार्दा पुरुषोत्तम बन पाता है। इसके साथ ही कक्षा षष्ठ के अंशु कुमार सिंह को दिल्ली में आयोजित यूथ बरगोविंग फुटबॉल लीग मैच (अंडर-12) में रनर अप सर्टिफि केट एवं मेडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सुपरवाइजरी हेड पी के मोहंती, जीवन कुमार पांडेय, संयुक्ता खटुआ, अभिजीत झा, रोहित कुमार सुतार, एसके आचार्य, मिथलेश कुमार दुबे आदि उपस्थित रहे।

नवरात्र में कन्याओं को भोजन कराने और पौधा में पानी देने से मिलती है सुख-शांति व समृद्धिः कौशल किशोर

- प्राकृतिक कलश यात्रा में पर्यावरणविद ने कन्याओं को नवरत्न पौधा व पानी देकर उनकी पांव की पूजा की
- कहा- मेरी माटी मेरा देश का लक्ष्य देशभक्ति व देश में हरियाली लाने, सामाजिक व धार्मिक प्रदूषण पर रोक लगाना

आजाद सिपाही संवाददाता

वैदिक मंत्रोचार के साथ नवरत्न पौधा स्थापना करते पर्यावरणविद कौशर किशोर

मेदिनीनगर। पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड के बिरजा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रांगण में नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने किया। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्यक्रम का फीता जोड़कर उद्घाटन करने का उद्देश्य यह है कि जिस देश में हम लोगों ने जन्म लिया है उस देश की सभ्यता संस्कृति के अनुरूप धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ करने से पहले पति-पत्नी का गांठ जोड़ने का विधान है। उसी परंपरा को जीवंत रखने के लिए कार्यक्रम का उद्घाटन फीता जोड़कर किया जाता है। उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम के आयोजन के पीछे देश में सामाजिक प्रदूषण को रोकने के साथ लोगों में देशभक्ति का जज्बा पैदाकर मिट्टी से जुड़कर देश में हरियाली लाने का उद्देश्य है। पर्यावरणविद ने विद्यालय परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के उद्घोष के साथ नवरत्न पौधों का स्थापना कर कन्याओं को प्रकृति कलश के रूप में पौधा व पानी उपलब्ध कराकर उनके पांव की पूजा की। उन्होनें कहा कि नवरात्र में फलहार भोजन करने का विधान है। इसलिए उन्होंने लोगों के बीच नवरत्न फलदार व पूजनीय पौधों का निःशुल्क वितरण कर उसे लगाने व बचाने का संदेश देते हैं। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल किशोर ने कहा कि जिस प्रकार प्रतिवर्ष लोग नवरात्र में घर-परिवार की खुशहाली व आत्मा की शांति के लिए घर में कन्याओं को भोजन पानी कराते हैं। उसी प्रकार धरती और ब्रह्मांड की आत्मा की शांति और प्रदूषण से मुक्ति के लिए पूरे नवरात्र के समय कन्याओं को पौधा पानी भी देना चाहिए है। तभी नवरात्र में कलश पूजा और दुर्गा पूजा की सार्थकता बनी रहेगी तथा समाज में अमन चैन व शांति कायम रहेगी। उन्होंने स्कूली बच्चों को पर्यावरण, प्रकृति और प्रदूषण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कार्यक्रम में वृक्षों पर रक्षाबंधन भी किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजनकर्ता कमलेश चौधरी, सुनील कुमार चौधरी, शिक्षक संजय कुमार चौधरी, भरदुल पासवान, दिनेश चौधरी, अमित चौधरी, अरुण चौधरी, उमेश, मुकेश, लक्ष्मण, रामचंद्र, विमल चौधरी, शकीरा देवी, रमोला कुंवर, धनवंती देवी, अमृता कुमारी, नेहा कुमारी, फूल कुमारी, अनीता,संगीता, यशोदा, अंजू देवी, बसंती देवी और अजीत चौधरी आदि उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

हुसैनाबाद शहर में शीघ्र चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान : कार्यपालक पदाधिकारी

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत सभागार में गुरुवार को टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने किया। इसमें मुख्य बाजार रोड में हो रही जाम की समस्या से अवगत कराया गया। उक्त बैठक में नगर पंचायत के अधीन बन रहे तीन वेंडिंग जोन पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी टाउन वेंडिंग सदस्यों से उनकी मुख्य परेशानियों के बारे में जाना और उसे जल्द ही दूर करने का निर्देश दिया। कहा कि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए नगर पंचायत कृतसंकल्पित है। शहर वासियों को जाम से निजात दिलाने के लिए दुर्गापूजा के बाद मुख्य बाजार समेत शहर के कई अन्य क्षेत्रों में प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जाएगा। बैठक में चिकित्सा पदाधिकारी दीपक कुमार, थाना प्रभारी जगन्नाथ धान, नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, नजीबुल्लह अंसारी, राकेश कुमार सिंह, धीरज गुप्ता आदि उपस्थित थे।

ई विद्यावाहिनी के नये मतदाताओं का नाम जोड़ने को लेकर एसडीओ की अगुवाई में समीक्षा बैठक

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने इ विद्यावाहिनी से जुड़े नये मतदाताओं का नाम जोड़ने को लेकर अनुमंडल कार्यालय परिसर में गुरुवार को समीक्षा बैठक की। निर्वाचन आयोग द्वारा क्षेत्र वार वैसे नए मतदाताओं जिनके नाम ई विद्यावाहिनी में जुटा है। जिनका जनवरी 2024 या अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष पूरा होगा। वैसे विद्यार्थियों को प्रपत्र-6 भरकर जमा लेना है। इस संबंध में एसडीओ ने अद्यतन जानकारी ली। अबतक जिनका फार्म जमा नहीं हुआ है, हर हाल में 27 अक्टूबर तक फार्म जमा करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित प्रधानाध्यापकों को इस कार्य को अविलंब पूरा करने के लिये सक्रियता के साथ काम करने का निर्देश दिया। बताया कि उक्त निर्धारित तिथि के अनुसार हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधान सभा क्षेत्र में ई विद्यावाहिनी से 13874 युवा निर्धारित उम्र को पूरा करेंगे। अबतक 10280 प्रपत्र-6 जमा लिया गया है। इस मौके पर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह हुसैनाबाद बीडीओ रतन कुमार, हैदरनगर सीओ राजीव नीरज, डॉ आलोक रंजन, अक्षय कुमार चौहान, रंजीत कुमार, पभंवर सिंह, प्रियहित कुमार सोनी, जितेंद्र कुमार गुप्ता, मो मशरूद्दीन, सोहैल अख्तर, संजय कुमार सिंह व संजय कुमार आदि थे।

दुर्गोत्सव पर डंडीला खुर्द में दिखेगा कोलकाता का दक्षिणेश्वर मंदिर

विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)। विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द में दुर्गापूजा की तैयारी जोरों पर है। इस बार यहां कोलकाता का प्रसिद्ध दक्षिणेश्वर मंदिर देखने को मिलेगा। इसके निर्माण को अंतिम रूप देने के लिए बंगाल से कारीगर पिछले 15 दिनों से जुटे हैं। पूजा कमेटी की मानें तो दुर्गापूजा पंडाल के निर्माण में पांच से सात लाख रुपए का खर्च आयेगा। डंडीला खुर्द नवयुवक संघ के अध्यक्ष विष्णु शुक्ला उर्फ डुलडुल शुक्ला, उपाध्यक्ष दीपक शुक्ला ने बताया कि वाराणसी एवं बृंदावन के आचार्य को मां दुर्गा की पूजा के लिए बुलाया गया है। बताया कि जिला प्रशासन की गाईड लाईन के हिसाब से सीसीटीवी कैमरा, फायर से संबंधित उपकरण और माता रानी के दर्शन करने के लिए पुरुषों एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग द्वार बनाया गया है।

कार्रवाई : बायोमेट्रिक हाजिरी नहीं बनाने वाले शिक्षकों का वेतन काटने का निर्देश

बच्चों की शिक्षा से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू डीसी शशि रंजन ने सभी सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक उपस्थिति बनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जो शिक्षक ऐसा नहीं करेंगे, उनका वेतन काटा जायेगा। वहीं, बैठक में बगैर सूचने के अनुपस्थित रहने पर मनातू के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी व नौडीहा बाजार के बीपीओ का भी वेतन रोकने का निर्देश दिया है। डीसी गुरुवार को

मनातू के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी व नौडीहा बाजार के बीपीओ का भी वेतन रोकने का निर्देश

पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी शशि रंजन।

समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की ओर से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक कर रहे थे। इसी क्रम में उन्होंने बच्चों का खाता खोलने, कक्षा एक से 12वीं के बच्चों के बीच पुस्तक वितरण, पोशाक वितरण, छात्रवृत्ति, मध्यान भोजन, स्कूलों में रंगरोहन, खेल सामग्री वितरण आदि की भी समीक्षा की। डीसी ने दो टूक शब्दों में कहा कि जिले में बच्चों के शिक्षा से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस मौके पर डीडीसी रवि आनंद ने भी विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और बीपीओ आदि उपस्थित थे।

स्पोर्ट्स

इंडिया की वर्ल्ड कप में लगातार चौथी जीत

बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया, कोहली का 48वां शतक, सबसे तेज 26 हजार इंटरनेशनल रन बनाये

एजेंसी

पुणे। टीम इंडिया ने वर्ल्ड कप 2023 में लगातार चौथी जीत हासिल की है। भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया। कोहली ने 48वां वनडे शतक जमाया। उन्होंने सबसे तेज 26 हजार इंटरनेशनल रन भी पूरे कर लिए हैं। उन्होंने 567 पारियों में यह अचीवमेंट हासिल की है। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर ने 600 पारियों में यह कारनामा किया था।

पुणे के एमसीए मैदान पर बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 256 रन बनाए। 257 रन का टारगेट भारतीय बल्लेबाजों ने 41.3 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। विराट कोहली ने वनडे करियर की 69वीं फिफ्टी जमाई, जबकि शुभमन गिल ने 10वां अर्धशतक जमाया। गिल ने रोहित के साथ 76 बॉल पर 88 रन की ओपनिंग साझेदारी की।

257 का टारगेट चेज कर रहे रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने 88 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। रोहित फिफ्टी से चूक गए। उन्होंने 48 रन बनाए। हसन की गेंद पर पुल शॉट मारने के चक्कर में रोहित को दॉय ने बाउंड्री पर लपका।

शुभमन गिल ने वर्ल्ड कप में अपनी पहली फिफ्टी लगाई। वो 53 रन बनाकर मेहंदी हसन मिराज की गेंद पर कैच आउट हुए। महमूदुल्लाह ने बाउंड्री पर उनका कैच लपका।

पुणे के एमसीए मैदान पर बांग्लादेश की टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। बांग्लादेश ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 256 रन बनाए। ओपनर्स तंजिद हसन तमीम और लिट्टन दास के बीच 93 रन की साझेदारी हुई। तंजिद ने वर्ल्ड कप में अपनी पहली फिफ्टी लगाई। वो 51 रन बनाकर आउट हुए।

लिट्टन दास ने 12वीं वनडे फिफ्टी लगाई, वो 66 रन बनाकर आउट हुए। शांतो (8 रन), मिराज (3) और तौहीद हृदॉय (16) जल्दी आउट हुए।

मुशफिकुर रहीम (38 रन) और महमूदुल्लाह (46 रन) के बीच 42 रन की साझेदारी हुई। मुशफिकुर को बुमराह ने आउट किया। बैकवर्ड पॉइंट पर जडेजा ने डाइव लगाकर उनका कैच पकड़ा। महमुदुल्लाह ने फिर नसुम अहमद के साथ 32 रन की साझेदारी की।

गढ़वा के होटल संचालक से सात लाख की ठगी, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। जिले के हरिहरगंज थाना के समीप आरबी पैलेस होटल में गढ़वा जिले के नगर उंटारी थाना क्षेत्र अंतर्गत पालेट कालो गांव निवासी होटल संचालक अमीर चंद गुप्ता को बुलाकर कुछ लोगों ने सात लाख रुपये की चप्पत लगा दी और फरार हो गए। इस बाबत पीड़ित अमीर चंद गुप्ता ने हरिहरगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है। होटल संचालक ने पुलिस को बताया कि विगत 10 अक्टूबर को मेरे गुप्ता लाईन होटल सीरिया टोंगर में खाना खाने आया था। वह चौनदली निवासी मनोज सिंह का नाम बताते हुए सभी तरह के सामान पर 10-20 फीसदी छूट पर खरीदारी करने की बात कही और मेरा मोबाइल नंबर लेकर चला गया। 4-6 दिनों से 8797226814 नंबर से फोन कर रहा था। 18 अक्टूबर को तीन लोगों से सात लाख रुपये लेकर निकला तो पहले छत्तरपुर आने के लिए कहा, जिसके बाद हरिहरगंज आर बी पैलेस में बुलाया। होटल पर पहुंचने पर उसने एक कमरे में ले गया। जहां पहले से एक और व्यक्ति मौजूद था। उसने पहले आधार कार्ड मांगा तब सात लाख रुपये। पैसा लेने के बाद विधिवत सभी पैसों का बंडल बनाया। आरबी पैलेस में ही दूसरा कमरा दिलाने और साहब को बुलाने का बहाना बनाते हुए होटल से बाहर निकला और बाइक पर बैठकर फरार हो गया। कुछ देर के बाद जब मैंने फोन किया तो उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ आने लगा। शक हुआ कि मेरे साथ ठगी हुई है। उधर, इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि अमिर चंद गुप्ता की लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए जांच पड़ताल की जा रही है।

दिव्यांग अधिकार मंच प्रदेश कमेटी की बैठक छतरपुर में संपन्न

दिव्यांगों के हित में बुलंद होगी आवाज : अरविंद

छतरपुर (आजाद सिपाही)। दिव्यांग अधिकार मंच की प्रदेश कमेटी ने स्थानीय हाई स्कूल के स्टेडियम में दिव्यांगों के हित की रक्षा को लेकर गुरुवार को आवश्यक बैठक की। जिसकी अध्यक्षता मंच के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मंच के प्रदेश संरक्षक अरविंद गुप्ता चुनमून उपस्थित थे। बैठक में प्रमुखता से बात रखते हुए मंच के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद ने कहा कि दिव्यांगो को दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 के अनुसार सुविधाएं मिलने चाहिए। बैठक में प्रमुखता से कई समस्याओं पर चर्चा की गई जिसमें प्रमुख रूप से दिव्यांगों के लिए सभी प्रखंडों में आवासीय दिव्यांग विद्यालय खोलने। पलामू के सीएस कार्यालय की ओर से दिव्यांगों को उनकी डिसबेलेटी के

हिसाब से पारदर्शिता के साथ दिव्यांगता प्रतिशत देने, 18 वर्ष से ऊपर वाले दिव्यांगों और विधवाओं को सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार पीला अंत्योदय कार्ड बनवाने, अबुआ आवास के वितरण में विकलांगों को प्राथमिकता देने, सभी दिव्यांगों को पेंशन की राशि एक हजार रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये करने की मांगें शामिल थी। वहीं बैठक में मंच के प्रदेश संरक्षक के रूप में अरविंद गुप्ता चुनमून ने कहा कि दिव्यांग कोई भीख नहीं मांग रहे, बल्कि वे अपना हक मांग रहे हैं जो सरकार ने संविधान में उन्हें दिया है। अरविंद ने यह भी कहा कि सरकार और सिस्टम को दिव्यांगों की समस्या पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उनकी समस्या का समाधान करना चाहिये। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश राम, नजरे आलम, प्रदेश उपसचिव जय प्रकाश गुप्ता, बीरबल यादव, ललिता देवी, राजू कुमार, पूजा कुमारी आदि थे।

आरपीएस पब्लिक स्कूल में दुर्गापूजा महोत्सव का आयोजन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। जपला आरपीएस पब्लिक स्कूल में गुरुवार को दुर्गापूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मां दुर्गा के अवतारों को प्रदर्शित किया गया। यह त्योहार दैत्य महिषासुर या बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है, इस अवसर का विशेष आकर्षण नृत्य नाटिका आयोजित की गयी। जिसमें दिशा, साक्षी, श्रृद्धि, कनिष्क, अद्विक, मयंक, जया आदि छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शिक्षक-शिक्षिका रंजना, स्वेतालीना और दीपक ने इस नाटक में अपनी सहभागिता दी। वहीं, प्राचार्य मनुज शर्मा ने अपने संबोधन में बच्चों को सच्चाई और ईमानदारी का अनुसरण करने को प्रेरित किया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉची
ई–निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांकः– दिनांक–

ई–निविदा संख्याः– 12/2023-24/RWD /EE/RANCHI

क्रम सं0	आईडेन्टी फिकेषन संख्या/ पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राषि (रूपये में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि	टेण्डर कॉल नं0
1	RWD/RANCHI/ 20/ STPKG/03/ 2023-24	कथालीजारा से मसारीजारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.200 कि0मी0) जरगा से अम्बाझरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–9.100 कि0मी0) चतरा सताकी से बानपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–3.500 कि0मी0) मंझिलाटोला से तुरूप तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–4.650 कि0मी0)	13,05,68,000.00	तेरह करोड़ पाँच लाख अड़सठ हजार रूपये मात्र।	9 माह	प्रथम
2	RWD/RANCHI/ 21/ STPKG/04/ 2023-24	एन0एच0–23 से जामटोली पिच रोड भाया विनय पतरा छोटा सरना बेड़ो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–1.750 कि0मी0) करंजटोली पक्की सड़क से पुरियो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–2.200 कि0मी0) पुरानापानी लापुंग पथ से गड़री भाया कांताबारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–2.350 कि0मी0) दरहाटांड़ (बल्क मिल्क कलेक्शन सेंटर) से ग्राम कुल्हागढ़ा, ग्राम बांधटोली एवं ग्राम सियारटोली लिंक पथ से मुराल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–5.400 कि0मी0) मोरो बोड़ेया से सेमरा मोड़ भाया नारो स्कूल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–3.900 कि0मी0) करगे पतराटोली रूगड़ीढीपा से बेयासी भाया डोरन्डा रेलवे फाटक तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–4.900 कि0मी0)	11,35,26,700.00	ग्यारह करोड़ पैंतीस लाख छब्बीस हजार सात सौ रूपये मात्र।	9 माह	प्रथम
3	RWD/RANCHI/ 22/ STPKG/05/ 2023-24	लोटा से गोराडीह भाया नागेडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–9.100 कि0मी0) पटका से दमनडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–1.800 कि0मी0) करियाडीह से अड़ाल नवाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–1.975 कि0मी0) कोयलाडीह से अजयगढ़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–3.600 कि0मी0)	12,64,08,200.00	बारह करोड़ चौंसठ लाख आठ हजार दो सौ रूपये मात्र।	9 माह	प्रथम

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–01.11.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–16.11.2023 अपराह्न 5.00 बजेतक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–17.11.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

PR 309611 REO(23-24)D

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, राँची

कांग्रेस में शामिल हुए असंगठित मजदूर नेता

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। जोगता 6/10 के असंगठित मजदूर नेता सैय्या आलम गुरुवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। पार्टी के जिला महासचिव राजकुमार महतो व असलम मंसूरी ने बांसजोड़ा में माला पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया। सैय्या आलम ने कहा कि राम रहीम पर आस्था रखते हुए कांग्रेस में शामिल हुए है। अब कांग्रेस में रहकर मजदूर के हित और बेहतरी के लिए काम करूंगा। वहीं, राम रहीम के नाम से मशहूर असलम मंसूरी व राजकुमार महतो ने कहा कि सैय्या आलम ईमानदार मजदूर नेता है। हमलोग का इतिहास मजदूरो के हितों की रक्षा करना ही रहा है। इसलिए मजदूर का दर्द हमसे बढ़िया कौन समझ पायेगा। मौके पर कांग्रेस नेता शाहरुख खान, विकाश सिंह, नुर हसन, कृष्णा राम, मुकेश साव, अंकी सिंह आदि मौजूद थे।

साल 2021 में की गयी थी रेलवे कर्मी की हत्या

हत्या के दो दोषी को आजीवन कारावास

आजाद सिपाही संवाददाता

तेनुघाट। तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय अनिल कुमार ने हत्या को दोषी आदिल अंसारी और करण कुमार सिंह उर्फ अजय कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। बतातें चलें कि सूचिका संगीता कुमारी ने एक जुलाई 2021 को बोकारो थर्मल थाना प्रभारी के पास बयान दर्ज कराई थी कि रेलवे में कार्यरत उसके पति अनिल कुमार कुमार एक जुलाई की सुबह ड्यूटी के लिए घर से

निकले थे। उसी दिन शाम सात बजे किसी ने सूचना दी कि उसके पति को रेलवे ट्रैक के सामने किसी ने हत्या कर दी गई है। खबर पाते ही जब वो वहां रेलवे अधिकारियों के साथ पहुंची तो देखा कि किसी ने धारदार हथियार से गला रेतकर उसके पति की हत्या कर दी थी। उक्त बयान के आधार पर बोकारो थर्मल में मामला दर्ज किया गया। इसके बाद जांच में उतरी पुलिस ने आदिल अंसारी और करण कुमार सिंह उर्फ अजय कुमार नामक व्यक्तियों को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोप पत्र समर्पित होने के बाद मामला स्थानांतरित होकर जिला जज द्वितीय अनिल कुमार के न्यायालय में आया। जहां उपलब्ध गवाहों के बयान एवं उभय पक्षों के अधिवक्ता के बहस सुनाने के बाद न्यायाधीश ने आदिल अंसारी और करण कुमार सिंह उर्फ अजय कुमार को हत्या का दोषी पाया। इसके बाद दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सजा सुनाए जाने के बाद दोनों को तेनुघाट जेल भेज दिया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साहू ने बहस किया और उनका साथ सुचिका के अधिवक्ता अरुण कुमार सिन्हा ने दिया ।

झारखंड हाइकोर्ट ने की अहम टिप्पणी

पति पर इतना बोझ डालना उचित नहीं कि शादी उसके लिए सजा बन जाये

आजाद सिपराही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट ने गुरुवार को एक पारिवारिक विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए अहम और मार्मिक बात कही। अदालत ने कहा कि पत्नी को भरण-पोषण प्रदान करना पति का नैतिक दायित्व है, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए कि वैवाहिक जीवन शैली बनी रहे, इसके लिए पति पर इस हद तक बोझ डालना उचित नहीं कि शादी उसके लिए सजा बन जाये।

हाइकोर्ट में दायर की गयी थी याचिका

दरअसल, धनबाद फैमिली कोर्ट के एक आदेश के खिलाफ झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी, जिस पर गुरुवार को हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुभाष चांद की कोर्ट में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि वर्ष 2018 में उसकी शादी हुई। शादी के कुछ दिनों बाद ही उसकी पत्नी ने दहेज और घरेलू हिंसा का आरोप लगाया और वैवाहिक घर छोड़ कर अपने माता पिता के साथ रहने लगी।

धनबाद कोर्ट के फैसले को बदल कर हाइकोर्ट ने भरण-पोषण के लिए 25,000 हजार देने को कहा

पत्नी ने आरोप लगाया था कि याचिकाकर्ता, एक आर्थिक रूप से समृद्ध व्यवसायी, कोयला और कोक विनिर्माण संयंत्रों सहित कई स्त्रोतों से पर्याप्त आय अर्जित करता है। उसकी कुल मासिक आय 12.5 लाख रुपये होने का अनुमान है। उसके बाद धनबाद फैमिली कोर्ट ने यह निर्देश दिया कि पति अपनी पत्नी को 40,000 हजार रुपये मेंटेनेंस (भरण-पोषण) दे। धनबाद कोर्ट के इस फैसले को बदलते हुए हाइकोर्ट ने यह आदेश दिया कि फैमिली कोर्ट का निर्णय गलत निष्कर्षों पर आधारित था और तय की गयी भरण-पोषण की राशि अनुचित थी। इसके बाद हाइकोर्ट ने प्रार्थी को 25,000 हजार रुपये मेंटेनेंस (भरण-पोषण) के तौर पर देने का निर्देश दिया है।

महत्वपूर्ण न्यूज

नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद पहली बार बोकारो पहुंचे विधायक अमर बाउरी का भव्य स्वागत

बोकारो (आजाद सिपाही)। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद पहली बार चंदनकियारी के भाजपा विधायक अमर बाउरी गुरुवार को बोकारो पहुंचे। चास के नेताजी चौक चेक पोस्ट के पास पार्टी के चास नगर अध्यक्ष पन्नालाल कांदू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। भाजपा बोकारो जिला महामंत्री सह नगर प्रभारी संजय त्यागी ने अमर बाउरी को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित प्रदेश व केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। कहा कि अमर बाउरी के मनोनयन से संगठन को लाभ होगा। इस मौके पर पूर्व महिला अध्यक्ष आरती राणा, पिंडराजोरा मंडल अध्यक्ष सनातन सिंह, मंडल महामंत्री प्रकाश प्रमाणिक, रंजीत वर्णवाल, बुद्धेश्वर घोषाल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष झांटू दे, किसान मोर्चा अध्यक्ष अरविंद राय, मोनू कशयप, राजेश घोषाल, शिम्पी सिंह, गोलू उपाध्याय, अल्पसंख्यक अध्यक्ष सल्लू अंसारी, ओबीसी जिला महामंत्री राजेश वर्णवाल, रोशन सिंह, ओबीसी अध्यक्ष अनूप गुप्ता, हीरामंडल, बिपिन ठाकुर, रोशन सिंह, दीपक बाउरी, अजीत बाउरी, श्याम बाउरी, शिल्पी देवी, विक्की राय, बंटी मंडल, गौतम सिंह, लालू मोदक, सैंटी कांदू, धर्मेंद्र, शबा अहमद आदि उपस्थित थे।

27 से हर बार मोदी, बार-बार मोदी अभियान की शुरुआत

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। उषा सिंह चेरिटेबल फॉउडेशन के चेयरमेन सह भाजपा नेत्री डॉ उषा सिंह ने फुसरो के शास्त्री नगर स्थित आवासीय कार्यालय में गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि 27 अक्टूबर को करगली गेट स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण करने के बाद हर बार मोदी, बार-बार मोदी अभियान की शुरूआत की जायेगी। इसके तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 अगस्त 2022 को लाल किले से पांच प्रण लिया गया था। कहा गया था कि विकसित भारत, गुलामी के हर अंग से मुक्ति, अपने विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता व नागरिकों में कर्तव्य की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना है। प्रधानमंत्री ने अपने 9 वर्षों के कार्यकाल में देश को विश्व में उच्चतम स्थान दिलाने का कार्य किया। है। देश के अंदर सर्वांगीन विकास सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास एवं सबका प्रयास का नारा दिया है। वहीं, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को ओडिशा का राज्यपाल बनाए जाने, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को झारखंड विधानसभा में सचेतक बनाए जाने और चंदनकियारी विधायक अमर बाउरी को विधायक दल का नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई दी। इस मौके पर भाजपा के बोकारो जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, फुसरो नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव, महामंत्री रमेश स्वर्णकार व दुनदुन तिवारी, दिनेश सिंह, सुभाष बरनवाल, अशोक सिंह, विरेंद्र ठाकुर, अशोक सिंह, अभय विश्वकर्मा, अरुण विश्वकर्मा, संजय सिंह उर्फ संजू बाबा और वीरेंद्र ठाकुर आदि मौजूद थे।

ट्रेन के सामने आकर आत्महत्या करने वाली गौरी के परिजन लोयाबाद पहुंचे

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर धनबाद-चंद्रपूरा रेल लाइन पर जान देने वाली बांसजोडा निवासी संजय साव की पत्नी गौरी देवी के परिजन गुरुवार को लोयाबाद थाना पहुंचे। मृतका के भाई शंकर साव और चचेरे भाई अजय साव पुलिस से मिल कर इस मामले में कार्रवाई की मांग की। लोयाबाद पुलिस ने उन लोगों को समझाया कि घटनास्थल जीआरपी के क्षेत्र में आता है। जो भी शिकायत करनी है कुसुंडा जीआरपी थाना में जा करें। मृतका के भाईयों का कहना था कि उसकी बहन ने आत्महत्या नहीं की है, बल्कि उसकी हत्या कर रेलवे लाइन पर फेंक दिया गया है। उनलोगों ने बताया कि ससुराल वाले उसकी बहन को हमेशा प्रताड़ित करते रहते थे। बहन से बात तक नहीं करने देते थे। बहनोई को जब भी फोन करते थे वह गाली गलौज करने लगता था। जीआरपी पर सहयोग नहीं करने का आरोप भी लगाया। गौरतलब हो कि मंगलवार को सेंद्रा पुल के समीप गौरी देवी ने ट्रेन के सामने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेजा था। रिपोर्ट आने के बाद ही इस बात का पदार्फाश हो पाएगा कि विवाहिता ने आत्महत्या की थी या उसकी हत्या हुई है।

झारखंड के जिस अस्पताल में अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि का हुआ था जन्म, अब उसके पुनरुद्धार की तैयारी में केंद्र सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

सिंदरी/धनबाद। विख्यात खाद कारखाना 2003 से बंद पड़ा है। इसका 11 एकड़ में फैला हुआ अस्पताल परिसर भी। यह वह अस्पताल है, जिसमें बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि का जन्म (16-11-1963) में हुआ था। जानकारी के मुताबिक मीनाक्षी के पिता सिंदरी खाद कारखाने के सल्फेट प्लांट में काम करते थे। अब बंद पड़े और तकरीबन खंडहर हो चुके इस एफसीआइ (भारतीय उर्वरक निगम, भारत सरकार) अस्पताल के पुनरुद्धार के लिए पहल हुई है। एफसीआइएल ने 50 वर्षों के लिए इसे लीज पर आवंटित करने की योजना बनायी है। इसके लिए टेंडर नोटिस भी जारी कर दिया गया है। जिसे भी टेंडर के आधार पर इस अस्पताल को चलाने का मौका मिलेगा, उसे पहले 30 वर्षों के लिए लीज पर संचालन का अधिकार होगा। संतोषजनक परफॉरमेंस रहने पर अगले और 20 सालों यानि कुल 50 सालों के लिए अस्पताल के संचालन का मौका मिलेगा।

विधानसभा में भी गूंजी थी आवाज

गौरतलब है कि एफसीआइ अस्पताल की गिनती कभी न सिर्फ धनबाद, बल्कि झारखंड के प्रमुख सरकारी अस्पतालों में होती थी। यहां एफसीआइ कर्मचारियों को चिकित्सा की आधुनिक सुविधाएं मिलती थी। मार्च 2021 के दौरान इस अस्पताल को चालू कराने का बीड़ा सिंदरी के विधायक इंद्रजीत महतो ने उठाया। उन्होंने झारखंड विधानसभा में इससे संबंधित मुद्दे को उठाया था। चालू होने की उम्मीद का एक आधार यह भी माना गया कि सिंदरी में नये सिरे से खाद कारखाना का निर्माण होना है।

रागिनी सिंह ने झरिया की जनता को सौंपा दो वाटर टैंकर

झरिया (आजाद सिपाही)। बिहार बिल्डिंग स्थित जनता श्रमिक संघ कार्यालय में संगठन की संयुक्त महामंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने गुरुवार को विधिवत पूजा अर्चना कर व भाजपा का झंडा दिखाकर दो वाटर टैंकर को झरिया की जनता की सेवा में समर्पित किया। भाजपा नेत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से झरिया की जनता पानी की घोर समस्या से जूझ रही है। केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी हर घर नल जल योजना झरिया में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है इसे अभी तक धरातल पर नहीं उतारा गया। झरिया में कई ऐसे इलाके है जहां लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे है। वैसे क्षेत्रों में सरकारी व्यवस्था पूरी तरह फेल

है। बोरागढ़, भलगोड़ा, सिंह नगर, बस्ताकोला, भगतडीह, लोदना, जयरामपुर समेत विधानसभा क्षेत्र के कई क्षेत्रों से पानी की समस्या से जुड़ी लगातार शिकायतें मिल रही थी। वैसे क्षेत्र के निवासियों के पानी की समस्या के निदान का यह छोटा सा प्रयास है। आज से ये दो वाटर टैंकर झरिया की जनता को समर्पित है।मौके पर, उमेश यादव, संतोष सिंह, अरुण साव, संतोष शर्मा, अभिषेक पांडे, राजाराम पासवान, महंत पांडे, अखिलेश सिंह, छोटू सिंह, दिलीप भारती, राज किशोर जैना, सेलो पासवान, रंजीत रवानी, मनोज गोप, रघु राम, राजेश पासवान, टुन्ना सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

मोबाइल टॉवर कंपनियां लेबर सेस का बकाया खाते में जमा करायें

294 मोबाइल टावर का एक करोड़ दो लाख 90 हजार रुपये है बकाया

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। जिला अंतर्गत मोबाइल टॉवर निर्माण करने वाले रिलाइंस जियो इंफराटेल, एटीसी, भारती इंफराटेल एवं इंडस कंपनी द्वारा कुल जिले में 294 मोबाईल टॉवर का निर्माण किया गया है। इसकी सूचना इन कंपनियों ने श्रम विभाग को नहीं दी है। साथ ही मोबाइल टॉवर का निर्माण लागत का कुल एक फीसदी राशि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम 1996 के अंतर्गत विभाग के खाते में जमा की जानी चाहिए। इसकी सूचना स्थानीय श्रम कार्यालय को दी जानी चाहिए थी। पर ना तो इन कंपनियों ने मोबाइल टॉवर के निर्माण की सूचना और ना ही उपकर की राशि जमा करने की सूचना कार्यालय को दी गई है। इस संबंध में बोकारो उप श्रमायुक्त कार्यलय की ओर से सभी मोबाइल

कंपनियों को नाटिस जारी की गई थी। पर किसी भी कंपनी ने उपकर राशि विभाग के खाते में जमा करने की सूचना नहीं दी है, जिस कारण सभी कंपनियों पर निर्माण लागत का एक फीसदी राशि विभाग के खाते में जमा करने का आदेश पारित किया गया है। सूत्रों की मानें तो रिलाइंस जियो इंफराटेल पर 28 लाख 70 हजार रुपये, भारती एयरटेल लिमिटेड पर 30 लाख 80 हजार रुपये, इंडस टावर लिमिटेड पर तीन लाख 25 हजार रुपये, एटीसी टेलिकॉम कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड पर 39 लाख 55 हजार रुपये बकाया है। इस तरह कुल एक करोड़ दो लाख 90 हजार रुपये की राशि यदि एक महीने के अंदर उपरोक्त कंपनियों द्वारा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर की राशि बोर्ड के खाते में जमा नहीं की जाती है तो निलामवाद दायर कर पैसा वसूलने की कार्रवाई की जाएगी। जिले के सहायक श्रमायुक्त प्रवीण कुमार ने बताया कि कोई भी निर्माण कार्य किया जाता है तो निर्माण लागत का एक फीसदी राशि विभाग के खाते में जमा कर इसकी सूचना श्रम विभाग को दी जानी चाहिए। ऐसा नहीं करने पर दो फीसदी ब्याज के साथ वसूली की कार्रवाई की जा सकती है।

झारखण्ड सरकार

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(कृषि प्रभाग)

कार्यालयः– जिला कृषि पदाधिकारी, कोडरमा

पताः– संयुक्त कृषि भवन, समाहरणालय परिसर, कोडरमा किसान भाईयों के लिए

आवश्यक सूचना

कोडरमा जिले के कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कंपनीवार प्रति बोरी अधिकतम खुदरा मुल्य (MRP) निम्न प्रकार है ।:–

SI. No.	Company	UREA Ind./Imp	DAP Ind./Imp	MOP	SSP	Complex 20:20:13	Complex 12:32:16	Complex 16:16:16	Complex 14:28:00
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	IFFCO	266.50	1350.00	-	-	1200.00	-	-	-
2	NFL	266.50	-	-	-	-	-	-	-
3	YARA	266.50	-	-	-	-	-	-	-
4	KFL/KRIBHCO	266.50	-	-	-	-	-	-	-
5	INDORAMA	266.50	1350.00	-	645.00	1470.00	-	-	1550.00
6	IPL	266.50	1350.00	1700.00	-	1250.00	-	1250.00	-
7	MATIX	266.50	-	-	-	-	-	-	-
8	HURL	266.50	-	-	-	-	-	-	-
9	PPL	.–	1350.00	-	-	1250.00	-	-	-
10	SAI	.–	-	-	575.00	-	-	-	-

नोट :– 1. यूरिया की प्रति बोरी 45 Kg Packsize की होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 Kg Packsize होती है।

2. यदि किसी भी खुदरा विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारित MRP से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनिकी प्रबंधक जिले के जिला कृषि कार्यालय तथा संयुक्त कृषि निदेशक कार्यालय में इसकी शिकायत की जा सकती है।

3. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर – अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत् सख्त कार्रवाई की जाएगी।

PR 309538 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24)D

जिला कृषि पदाधिकारी
कोडरमा

Government of Jharkhand

Drinking Water & Sanitation Division, Khunti

Email ID:- eedwsd.khunti@gmail.com

Very Short Tender Notice

Tender Reference No.– DWSD/KH-05/2023-24 (1st Call) Date- 19.10.2023

Name of Work: Construction of Community Soak Pit with Silt Chamber for Three Households having waste water discharge of 90 L/Day under D. W. & S. Division, Khunti for the year 2023-24.

Sl. No.	Group No.	No. of Soak Pit	Estimated Cost	Earnest Money	Cost of BOQ	Time of Completion
1	KNT/SP/ KH-01	28	660016.00	13500.00	1250.00	01 Month
2	KNT/SP/ KH-02	28	660016.00	13500.00	1250.00	01 Month
3	KNT/SP/ KH-03	29	683588.00	14000.00	1250.00	01 Month
4	KNT/SP/ MU-04	32	754304.00	15500.00	1250.00	01 Month
5	KNT/SP/ MU-05	32	754304.00	15500.00	1250.00	01 Month
6	KNT/SP/ MU-06	30	707160.00	14500.00	1250.00	01 Month
7	KNT/SP/ AR-07	37	872164.00	17500.00	1250.00	01 Month
8	KNT/SP/ AR-08	32	754304.00	15500.00	1250.00	01 Month
9	KNT/SP/ AR-09	33	777876.00	16000.00	1250.00	01 Month
10	KNT/SP/ AR-10	34	801448.00	16500.00	1250.00	01 Month
11	KNT/SP/ AR-11	28	660016.00	13500.00	1250.00	01 Month
12	KNT/SP/ AR-12	30	707160.00	14500.00	1250.00	01 Month
13	KNT/SP/ TO-13	30	707160.00	14500.00	1250.00	01 Month
14	KNT/SP/ TO-14	33	777876.00	16500.00	1250.00	01 Month
15	KNT/SP/ TO-15	34	801448.00	16500.00	1250.00	01 Month
16	KNT/SP/ RN-16	42	990024.00	20000.00	1250.00	01 Month
17	KNT/SP/ KR-17	30	707160.00	14500.00	1250.00	01 Month
18	KNT/SP/ KR-18	31	730732.00	15000.00	1250.00	01 Month
19	KNT/SP/ KR-19	27	636444.00	13000.00	1250.00	01 Month
20	KNT/SP/ KR-20	33	777876.00	16000.00	1250.00	01 Month
21	KNT/SP/ KR-21	32	754304.00	15500.00	1250.00	01 Month
22	KNT/SP/ KR-22	25	589300.00	12000.00	1250.00	01 Month

a)	Date of Sell of Tender Paper	20.10.2023 10:00 A.M to 27.10.2023 up to 05:00 P.M.
b)	Last date / Time for receipt Earnest Money, Cost of BOQ & Tender Doc. (Hard Copy)	28.10.2023 up to 02:00 P.M.
c)	Place for receiving tender fee & EMD (Hard Copy)	Office of the Executive Engineer, D. W. & S. Division, Khunti.
d)	Date of Opening of Tender	30.10.2023/ 12:30 P.M.
e)	Place of Opening Tender	Office of the Executive Engineer, D. W. & S. Division, Khunti.
f)	Name & Address of Tender inviting Authority	Executive Engineer, D. W. & S. Division, Khunti.
g)	Contact No. of Procurement Office	06528-299928

विस्तृत जानकारी हेतु प्रमंडलीय कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा वेबसाईट http://dwsd.jharkhand@gov.in या http://112.133.209.136:8000/dwsdtenders/ पर देखा जा सकता है।

!!जल ही जीवन है!!

(ई० सुरेन्द्र कुमार दिनकर)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी।

PR 309607 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

न्यूज रील्स

ज्ञानवापी मामला: 21 अक्तूबर को आयेगा आदेश

वाराणसी। वाराणसी के ज्ञानवापी स्थित सील वजूखाने में एएसआइ सर्वे के लिए राखी सिंह की तरफ से दाखिल प्रार्थना पत्र पर गुरुवार को सुनवाई पूरी हो गयी। दोनों पक्ष की दलीलें सुनने के बाद जिला जज की अदालत ने आदेश के लिए 21 अक्तूबर की तिथि तय की है।

डाबर के हेयर रिलैक्सर प्रोडक्ट्स से कैंसर का दावा

वॉशिंगटन। डाबर इंडिया की 3 सहायक कंपनियों नमस्ते लेबोरेटरीज एएलसी, डर्मोविवा स्किन एसेंशियल्स इंक और डाबर इंटरनेशनल के खिलाफ अमेरिकी फेडरल कोर्ट में 5,400 से ज्यादा केस दर्ज किये गये हैं। डाबर पर आरोप है कि इनके हेयर रिलैक्सर प्रोडक्ट्स से कैंसर जैसी बीमारियां हो रही हैं। इसे लेकर डाबर इंडिया ने कहा कि अमेरिकी फेडरल कोर्ट में केस अभी शुरूआती चरण में हैं और अभी कुछ कहा नहीं जा सकता।

एम्स भुवनेश्वर ने विश्व गठिया दिवस मनाया

- हर महीने इन बीमारियों से पीड़ित 50 से ज्यादा मरीज हो रहे भर्ती
- रुमेटीइड गठिया और एसएलई के मामलों में महिलाएं अधिक प्रभावित होती हैं, एंकिलॉजिंग स्पॉन्डिलाइटिस में पुरुष अधिक प्रभावित होते हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। कई गठिया और ऑटोइम्यून बीमारियों से पीड़ित एक हजार से अधिक मरीज हर महीने एम्स भुवनेश्वर जनरल मेडिसिन ओपीडी में आ रहे हैं। प्रख्यात चिकित्सा वैज्ञानिक और एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष विश्वास ने कहा, इन बीमारियों से पीड़ित 50 से अधिक मरीज हर महीने जनरल मेडिसिन वार्ड में भर्ती होते हैं। विश्व गठिया दिवस के अवसर पर आयोजित एक जन जागरूकता कार्यक्रम में डॉ बिस्वास ने रोगियों और उनके रिश्तेदारों से सीधे बातचीत करते हुए यह भी बताया कि विभाग विशेष रूप से इन रोगियों के लिए एक विशेष रुमेटोलॉजी क्लिनिक भी चलाता है। जनरल मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ अनुपम डे ने कहा कि एम्स भुवनेश्वर में कई नैदानिक परीक्षण और इमेजिंग परीक्षण उपलब्ध हैं। उपचार या तो ओपीडी के आधार पर या प्रवेश के साथ किया जाता है। उन्नत जैविक दवाओं सहित कई दवाएं दी जाती हैं। फिजियोथेरेपी उपचार का एक अभिन्न अंग है और एम्स भुवनेश्वर के पास इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए पीएमआर का एक अलग विभाग है। वर्तमान समय में भारत में 7 करोड़ से ज्यादा लोग गठिया की समस्या से पीड़ित हैं। इन समस्याओं के कई कारण हो सकते हैं जैसे उम्र से संबंधित, ऑटोइम्यूनिटी से संबंधित, संक्रमण से संबंधित आदि। ज्यादातर मामलों में महिलाएं अधिक प्रभावित होती हैं। यदि ठीक से और समय पर इलाज न किया जाए, तो यह जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाली जटिलताओं का कारण बन सकता है जिससे मृत्यु भी हो सकती है। उनमें दर्द के कारण महत्वपूर्ण रुग्णता के साथ विकृति भी विकसित हो सकती है। शराब और धूम्रपान जैसे ट्रिगर कारक गंभीरता को बढ़ा देते हैं। वर्तमान में उपलब्ध उपचार बहुत प्रभावी हैं, जिससे रोगी दर्द मुक्त जीवन जी सकता है। लोगों को संतुलित आहार और व्यायाम के साथ स्वस्थ जीवन शैली अपनानी चाहिए। यदि उनमें गठिया के कोई लक्षण हों तो उन्हें डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। मेडिसिन विभाग में कई प्रकार की रुमेटोलॉजिकल बीमारियां शामिल हैं, जैसे रुमेटीइड गठिया, सोरियाटिक गठिया, रिएक्टिव गठिया, एसएलई, सिस्टमिक स्केलेरोसिस, स्जोग्रेन सिंड्रोम, एंकिलॉजिंग स्पॉन्डिलाइटिस, गाउटी गठिया, आदि। रुमेटीइड गठिया और एसएलई के मामलों में महिलाएं अधिक प्रभावित होती हैं जबकि पुरुष प्रभावित होते हैं। एंकिलॉज़िंग स्पॉन्डिलाइटिस में अधिक। एक अन्य प्रकार का गठिया है जिसे ऑस्टियो आर्थराइटिस कहा जाता है जो आमतौर पर जोड़ों के विकृति और उम्र से संबंधित होता है। यह अधिक आयु समूहों में पाया जा सकता है। कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष विश्वास, एमएस डॉ. दिलीप कुमार परिदा, डॉ जगननाथ साहू (एचओडी, पीएमआर) डॉ रश्मीरंजन मोहंती, (अतिरिक्त प्रोफेसर, जनरल मेड) डॉ गुरुदीप दास (असोसिएट प्रोफेसर ऑथोपेडिक्स) डॉ मेडिसिन विभाग के देबानंद साहू और डॉ अनुपमा बेहरा ने गठिया के प्रकार, लक्षण, निदान, उपचार और पुनर्वास के कई पहलुओं के बारे में बात की। इस वर्ष के विश्व गठिया दिवस का विषय 'जीवन के सभी चरणों में रुमेटोलॉजिकल और मस्कुलोस्केलेटल विकार के साथ रहना' था।

लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनीं, समाधान किया

आजाद सिपाही संवाददाता

खोरीमहुआ (गिरिडीह)। भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह गुरुवार को अरगाली के मृतक प्रमोद नारायण देव के घर पहुंचे। वहां उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक के आश्रितों को ढाढ़स बंधाया। फिर वे बरजो स्थित अपने पार्टी कार्यालय पहुंचे, जहां उनके इंतजार में बैठे लोगों की समस्याओं को सुना। डुमरडीहा के मो अफरोज अंसारी, सद्दाम हुसैन, गुलाम मुस्तफा, संतोष साव ने बदडीहा के क्रेसर स्थित खराब ट्रांसफार्मर को बदलवाने की समस्या रखी। जिस पर श्री सिंह ने बिजली विभाग के पदाधिकारियों से बात कर दुर्गापूजा के पहले बदवाने की मांग की। इसके अलावा वृद्धा पेंशन का लाभ से वंचित रहने, समय पर राशन नही मिलने आदि समस्याओं को लोगों ने रखा। सिंह ने उनकी भी समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया है। कहा कि जरूरतमंद सरकार के महात्वकांक्षी योजनाओं का लाभ लें। योजनाओ के लाभ लेने में किसी तरह की कोई परेशानी होती है तो इसकी जानकारी पार्टी के सदस्यों को दें। पार्टी सदस्य आपको मदद करेंगे। मौके पर अजय नारायण देव, उमा नारायण देव, बिनोद नारायण देव, सुबोध नारायण देव,पंकज नारायण देव, अरुण नारायण देव, गौरव नारायण देव, रामानंद नारायण देव, उदय सिंह,, नकुल राय, चिन्तामणी वर्मा,पवन सिंह, मुंशी राम आदि मौजूद थे।

आइएनडीआइए गठबंधन में दरार

कांग्रेस धोखेबाज है, पता होता तो नहीं करते गठबंधन : अखिलेश

आजाद सिपाही संवाददाता

सीतापुर। सपा मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस से खासा नाराज हैं। बृहस्पतिवार को सीतापुर पहुंचे सपा मुखिया ने कांग्रेस पर सीधा हमला बोला। उन्होंने दो टूक कहा कि कांग्रेस अपने चिरकुट नेताओं से सपा के लिए बयानबाजी न करवाएं। अखिलेश ने कांग्रेस को धोखेबाज बताते हुए कहा कि अगर उन्हें पता होता 'आईएनडीआईए' गठबंधन विधानसभा स्तर पर नहीं है तो कांग्रेस से बात ही नहीं करते। शाहजहांपुर जाते समय सपा जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव के आवास पर पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अगर वे (कांग्रेस) कहते हैं, कि विधानसभा स्तर पर गठबंधन नहीं है तो हम स्वीकार करते हैं। शायद हमें ही कन्फ्यूजन रहा होगा। मध्य प्रदेश में सपा की कोई हैसियत नहीं है, यूपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के इस बयान पर पलटवार करते हुए अखिलेश बोले कि उनकी हैसियत क्या है। आईएनडीआईए गठबंधन के बारे में वे कितना जानते हैं, कितनी बैठकों में थे। अखिलेश ने कहा कि कांग्रेस के बड़े नेताओं से अपील हैं कि छोटे नेताओं से इस तरह की बयानबाजी न कराएं। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन की मीटिंग में कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने रात-रात भर वार्ता की। मध्य प्रदेश में कहां, किस सीट पर सपा जीती, कहां नंबर दो पर रही यह आंकड़ा लेकर भरोसा दिया कि 6 सीटों पर विचार करेंगे। फिर सपा को एक भी सीट नहीं दी इसलिए हमने वहां अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी। आईएनडीआईए गठबंधन पर कहा कि अगर यह सिर्फ लोकसभा के लिए है तो इस पर विचार किया जायेगा। कांग्रेस जैसा व्यवहार सपा के साथ करेगी, वैसा ही उनके साथ किया जायेगा। विधायक अनिल वर्मा, एमएलसी जासमीर अंसारी, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता आदि मौजूद थे।

आजम मुस्लिम, इसलिए हो रहा अन्याय

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि आजम खान मुस्लिम हैं, इसलिए उनके साथ अन्याय हो रहा है। सारी चीजों पर गौर करने से यही लगता है। अखिलेश बोले कि सवाल यह है, आजम खान के साथ साजिश कौन कर रहा है। भाजपा या उसके समर्थक। आजम से मिलने के सवाल पर बोले कि यह फैसला उन पर छोड़ दें। आजम उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पारिवारिक सदस्य हैं।

खोरधा रोड मंडल ने किया अंतर मंडल सांस्कृतिक प्रतियोगिता अंतर्गत नाटक

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। खोरधा रोड मंडलने रेलवे कल्याण मंडप, ट्रैफिक कॉलोनी में नाटक के लिए अंतर मंडल सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में विशाखापत्तनम मंडल, संबलपुर मंडल, खोरधा रोड मंडल और मंचेश्वर कारखाना की सांस्कृतिक नाटक टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता मेंखोरधा रोड मंडल ने चैंपियन ट्रॉफी हासिल की। एच.एस.बाजवा, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड और गुरसिमरन कौर, अध्यक्ष, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईसीओआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ), खोरधा रोड नेइस अवसर की शोभा बढ़ाते हुए कल्याण पटनायक, अपर मंडल रेल प्रबंधक (ओपी) और शुभ्रज्योति मंडल, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) की उपस्थिति में संबंधित नाटक टीमों को चैंपियन ट्रॉफी और उपविजेता ट्रॉफी सौंपी। नाटक की इस अंतर मंडल सांस्कृतिक प्रतियोगिता में, विशाखापत्तनम मंडल ने दूसरा स्थान हासिल किया और मंचेश्वर कारखाना तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम के दौरान सभी शाखा अधिकारी, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईसीओआरडब्ल्यूडब्ल्यूओर) सदस्य और कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आर एन ए परिड़ा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, खोरधा रोड ने कार्यक्रम का समन्वय किया। इससे पहले मंडल ने नृत्य, नाटक और संगीत के लिए मंडल सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित की थी, जिसमें खोरधा रोड मंडल के कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

प्रतियोगिता में खोरधा रोड मंडल ने चैंपियन ट्रॉफी जीती

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
(Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust)
GARHWA, JHARKHAND, 822114
Approved By PCI
Session 2023-24
Admission Going On
Limited Seats are vacant
Hurry Up
B.Pharm.
D.Pharm.
NEET Qualified only
BHMS
B.D.S. / M.D.S.
All Seven speciality
AIAPGET Qualified Only
M.D in Homoeopathy
1. Materia medica, 2.Organon of Medicine & Homoeopathic philosophy, 3. Homoeopathic Pharmacy, 4.Homoeopathic Repertory, 5. Practice of Medicine, 6. Pediatric, 7. Psychiatry.
Eligibility
10+2 or equivalent with PCB/PCM & Student must have attained age of 17 Years
Admission also open for B.Ed, D.El.Ed, B.Sc MLT, Paramedical
https://www.vananchaltrust.org/ vewt_garhwa@rediffmail.com
96614 62506 / 62062 97213 / 87895 54090

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M
(ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

bathsense BALAJEE UDYOG
एक बार अवश्य पधारें
Adding value since 2009
Distributors : bathsense, ESSESS, Flowkem, Glocera, m-seal, ASTRAL, Racold
BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 767, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN, KOKAR, RANCHI
Mob. : 9534207055 / 93869-09008 / 0651-3554978 • Email : balajee_udyog@rediffmail.com

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

डॉ. एल डाली
हेल्प क्लिनिक
बिना ऑपरेशन किये केवल दवा द्वारा 100% गारंटी के साथ
हाइड्रोशील, बवासीर, नामर्दानगी शीघ्रपतन, कमजोरी, स्वपन दोष, धात पतला, लिंग छोटा का सफल इलाज
पिस्का मोड़ के निकट, काली मंदिर के पीछे गैलेक्सिया मॉल के सामने, रातु रोड, रांची
समय प्रात : 9 बजे से 1 बजे तक शाम 4 बजे से 7 बजे तक
अपना स्थायी क्लिनिक
8797681250, 9006078331

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

DAS MUSICAL STORE
All Musical Instrument available here
Main Road, Ranchi Ph. : 0651-2201778
Mob. : 9835164815

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand),Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
• Hindi	₹ 140	• Hindi	₹ 140
• English	₹ 140	• English	₹ 140
• Mathematics	₹ 140	• Mathematics	₹ 140
• Science	₹ 140	• Science	₹ 140
• Social Science	₹ 140	• Social Science	₹ 140
• Sanskrit	₹ 120	• Sanskrit	₹ 120
• Hindi – B	₹ 140	• Hindi – B	₹ 80
• Hindi Vyakaran– II	₹ 120	• Hindi Vyakaran– II	₹ 120
• English Grammar– II	₹ 120	• English Grammar– II	₹ 120
• Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	• Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
• Hindi Practical	₹ 55	• Hindi Practical	₹ 55
• English Practical	₹ 55	• English Practical	₹ 55
• Maths. Practical	₹ 65	• Maths. Practical	₹ 55
• Science Practical	₹ 65	• Science Practical	₹ 70
• S. Science Practical	₹ 65	• S. Science Practical	₹ 65
• Sanskrit Practical	₹ 55	• Sanskrit Practical	₹ 55
• Maths. Practical (Combined)	₹ 90	• Maths. Practical (Combined)	₹ 75
• Science Practical (Combined)	₹ 90	• Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
• Mathematics	₹ 200	• Mathematics	₹ 130
• Science	₹ 200	• Science	₹ 200
• Social Science	₹ 200	• Social Science	₹ 130
• Maths. Practical	₹ 80	• Maths. Practical	₹ 80
• Science Practical	₹ 80	• Science Practical	₹ 80
• S. Science Practical	₹ 80	• S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

सभी को मिले रोजगार यही है हमारा प्रयास
झारखंड बिहार में हमारी सर्विस उपलब्ध है। संपर्क करें। अपने बिजनेस को बढ़ाएंया नया बिजनेस लगाएं काफी किफायती दरों पर लगाया जाता है। आसान किस्तों पर उपलब्ध।
PERFECT AQUA
टॉप क्वालिटी वाटर प्लांट सेटअप, शुद्ध पानी के साथ होगा फायदा जबरदस्त
Call now
9431701163, 8340320390
Perfect Service
H.B ROAD KOKAR RANCHI, JHARKHAND

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**